हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • गुरुवार • 19.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 147 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## रूस ने बनाई कैंसर की वैक्सीन : पुतिन सरकार ने कहा- 2025 से नागरिकों को मुफ्त लगेगी

एजेंसी

**मॉस्को :** रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हमने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसकी जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने रेडियो पर दी। रूसी न्यूज के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा।

डायरेक्टर आंद्रेई ने बताया कि रूस ने कैंसर के खिलाफ अपनी mRNA वैक्सीन विकसित कर ली है। रूस की इस खोज को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है।

इससे पहले इस साल की शुरूआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है। mRNA या मैसेंजर-RNA इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। इसे आसान भाषा में ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो mRNA टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है।

इससे हमारे इम्यून सिस्टम को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वो मिल जाता है और हमारे शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे कन्वेंशनल वैक्सीन के मुकाबले ज्यादा जल्दी वैक्सीन बन सकती है। इसके साथ ही इससे शरीर की




इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। mRNA टेक्नोलॉजी पर आधारित यह कैंसर की पहली वैक्सीन है। इससे पहले इस तकनीक के आधार पर कोविड-19 की वैक्सीन बनाई गई हैं। इससे पहले इस तकनीक के आधार पर कोविड-19 की वैक्सीन बनाई गई हैं।

कैंसर होने से पहले नहीं बल्कि बाद में दी जाती है वैक्सीन कैंसर स्पेशलिस्ट एमडी मौरी मार्कमैन का कहना है कि कैंसर की वैक्सीन बनाना बायोलॉजिकल तौर पर असंभव है। कैंसर के लिए कोई टीका नहीं हो सकता क्योंकि कैंसर कोई बीमारी नहीं है। यह शरीर में हजारों अलग-अलग स्थितियों का परिणाम है।

फिर भी वैक्सीन कुछ कैंसरों की रोकथाम में जरूरी रोल निभाती है। ये वैक्सीन कैंसर रोगियों को उपचार के दौरान सुरक्षा देने में जरूरी टूल हैं। क्योंकि कैंसर मरीज को इलाज के दौरान दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर वैक्सीन की खास बात यह है कि यह कभी कैंसर होने से पहले नहीं दी जाती है, बल्कि यह उन लोगों को दी जाती है जिन्हें कैंसर ट्यूमर है। यह वैक्सीन हमारे इम्यून सिस्टम को यह पहचानने में मदद करती है कि कैंसर सेल्स कैसी दिखती है।

कैंसर सेल्स ऐसे मॉलिक्यूल से बनते हैं जो इम्यून सेल्स को दबा देते हैं। अगर कोई वैक्सीन इम्यून सेल्स को एक्टिव कर भी दे तो हो सकता है वो इम्यून सेल्स ट्यूमर के अंदर प्रवेश न कर पाए।

कैंसर सेल्स सामान्य सेल्स की तरह ही होती हैं और इस वजह से इम्यून सिस्टम को यह उतनी खतरनाक नहीं लगतीं। इससे इम्यून सिस्टम के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि किस पर हमला करना है।

अगर कैंसर का एंटीजन सामान्य और असामान्य सेल्स दोनों पर मौजूद होता है तो वैक्सीन दोनों पर हमला करना शुरू कर देती है। इससे शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है।

# 1.36 लाख बकाया का ब्रेकअप देने के बाद भी केंद्र कर रहा अनदेखी : मुख्यमंत्री

### केंद्र सरकार पर हेमन्त सोरेन ने झारखंड के साथ पक्षपात का लगाया आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों के हक में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है। फिर भी केंद्र सरकार के जरिये इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इसे होने नहीं देंगे।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को ट्वीट कर कहा है कि झारखंड भाजपा यदि इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया राशि के दावे को केंद्र सरकार की तरफ से ठुकराए जाने से फिर एक बार राजनीति गरमा गई है। केंद्र सरकार ने




झारखंड सरकार के 1.36 लाख करोड रुपये बकाया वाले दावे को सिरे से नकार दिया है। इसके बाद हेमन्त सरकार एक्शन में आ गई है। कोल कंपनियों के यहां 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाए की वसूली के लिए राज्य सरकार ने लीगल प्रोसेस शुरू करने का आदेश दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव 15 दिनों के अंतराल पर भू-राजस्व सचिव को विधिक कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराएंगे।

**1.36 लाख करोड़ बकाया हवा-हवाई नहीं, झारखंडियों के हक का पैसा है**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा था कि झामुमो हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा था कि अगर झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हमारे हक, हमारे मेहनत का पैसा है। झारखंडी हकों का आपका यह विरोध वाकई दुखद है। आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगा कर हमारे साथ खड़ा होना था। पर आप विरोध में खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि हम अपना हक अवश्य लेंगे, क्यूंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है।

### केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार आरोप लगा रहा है झामुमो : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के जरिये हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगाया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि यदि झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें। झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए कि ये राशि किस मद की है? कब से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए। मरांडी ने कहा है कि महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये, किसानों को प्रति क्विंटल धान के 3,200 रुपये और युवाओं को नौकरी देने के झूठे वादे का भंडाफोड़ हो चुका है। इसलिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर आप अपनी विफलताओं को छिपा सकते। जनता को गुमराह करने की राजनीति से झारखंड का भला नहीं होगा। पूरे तथ्य और प्रमाण के साथ शुचिता की राजनीति करना सीखिए।

## अडानी प्रकरण और मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेसियों ने किया राजभवन मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बुधवार को अडानी एवं उनके सहयोगियों को बचाने और मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित देशव्यापी राज भवन मार्च झारखंड में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राज भवन तक किया गया जहां मार्च सभा में परिवर्तित हो गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस द्वारा लगातार जारी है लेकिन मोदी जी चुप हैं अडानी और उनके सहयोगीयो के जालसाजी का पर्दाफाश हुआ है, रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ है लेकिन आज तक इस मामले पर जनता के सामने केंद्र सरकार ने सफाई देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। जिस तरह से मणिपुर जल रहा है,लगातार हिंसा हो रही है,कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए दोनों मुद्दे पर प्रधानमंत्री मौन है वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। लगता है मोदी जी मणिपुर को भारत का अंग नहीं मानते तभी इस मामले पर पूरी तरह खामोशी की चादर ओढ़े हुए हैं।

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले 1वर्ष में अमित शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षों से जल रहा है हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है, प्रधानमंत्री के मुंह पर ताला है।पूरे विश्व का दौरा प्रधानमंत्री कर रहे हैं लेकिन मणिपुर नजर नहीं आ रहा है। इस लोकतंत्र की यह बड़ी घटना है। अडानी प्रकरण पूरी तरह जनता के सामने है लेकिन अडानी को बचाने के लिए मोदी जी भारत की प्रतिष्ठा को विश्व के सामने धूमिल कर रहे हैं।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि मोदी जी शायद यह भूल गए हैं कि संविधान ने ही यह ताकत प्रदान की है की चाय बेचते बेचते मोदी जी आज प्रधानमंत्री बन पाए। अगर अडानी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है यकीनन कांग्रेस के नेतृत्व में मणिपुर जैसी घटना नहीं होगी। अगर हम संजिदगी के साथ नहीं रहेंगे तो देश में पूंजीपतियों का राज आ जाएगा और ऐसे ही पूंजीपतियों से 200 वर्षों तक लड़कर हमने आजादी हासिल की थी।

### झारखण्ड की दुष्कर्म पीड़िता से गुजरात मिलने पहुंचीं मंत्री



**रांची :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से गुजरात के वड़ोदरा में मुलाकात कर उसका हाल जाना। मंत्री के साथ गई टीम ने ना सिर्फ बच्ची का हाल जाना बल्कि उसे आर्थिक मदद पहुंचाते हुए पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात सरकार से दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ आईजी सुमन गुप्ता, डायरेक्टर सोशल वेलफेयर किरण पांसी बच्ची से मुलाकात करने गुजरात गईं थीं। गुजरात के भरूच स्थित झघड़िया जीआईडीसी क्षेत्र में झारखण्ड निवासी एक नाबालिग बच्ची के साथ गत दिन दुष्कर्म हुआ था। जिसके बाद पीड़ित बच्ची का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और फिर वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में हो रहा है।

**एक नजर**

### बिजली विभाग का जेई घूस लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह :** धनबाद एसीबी की टीम ने बुधवार की शाम गिरिडीह के धनवार में बड़ी कारवाई करते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को एसीबी की टीम ने धनवार में एक बिजली उपभोक्ता से बकाया बिजली बिल माफ करने के नाम पर आठ हजार रुपये का घूस लेने के आरोप में रंगेहाथ दबोचा और धनवार थाना में जरूरी कागजी कार्रवाई करते हुए धनबाद ले गई। एसीबी की कारवाई की भनक इस दौरान धनवार में किसी को नहीं लगी। जानकारी के अनुसार जिले के धनवार में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय पोस्टेड थे और धनवार के बिजली उपभोक्ता से उसके बकाया बिजली बिल माफ करने के नाम पर आठ हजार की मांग किया। इस बीच पीड़ित उपभोक्ता ने मामले की जानकारी धनबाद एसीबी के अधिकारियों को दिया।

## आंबेडकर पर टिप्पणी के लिए अमित शाह को कैबिनेट से बर्खास्त करें प्रधानमंत्री : मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि शाह ने दलित आइकॉन बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। हालांकि भाजपा ने विपक्ष पर अमित शाह की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है।

आज शाम यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी से यह मांग की। इससे पहले उन्होंने 11 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप दिखाई, जिसमें अमित शाह को यह कहते हुए दिखाया गया है, आंबेडकर, आंबेडकर,



आंबेडकर..., इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

इसी वीडियो क्लिप को आधार बनाते हुए खरगे ने अमित शाह पर बाबा साहेब आंबेडकर के बारे में अप्रिय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उनसे देशवासियों से माफी मांगने की मांग की। खरगे ने कहा कि दो दिन संसद में संविधान की 75 साल की स्वर्णिम यात्रा पर बहस हुई। इसका मकसद आजादी के बाद पैदा हुई युवा पीढ़ी को बाबा साहेब आंबेडकर और सरदार बल्लभ भाई पटेल आदि महान शख्सियतों के बारे में अवगत कराना था। सभी दलों के नेताओं ने अपने विचार संसद के दोनों सदनों में रखे। इस दौरान मंगलवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जो बात कही, वह बहुत निंदनीय है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि किसी भी एक दलित नायक, जो इस देश के नागरिकों के लिए पूजनीय है, उनके बारे में व्यंग्य और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। यह मानसिकता मनुस्मृति वाली है। खरगे ने कहा, वो (अमित शाह) बार-बार कहते हैं कि कांग्रेस वालों ने आंबेडकर को बेइज्जत किया। नेहरू और गांधी परिवार को नीचा दिखाने की जो बात वो पहले करते थे, वही कल भी बोल गए। ये सब कुछ टीवी पर लाइव प्रसारण था। प्रधानमंत्री को चाहिए था कि ऐसी बात कहने वाले को बुला कर टोकते। इसके विपरीत अमित शाह के समर्थन में उनका बचाव करते हुए मोदी ने छह ट्वीट किए। जबकि ऐसे व्यक्ति को तो कैबिनेट से निकाल देना चाहिए। दोनों खास दोस्त हैं, एक-दूसरे के पाप के लिए वो आपस में एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

### कांग्रेस ने मेरे बयान को तोड़ा, सपने में भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकता : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए गए उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और कहा कि वह सपने में भी संविधान निमार्ता का अपमान नहीं कर सकते हैं। शाह ने भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कल से कांग्रेस ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास किया है, वह अत्यंत निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शाह ने राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया।

## झारखंड में कल हो सकती है बारिश, 21 से फिर बढ़ेगी कनकनी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में ठंड का कहर दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन अब इससे थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। 18 और 19 दिसंबर को मौसम थोड़ा शुष्क रहेगा। साथ ही ठंडी हवाओं से झारखंडवासियों को राहत मिलेगी। जिससे कंपकंपी ज्यादा नहीं होगी। इसी बीच 20 दिसंबर से झारखंड के मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। 20 दिसंबर को कई जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 और 19 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा। जिससे शीतलहर से लोगों के थोड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत में हिमालय की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के झोंके से राहत मिली है। जिससे न्युतम पारा बढ़ेगा और ठंड से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 20 और 21 दिसंबर को झारखंड में बारिश की संभावना है। झारखंड के दक्षिणी और मध्य इलाकों में हल्के या मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। जिससे इन दिनों तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 21 दिसंबर से फिर से ठंड बढ़ेगी, वहीं कई इलाकों में कोहरे छाए रहेंगे। वहीं 22 दिसंबर को 22 को ओडिशा से सटे कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। जिससे कोल्हान के जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में बारिश होगी।

बीते 24 घंटों में झारखंड में कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक ठंड राजधानी के कांके इलाके में पड़ी। मंगलवार को यहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## एक नजर

### दनुआ घाटी में गहरी खाई में गिरी कार, दो घायल



**चौपारण :** बुधवार को अहले सुबह जीटी रोड की दनुआ घाटी मे वाहन संख्या जेएच 01सीयु 9885 झारखण्ड से बिहार जाने के क्रम मे तीस फिट गहरी खाई मे जा गिरी। जिसमे कार सवार दो लोग घायल हो गए। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची चौपारण पुलिस ने ग्रामीणों की मदद घायलों को बाहर निकाला और एनएचआई एम्बुलेंस से इलाज के चौपारण सामुदायिक अस्पताल भेज दिया गया। घटना मे घायल व्यक्ति सीआरपीएफ का जवान बताया जा रहा है जिसे हल्की चोट आई है। वहीं दुसरे घायल की पहचान सीआरपीएफ जवान के मां के रूप मे हुई है जिन्हें काफी चोट आई है और वे बुरी तरह से घायल है और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

### मोबाइल छीनकर हुआ फरार, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

**बड़कागांव :** बड़कागांव स्थित हजारीबाग रोड के पास संचालित दीपक बेकरी दुकान के समीप रोड किनारे मोबाइल से बात कर रहे महिला के हाथों से एक उचक्के ने मोबाइल छीनकर बाइक से फरार हो गया। यह घटना बुधवार लगभग ढाई बजे की है। पीड़िता रीना पासवान ग्राम महुदी निवासी ने बताया कि हम रोड किनारे मोबाइल से बात कर रहे थे इसी दरमियान काला रंग पल्सर मोटरसाइकिल से एक लड़का आया और मोबाइल छीन कर भाग गया। उचक्के का बाइक से भागते हुए दृश्य सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया । मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है उचक्के को पकड़ने का प्रयास हो रहा है।

### माचा में स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के माचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी एएनएम और सीएचओ का स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली कार्यक्रम के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्टोफर बेसरा,प्रशिक्षक दिलीप कुमार,बीपीएम मनोरंजन सिन्हा, बीएएम सुगदा मुर्मू,सुजय दत्ता एवं विजय महतो सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता राजभवन मार्च में हुए शामिल

**हजारीबाग :** गौतम अडानी और उनके सहयोगियों द्वारा किए गये भ्रष्टाचार तथा मणिपुर में हुई हिंसा एंव व्यापक अराजकता के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अह्वान पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व मे राज्यव्यापी एक दिवसीय राजभवन मार्च में शामिल हुए। राज्यव्यापी एक दिवसीय राजभवन मार्च में आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक एससी सेल के अध्यक्ष केदार पासवान प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, संजय तिवारी, कृष्णा कुशवाहा, रोहन ठाकुर, राजू साव के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।


# मंजीत यादव और उदय साव हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के दो बहुचर्चित हत्याकांड मामले का उद्भेदन किया गया है जिसमें मंजीत यादव हत्या और उदय साव हत्याकांड शामिल है। वही हजारीबाग पुलिस का यह भी कहना है कि अभी भी कुछ आरोपी फरार चल रहे हैं। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जमीन वर्चस्व की लड़ाई में दोनों की हत्या हुई है । हजारीबाग पुलिस ने हजारीबाग का बहुचर्चित मंजीत यादव और उदय साव हत्याकांड मामले की गुत्थी लगभग सुलझा ली है। एसडीपीओ अमित कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि मंजीत यादव हत्याकांड मामले में निरंजन यादव को गिरफ्तार किया गया है. जो हजारीबाग के मंडई खुर्द लोहसिंघना थाना क्षेत्र का रहने वाला है इस मामले में दो अन्य आरोपी हेमंत और राजकुमार फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट की मांग की गई है । मंजीत यादव को आखिर किस शूटर ने गोली मारी है इसकी भी तलाश अभी की जा रही है। इसे लेकर एसआईटी का गठन भी किया गया है। निरंजन की गिरफ्तारी चरही से की गई है। मनजीत हत्याकांड मामले में राहुल पासवान एवं निरंजन यादव के ऊपर रेकी करने का बात प्रकाश में आया है । मंजीत की हत्या 29 नवंबर को अज्ञात अपराधियों ने उसके घर के सामने खिरगांव सिरका में गोली मारकर कर दी थी। इस हत्याकांड के बाद विरोध प्रदर्शन का दौर भी जारी था। उनके परिजन धरना देकर प्रशासन पर सवालिया निशान भी खड़ा कर रहे थे। मंजीत यादव की पत्नी सुनीता देवी के लिखित आवेदन में राजकुमार गुप्ता, गंगा साव,विवेक कुमार सोनी, आनंद वर्मा, रामा स्वामी और हेमंत महतो के ऊपर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया गया था। मंजीत यादव पूर्व रामनवमी समिति अध्यक्ष रह चुका है और उसकी पत्नी सुनीता देवी वार्ड पार्षद है। वहीं हजारीबाग पुलिस ने उदय साव हत्याकांड मामले में संतोष कुमार मेहता और राहुल पासवान को गिरफ्तार किया है। संतोष कुमार मेहता हजारीबाग के ही रहने वाले हैं। वहीं राहुल पासवान चतरा जिला निवासी है। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने एसआईटी का गठन किया था। कांड उद्भेदन के दौरान मंजीत यादव की हत्याकांड में शामिल रेकी करने वाले राहुल पासवान को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं राहुल पासवान पर उदय साव की रेकी करने का आरोप लगा है ' इन दोनों से पूछताछ के दौरान साजिशकर्ता संतोष कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया है। उसके निशानदेही पर 68 पीस साइन किया हुआ चेक बरामद किया गया है। जिसमें कुल एक करोड़ 31 लाख रुपए रुपया रकम भरा हुआ था। चेक में हस्ताक्षर अलग-अलग लोगों का है। राहुल पासवान का मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है जिसका इस्तेमाल उदय साव की हत्या के लिए रेकी में प्रयोग किया गया था इस हत्याकांड में संतोष कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया है बताते चलें संतोष उदय साहू का पार्टनर था। इन हत्याकांड में निरंजन यादव एक ऐसा आरोपी है जिसकी संलिप्त दोनों मामले में है। हजारीबाग पुलिस का कहना है कि कई बिंदुओं पर अभी भी जांच चल रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मामले में जेल में बंद नरेश साव की भी भूमिका बताई जा रही है। वह उदय साव को धमकी भी दे रहा था।

## हार्डवेयर दुकान में एसबेस्टर तोड़कर नकद सहित हजारों की चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम कमलवार में मंगलवार की रात खान इलेक्ट्रिक हार्डवेयर दुकान की छत में लगी अल्बेस्टर तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये कीमत का सामान पार कर दिया। पीड़ित अब्दुल वकील के मुताबिक मंगलवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान के छत की अल्बेस्टर टूटी है साथ ही दुकान के अन्दर रखे 2 सबमर्सिबल पम्प, 2 ग्राइंडर मिक्सर, 4 सेलिंग फैन, 4 गैस चूल्हा सहित मदरसे का लगा चंदा बॉक्स से करीब 5 हजार की राशि सहित 40 हजार का सामान गायब था। पीड़ित अब्दुल वकील ने बताया कि अल्बेस्टर टूटा देख अगल-बगल से पूछने पर पता चला कि रात्रि में करीब 3 बजे कुत्ते की भौंकने की आवाज आ रही थी। कही न कही कुत्ता चोर को ही देखकर भौंक रहे होंगे। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर चोर को पकड़ने का आग्रह किया। बताते चले कुछ दिन पूर्व ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने चोर के गैंग से सचेत रहने का अपने प्रखंड वासियों से आग्रह किया था।

## किसान अन्नदाता हैं, इनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए : विधायक रोशन लाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर्स सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में चंदौल पंचायत स्थित होरम गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया। किसानों ने विधायक को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि किसान देश की अन्नदाता है इनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है । किसानो की सिंचाई की सुविधा के लिए हम भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर सदन में बात रखेंगे उसका समाधान करेंगे । सभी पंचायत में सर्वे कर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। हर कुआं में बिजली और जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। ताकि किसानों को खेती करने में किसी भी तरह की समस्या ना हो । मौके पर प्रगतिशील किसान प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से किसानों को 50% अनुदानित दर पर बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाता है ,लेकिन हम सरकार से मांग कर रहे हैं, कि जिस तरह से आदिवासियों को 100% अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जाता है। उसी तरह से प्रत्येक किसानों को 90% सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए। ताकि किसानों को खेती करने में कोई समस्या ना हो। कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने कहा कि इतना देरी से सरकार धान की खरीदारी कर रही है की किसान नवंबर माह में लगभग 75% धान बिचौलिए के हाथों में बेच चुके हैं ।

## पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम में डीएमओ के खिलाफ आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर ने मुख्यमंत्री के पहल पर बुधवार को पोखरिया स्थित नगर के टाउन हॉल में आयोजित पुलिस की जन शिकायत समाधान कायर्क्रम में उपस्थित क्रान्ति कुमार गड़िदेशी पुलिस महानिरीक्षक दुमका को आवेदन देकर कृष्ण कुमार किस्कू जिला खनन पदाधिकारी साहिबगंज द्वारा जिरवाबाड़ी थाना में दर्ज कराएं गए कांड संख्या-104/24 का निष्पक्ष जाँच करवा कर दोष मुक्त करने व बीते मंगलवार को खनन पदाधिकारी किस्कू द्वारा खनन कार्यालय में जान से मार-मरवा देने की दी गई धमकी पर प्राथमिकी दर्ज करवाने का लिखित आवेदन दिया। समाधान केंद्र में अरशद के शिकायत को पंजीकृत करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को जाँच कर कार्रवाई करने को कहा। अरशद ने लिखित आवेदन में आरोप लगाया कि मंगलवार को उनके साथ खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने बहुत ही बुरा बर्ताव किया जब उनके द्वारा ये कहने पर की वे इसकी शिकायत सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व इनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व पुलिस-प्रशासन से करेंगे तो वे बोले की मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मुख्यमंत्री मेरे स्वजातीय है व मैं सबको अपने अवैध कमाई के बल पर मैनेज कर रखा है। आइंदा कार्यालय के आसपास भी दिखाई दिए तो बहुत बुरा अंजाम होगा। अरशद ने खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू पर कभी भी अपनी हत्या कर-करवा देने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से सपरिवार सुरक्षा का गुहार लगाते हुए किस्कू के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई की मांग की है।

## अल्पसंख्यक दिवस पर जिला कल्याण कार्यालय ने सेमिनार का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर आज 18 दिसंबर को जिला कल्याण कार्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि ओबीसी, एसटी/एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कल्याण विभाग में कई योजनाएं चलाई जाती हैं जो विशेष कर इन समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए सहायक होती है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया तथा योजना का लाभ लेने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं को उन तक अवगत कराने को भी कहा। आपको बता दें हर वर्ष 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# झारखंड के 23 जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश और डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड के 23 जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के 11:00 बजे से फरियादी कार्यक्रम स्थल हजारीबाग के नया समाहरणालय परिसर पहुंचते हुए देखे गए। हजारीबाग में भी कई फरियादी कार्यक्रम स्थल पर आवेदन लेकर पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक ए विजयलक्ष्मी के उपस्थिति में जिले भर के वरीय पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए जहां फरियादी अपनी समस्या लेकर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें आवेदन दिया। इस दौरान सभी के आवेदन सूचीबद्ध भी किये गए ताकि निर्धारित समय पर समस्या का समाधान किया जा सके। वहीं कई मामलों का ऑन स्पॉट समाधान भी किया गया। इस कार्यक्रम की सब खूबसूरती उसे वक्त देखी जब पति-पत्नी की समस्या का समाधान ऑन स्पॉट कर दिया गया। पदाधिकारी ने पति-पत्नी दोनों से अलग-अलग वार्ता किया। फिर दोनों को एक साथ बैठा कर काउंसिलिंग की गई। पति पत्नी अपनी समस्या का समाधान कर एक साथ रहने को राजी हो गए।

वही एक दिव्यांग फरियादी को उनके परिजनों ने ऑटो से लेकर शिविर में पहुंच गए। पदाधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया। मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ था। ऐसे में फाइल संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित किया जाएगा। परिजनों का कहना है कि दिव्यांग होने के कारण आसपास के लोग इनकी जमीन अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। कई बार पदाधिकारी को आवेदन भी दिया गया लेकिन किसी ने भी संज्ञान नहीं लिया। जन शिकायत समस्या समाधान के बारे में जानकारी मिली थी इस कारण आवेदन लेकर पहुंचा हू। परिजन का कहना है कि वह दृष्टिहीन है इस कारण आसपास के दबंग लोग फायदा उठा रहे हैं। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा दूसरी बार जन शिकायत समस्या समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 174 मामले आए हैं जिसमें 27 का त्वरित निष्पादन किया गया है शेष 147को सूचीबद्ध करते हुए अग्रेत्तर कारवाई के लिए संबंधित थाना को भेजा गया है पिछले बार भी हजारीबाग में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला था।

## संक्षिप्त खबरें

### उरीमारी बिरसा परियोजना के नए पीओ सुबोध कुमार का राजू यादव ने किया स्वागत



**बड़कागांव :** उरीमारी बिरसा परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन एंव विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में यूनियन एवं विस्थापित संघर्ष मोर्चा की पूरी टीम के साथ बिरसा परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार को बुके एंव गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दरमियान नए परियोजना पदाधिकारी ने क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के पूरे टीम से मिलकर परियोजना क्षेत्र के विकास को लेकर विशेष चर्चा किया। स्वागत कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से सीताराम किस्कू, डॉक्टर जी आर भगत, महादेव बेसरा, लालू महतो, कंचन मांझी, विश्वनाथ मांझी, दीपक कुमार यादव, सुखदेव सोरेन, शिवकुमार,धर्मदेव करमाली, गिरधारी प्रजापति , शिगू कुमार , सतीश कुमार, चंदू जायसवाल एंव संजय कुमार यादव शामिल थे।

### महिला ने नौकरी लगाने को लेकर शिक्षक पर पांच लाख रुपये लेने का लगाया अरोप



**साहिबगंज :** बुधवार को जन शिकायत शिविर का आयोजन टाउन हॉल साहिबगंज में किया गया। वहीं पीड़िता शिकायतकर्ता प्रीति कुमारी, पति अनिल कुमार, कॉलेज रोड साहिबगंज, थाना साहिबगंज जिला साहिबगंज, की रहने वाली ने बताया कि सरकारी शिक्षक संजीव कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायबन्ना में जो कार्यरत है,जिनका घर चैती दुर्गा कलाकुंज के पीछे कमल टोला में है इसके यहां से 2 से 3 साल से पीड़िता प्रीति कुमारी दूध लिया करती थी दूध लेने के क्रम में शिक्षक से अधिक परिचय हो गया, शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि मेरे विद्यालय में रसोईया का पद खाली है, उसमें आपको बहाल कर दूंगा और पीड़िता को उसमें बहाल करने का आश्वासन दिया और बोला कि पांच लाख रुपए लगेगा पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना इंटर पास का प्रमाण पत्र एवं पांच लाख रुपए एवं कुछ चेक के साथ 2022 में दिया था। एक साल के बीत जाने के बाद जब शिक्षक संजीव कुमार ने नौकरी नहीं लगाया तो पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना दिया हुआ पैसा मांगने के लिए उसके घर गई। घर पर जाने के बाद शिक्षक एवं उनके परिवार वाले पीड़िता के साथ गाली गलौज करते थे और पीड़िता को दो बार चेक भी दिया जो बाउंस कर गया। जब पीड़िता ने शिक्षक संजीव कुमार के स्कूल पैसा मांगने के लिए गई तब उन्होंने पीड़िता के चेहरे पर कॉकरोच मरने वाला स्प्रे मार दिया और वहां भी गाली गलौज करने लगा जिससे पीड़िता निराश होकर घर वापस लौट गई। आज जन शिकायत शिविर में पांच लाख रुपए फ्रॉड करने को लेकर केस दर्ज किया है, वहीं जन शिकायत शिविर में प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द शिक्षक संजीव कुमार पर कार्यवाही किया जाएगा।

### कृत्रिम गर्भधारण वैक्सीनेटर को लेकर पशुपालन पदाधिकारी ने की बैठक



**बरहरवा :** बुधवार को बरहरवा प्रखंड स्थित पशु चिकित्सालय में 20 दिसंबर से पशु गणना का काम प्रारंभ होने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बरहरवा तथा कोटालपोखर एवं श्रीकुण्ड क्षेत्र के कृत्रिम गर्भधारण को बढ़ावा देने वाले कार्यकर्ता तथा वैक्सीनेटर गण उपस्थित थे। जानकारी देते हुए बरहरवा पशु चिकित्सालय के डॉक्टर एहतेशमूल हक ने बताया कि पशुपालन के प्रति किसानों को जागरूक करने, मावेशियों से किसानों को मिलने वाली फायदे, पशुओं को विभिन्न रोग से संबंधित वैक्सीन लगवाने एवं 20 दिसंबर से मार्च 2025 तक चलने वाले पशु गणना कार्य में तेजी लाने को लेकर आज की बैठक उपस्थित सभी वैक्सीनेटर तथा कृत्रिम गर्भधारण कराने वाले कार्यकताओं को जानकारियां दी गई। ताकि आने वाले समय में सुचारू रूप से कार्य किया जा सके। इस बैठक में टेक्नीशियन अनिल कुमार सिन्हा, अजय कुमार पासवान, संदीप कुमार शाह, पंचू यादव, शमशेर अंसारी, शमशेर महतो, मंसूज रामानी, देवाशीष राय, तथा दिनेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

### सहराज घुटू बहियार में मिले युवक के शव की हुई पहचान, भाई ने हत्या का लगाया आरोप



**साहिबगंज/बरहेट :** मंगलवार के अपराह्न थाना पुलिस ने भागबांध सहराज घुटू बहियार से 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया था, जिसकी पहचान बरहेट थाना क्षेत्र के हड़वाडीह गांव निवासी रमजान अंसारी के रूप में की गई। बता दें कि भगाबांध ग्राम प्रधान के सूचना पर बरहेट थाना पुलिस ने गांव के सहराज घुटू बहियार से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया था जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया था और पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। इधर बुधवार को खोजी कुत्ता के माध्यम से पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल की गई। आगे पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर छानबीन के दौरान मृतक युवक की पहचान क्षेत्र के हड़वाडीह गांव निवासी 25 वर्षीय रमजान अंसारी के रूप में की गई। मृतक रमजान अंसारी का बड़ा भाई नासिर अंसारी ने मामले को हत्या बताया है यह भी बताया है कि मृतक का किसी से कोई दुश्मनी नहीं था हत्या किसने की है इस संबंध में भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। परिजन अभी शव को लेने साहिबगंज गई है जिसके कारण जानकारी के अनुसार अभी तक बरहेट थाना में किसी प्रकार का लिखित शिकायत नहीं दिया है।

## एक नजर

### नवप्रोन्नत एएसआई को इच्छुक जिले में पोस्टिंग के लिए क्यूआर कोड से करना होगा आवेदन

रांची : नवप्रोन्नत एएसआई को अपने इच्छुक जिले में पोस्टिंग के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन देना होगा। डीजीपी ऑफिस से जारी आदेश के मुताबिक, बीते महीने आरक्षी से एएसआई में प्रोन्नति प्रदान किया गया है, लेकिन जिनका प्रोन्नति के बाद स्थानान्तरण या पदस्थापन अभी तक नहीं हुआ है, वे अपने इच्छुक जिला और इकाई में ट्रांसफर के लिए क्यूआर कोड लिंक के माध्यम से स्वेच्छा अभ्यावेदन उपलब्ध करायेंगे। लगातार डॉट इन के मिली है, जारी आदेश में कहा गया है कि तीन दिनों के अंदर ये आवेदन पुलिस मुख्यालय, झारखंड को उपलब्ध कराया जाये।

### होमगार्ड में 26 कर्मियों को मिली प्रोन्नति

रांची : झारखंड होमगार्ड में 26 कर्मियों को प्रोन्नति मिली है। साथ ही आठ कर्मियों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू है। गौरतलब है कि इससे पहले होमगार्ड कमांडेंट के पद पर काम करने वाले अफसरों को भी प्रोन्नति देने के मामले को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। बता दें कि झारखंड लोक सेवा आयोग से बहाल राज्य पुलिस सेवा के अफसर प्रोन्नति मिलती है और वे आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति पा चुके हैं। जबकि होमगार्ड में जेपीएससी के माध्यम से बहाल झारखंड गृह रक्षा वाहिनी सेवा के कमांडेंट पुराने पदों पर ही बने हुए हैं। राज्य पुलिस सेवा में उनके समक्ष कई अफसर आईपीएस संवर्ग पा चुके हैं। उन्हें आईजी तक प्रोन्नति भी मिल जाती है। लेकिन होमगार्ड के कमांडेंट पद पर बहाल होनेवाले अफसरों को प्रोन्नति नहीं मिलने पर वे इसी पद पर रिटायर हो जाते हैं।

### एदार-ए-शरिया का प्रतिनिधिमंडल कल्याण मंत्री से मिला, ज्ञापन सौंपा

रांची : एदारा शरीया झारखंड का प्रतिनिधिमंडल ने नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मिल कर बधाई दी। साथ ही उन्होंने अल्पसंख्यकों के ज्वलंत समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उर्दू एकेडमी गठन, 15 सूत्री क्रियान्वयन समिति गठन, मदरसा बोर्ड गठन, राज्य हज कमेटी गठन, राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एमएसडीपी स्कीम से लाभान्वित करने, झारखंड में वैसे तमाम उर्दू स्कूल जिन्हें हिन्दी स्कूल में बदल गया, उन्हें निरस्त करते हुए पूर्व की भांति उसका स्टेटस बहाल करते हुए उर्दू स्कूल बहाल करें, झारखंड स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी के नाम पर मोजाहिदे आजादी शेख भिखारी अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी का झारखंड में गठन आदि मांगें शामिल हैं। मंत्री ने इसके समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अकीलुर्रहमान, मो. इस्लाम, कारी अय्यूब, शहर काजी मौलाना मसूद फरीदी, मौलाना गुलाम हैदर अली शामिल थे।

### नक्सली रंथू उरांव को एनआईए ने लिया रिमांड पर

रांची : लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया गांव में 22 नवंबर, 2019 की रात नक्सली हमले में चंदवा थाने में तैनात दारोगा सुकरा उरांव सहित चार पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतारने वाली नक्सली घटना में शामिल गुमला निवासी रंथू उरांव से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम चार दिनों तक पूछताछ करेगी। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने रंथू उरांव को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। पूछताछ 18 से 21 दिसंबर तक की जाएगी।

## राज्यपाल ने एनआईएमटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

# फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : संतोष कुमार गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआईएमटी) के डिपार्मेंट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज और द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया), झारखंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
एनआईएमटी के सम्मेलन का विषय एडवांस इन फाउंड्री एंड फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी था। सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति और सतत विकास में योगदान देना है। राज्यपाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन तकनीकों का उपयोग निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। राज्यपाल ने एनआईएमटी की समृद्ध परंपरा और तकनीकी अनुसंधान में उसके योगदान की भी सराहना की। साथ ही उन्होंने औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।
राज्यपाल ने कहा कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण-संवेदनशील नवाचार सतत विकास के लिए नये अवसर प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। राज्यपाल ने एनआईएमटी से हटिया और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वच्छता और कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। साथ ही आशा प्रकट की कि यह सम्मेलन तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच बनेगा और भावी इंजीनियरों एवं वैज्ञानिकों को प्रेरित करेगा। उन्होंने एनआईएमटी और आयोजन समिति के प्रयासों की भी सराहना की। सम्मेलन में एनआईएमटी के कुलाधिपति डॉ. अरुण कुमार झा, पूर्व अध्यक्ष श्याम अर्जुनवाडकर, राजनीतिक विशेषज्ञ डॉ. एस दत्ता, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति डॉ. डीके सिंह, एनआईएमटी के निदेशक प्रो. पीपी चट्टोपाध्याय और द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, झारखंड के अध्यक्ष इंजीनियर महेश कुमार गुप्ता सहित कई शिक्षाविद, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट में लगा ब्लड डोनेशन कैंप, वकीलों ने किया रक्तदान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस समेत हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने ब्लड डोनेशन कैंप की शुरूआत की। रक्तदान शिविर के उद्घाटन के मौके पर हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत हाई कोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। इस मौके पर एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार, अन्य अधिवक्ताओं, हाई कोर्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कैंप में इकट्ठा किये जाने वाले ब्लड थेलेसिमिया से पीड़ित मरीजों को दिया जायेगा। ब्लड डोनेशन कैंप के उद्घाटन के मौके पर झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसीलिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। अपने शरीर से जीवित रहते किया गया दान काफी महत्वपूर्ण होता है।

## मादक पदार्थ सैंपलिंग चूक मामले में हाई कोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी और एटीएस एसपी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, जिससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपितों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपियों की सजा की दर कम होने के मामले में बुधवार को राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्ट अदालत के समक्ष उपस्थित हुए।
सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाएं ताकि पुलिस की ओर से जब्त किये गये मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो। इसके साथ मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले। डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अदालत के दिये गये निदेशों का पालन किया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था लेकिन जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपितों को जमानत मिल गयी थी। इसे हाई कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

## सदर अस्पताल के पास छात्रा के साथ छेड़खानी पुलिस ने आरोपी पर रखा 5000 का इनाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में अभी स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि शहर में एक बार फिर से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किये जाने लगे हैं। दरअसल सदर अस्पताल के पास एक प्रतिष्ठित कॉलेज की बीकॉम की एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामना आया है। पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने उस पर 5000 रुपये का इनाम भी रखा है।

### छात्रा के पिता ने की शिकायत

मिली जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को छात्रा अपने कॉलेज से निकल कर सर्जना चौक की ओर जा रही थी। इसी दौरान सदर अस्पताल के पास एक मनचले ने छात्रा के साथ छेड़खानी की। छात्रा के शोर मचाने के बाद वह उसके साथ गाली-गलौज और बदतमीजी करने लगा। लोगों के जमा होने पर वो वहां से भाग निकला। छात्रा के पिता ने घटना के संबंध में लोअर बाजार में शिकायत दर्ज कराई है।

### पुलिस ने गठित की टीम

घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाने में जुट गई। सीसीटीवी की फुटेज में घटना दिखाई दे रही है जिसमें युवक छात्रा के साथ छेड़खानी करता हुआ दिख रहा है। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन शुरू की। हालांकि फुटेज में आरोपी का चेहरा धुंधला नजर आ रहा है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सिटी एसपी के नेतृत्व में आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की है। पुलिस ने वहां मौजूद दुकानदारों से भी पूछताछ की। वहीं पुलिस ने अब आरोपी की पहचान बताने या उसका सुराग देने वाले 5000 इनाम की घोषणा कर दी है।

## अडानी के कहने पर नहीं, बाबा साहब के संविधान से चलेगा देश : इरफान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : कांग्रेस ने बुधवार को अमित शाह के बयान सहित अन्य मुद्दों को लेकर शहीद चौक से लेकर राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि अमित शाह जी ने संसद में जिस तरह का बयान दिया है, वह निंदनीय है। मंत्री ने कहा कि आज आप अडानी के कहने पर कानून बदलने की बात करते हैं। लगातार को मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह देश राहुल गांधी के बताये मार्ग पर चलेगा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुसार चलेगा। मोदी जी हम आपको बता दें कि अगर संविधान नहीं होता तो आज यहां इरफान अंसारी मंत्री नहीं होता। आप संविधान को बदलने की बात करते हैं। लेकिन कांग्रेस ऐसा हरगिज होने नहीं देगी। बता दें कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये बयान, अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी पर लगाये गये आरोपों और मणिपुर में हो रही हिंसा पर पीएम मोदी की चुप्पी के विरोध में आज मार्च निकाला। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने अपने विचार रखें।

# वन नेशन, वन इलेक्शन के जरिये स्थानीय नेतृत्व और मुद्दे को गौण करना चाहती है भाजपा : धीरज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वन नेशन, वन इलेक्शन लाकर भारतीय जनता पार्टी स्थानीय नेतृत्व एवं मुद्दे को गौण करना चाहती है। अलग-अलग समय पर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव, नगर निगम एवं पंचायती चुनाव होने से सभी पार्टियों को लगातार 5 वर्ष तक सजग होकर जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए काम करना पड़ता है। अन्यथा इन छोटे चुनाव में जनता को दूसरी पार्टी अथवा अलग जनप्रतिनिधि को चुनने का मौका मिल जाता है। सारे चुनाव एक साथ हो जाने से अलग-अलग पदों के लिए जनप्रतिनिधि चुनने में जनता को झंझावात महसूस होगा। छोटे स्तर के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भी इस हाईटेक प्रचार-प्रसार के जमाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जेएमएम नेता ने कहा, यहां तक कि जनप्रतिनिधि भी चुनाव जीतने के लिए काम की बजाय अपने दल के भरोसे सीमित हो जाएंगे। जिस पार्टी का नेतृत्व और चुनाव कैंपेनिंग बेहतर होगा उसके अक्षम प्रत्याशी की लौटरी लग जाएगी। एक साथ चुनाव होने से बड़े मुद्दे हावी रहेंगे जबकि पंचायत स्तर के छोटे मुद्दे या तो दब जाएंगे या पूरी तरह से गौण हो जाएंगे। वर्तमान में कई राज्यों में आम चुनाव में राज्यवासी किसी अन्य दल को बहुमत देते हैं तथा विधानसभा चुनाव में किसी दूसरे दल को बहुमत देकर सरकार बनाने का जनादेश देते हैं। एक साथ चुनाव होने में जनता का यह निर्णय भी प्रभावित होगा। मतदाता सूची भी 5 वर्ष में एक बार प्रकाशित होगी जिसकी खामियों को सुधारने के लिए जनता को अगले चुनाव तक इंतजार करना पड़ेगा। चुनाव के ठीक बाद 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को भी अगले 5 साल तक मतदान करने के लिए चुनाव का इंतजार करना पड़ेगा, अन्यथा अलग-अलग समय पर चुनाव होने से उन्हें मतदान करने के लिए मौका प्राप्त हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानव अधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष बने वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला




रांची : झारखंड हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला को बुधवार को वर्ष 2024-26 के लिए मानव अधिकार मिशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही दीपक कुमार को प्रदेश महासचिव, मनोज कुमार, सोहनी राय, डॉ एके सिन्हा एवं सुरेश गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के कुल 28 पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया है। मानव अधिकार मिशन संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) से एफिलिएटेड है। साथ ही नीति आयोग के अंतर्गत निबंधित है। इस संस्था के मुख्य संरक्षक देश के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति बालाकृष्णन हैं। संरक्षक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा और केंद्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा डॉ ममता शर्मा हैं। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेंद्र शर्मा हैं। उल्लेखनीय है कि यह संस्था देश के सभी प्रांतों और झारखंड प्रदेश के कई जिलों में कार्यरत है।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा करानेवाली एजेंसी की याचिका एचसी ने की खारिज

रांची : हाई कोर्ट ने 28 जनवरी को जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने एजेंसी की याचिका खारिज करते हुए जेएसएससी द्वारा इसे ब्लैकलिस्ट करने के फैसले को सही ठहराया है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद आयोग ने सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर पूछा था कि क्यों न कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए। इस पर एजेंसी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नोटिस को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने जेएसएससी के फैसले को सही मानते हुए एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ एजेंसी ने फिर से अदालत का रुख किया। लेकिन अदालत ने इस बार भी सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा। जेएसएससी की ओर से मामले में अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने अदालत में दलीलें पेश की। हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद एजेंसी की याचिका को खारिज कर दिया।

### मंत्री योगेंद्र महतो ने की उत्पाद विभाग की समीक्षा



रांची : उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र महतो ने बुधवार को उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक। इस बैठक में सभी उत्पाद आयुक्त शामिल हुए। बैठक के बाद सूत्रों ने लगातार न्यूज को बताया कि मंत्री ने अधिकारियों से राजस्व लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करें। बैठक में मंत्री योगेंद्र महतो ने अधिकारियों से कहा है कि वह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी हाल में खरीददरों से ज्यादा राशि की वसूली ना हो। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ऐसे मामले सामने आये हैं, जिनमें शराब विक्रेता दुकानदारों द्वारा प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूला गया है। लगातार न्यूज ने भी कई बार इससे संबंधित खबरें प्रकाशित की थी। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया है कि किसी भी परिस्थिति में राज्य में नकली शराब की बिक्री ना हो। इससे ना सिर्फ राजस्व की क्षति होती है, बल्कि लोगों की जिंदगी भी खतरे में पड़ती है।

### लहू बोलेगा संगठन को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने किया सम्मानित



रांची : विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग और झारखंड राज्य सुन्नी वक़्फ बोर्ड ने संयुक्त रूप से चर्चा और सम्मान समारोह,हज हॉउस, रांची में आयोजित किया था जिसके कार्यक्रम संयोजक सह अध्यक्ष जनाब हिदायतुल्लाह खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग और झारखंड राज्य सुन्नी वक़्फ बोर्ड के द्वारा पहली बार इस तरह का कार्यक्रम संयुक्त रूप से हुआ,जिसके झारखंड सरकार के तीन मंत्री उपस्थित थे जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री हफिजूल हसन( अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री), मंत्री स्वास्थ्य इरफान अंसारी, मंत्री नगर विकास सुदीप कुमार सोनू, राज्य सभा सांसद सह अध्यक्ष सुन्नी वक़्फ बोर्ड,अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग हिदायतुल्लाह खान के हाथों स्वैच्छिक रक्तदान संगठन ₹लहू बोलेगा₹ के संस्थापक नदीम खान को प्रशंसा पत्र एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। हम रक्तदान संगठन लहू बोलेगा आभारी है झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं सुन्नी वक़्फ बोर्ड के साथ ही विशेष आभारी चैयरमैन जनाब हिदायतुल्लाह खान साहब के है। इस कार्यक्रम में लहू बोलेगा के इंजीनियर शाहनवाज अब्बास,आसिफ अहमद,डॉ दानिश रहमानी,साजिद उमर,कारी असजद, मो बब्बर, अकरम रशीद,एलिग शारिक अहमद, मुर्शिद आलम,जावेद खान उपस्थित थे।

### बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : विजय शंकर नायक

रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा सदन में बाबा साहब अम्बेडकर के ऊपर अशोभनीय बाते बोलने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शुरू से ही अम्बेडकर एवं दलित, पिछड़ा आदिवासी विरोधी रहीं है जो आज प्रत्यक्ष रूप से सदन में देखने को मिला। नायक ने आगे कहा कि कल गृहमंत्री द्वारा राज्यसभा में संविधान सभा पर चर्चा के दौरान खुलेआम संविधान निमार्ता बाबा साहब आंबेडकर का सदन में अपमान करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का नाम रटने से अच्छा भगवान का नाम जपने का काम करें यह विचार करोडों अम्बेडकर वादियों एवं बाबा साहब को मानने वालो के मुँह में तमाचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब चाहिए की वे गृह मंत्री से अविलंब इस्तीफा ले लेना चाहिए। भाजपा के लोगो का बाबा साहब के प्रति अब खुला नफरती विचारधारा का धीरे धिरे उजागर हो रहा है जो बहुजन समाज के लिए शुभ संकेत नही है।

### छेड़खानी की घटनाओं पर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने जताई चिंता

रांची : झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने राजधानी रांची में छात्राओं के साथ हो रही छेड़खानी की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है और राज्य सरकार से विधि व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और स्कूल कॉलेज के समय पुलिस गस्ति की व्यवस्था की जाए ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित रह सकें। अजय राय ने कहा कि वर्तमान में छेड़खानी और हत्याओं का दौर जारी है, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है।

## एक नजर

### फिट इंडिया कार्यक्रम के समापन समारोह में हुआ पुरस्कार वितरण

**धनबाद** : आर. एस. पी. कॉलेज, झरिया मे फिट इंडिया कार्यक्रम का समापन हुआ. ज्ञात हो कि दो दिन से चल रहे इस कार्यक्रम के आखरी दिन स्किपिंग, पुश-अप एवं प्लेक पर प्रतियोगिता एवं ध्यानयोग पर अभ्यास किया गया। कार्यक्रम मे बीनोद बिहारी महतो कोयलंचल विश्वविद्यालय, धनबाद के पांचवे एथलीट मिट के सभी प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाडियों को पुरुस्कृत किया गया।

### बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि मनाई गयी

**बोकारो** : चास प्रखण्ड के बिनोद बिहारी महतो चौक बिजुलिया में बुधवार को झारखंड के पुरोधा जेएमएम के अध्यक्ष स्व ० बिनोद बिहारी महतो की पुन्यतिथि विभिन्न समाजिक संगठन व राजनीत दलो ने मनाई। लोगों बिनोद बाबु के मुर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वक्ताओं ने कहा कि अलग राज्य तो मिला लेकिन बिनोद बाबु जो सपना था वह आज भी अधुरा है। यह वीडियो बना ही है कि आज अपना हक और अधिकार मांगने पर झारखंडियों को प्रताड़ित व विद्यार्थियों को लाठी चार्ज किया जा रहा हैजो विलकुल गलत है। यह कहां का नियम है, हक अधिकार व न्याय मांगने पर युवाओं पर लाठीचार्ज व गिरफ्तार किया गया है। इस अवसर पर चंदनकियारी प्रखण्ड जेएलकेएम अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव रसराज महतो, रविंद्र महतो, तुलसी महतो, मनोज महतो, मिथिलेश कुमार, राजेंद्र नाथ महतो, एनुल अंसारी, मंटू महतो, मिथुन महतो, उत्तम महतो राहुल महतो मनोज महतो काशीनाथ महतो झामुमो के डा० बिकास रजक, रुप चांद महतो, रामविलास, शंकर महतो, बिकास सिंह, रणजीत महथा,राजेन्द्र महतो, मंटुचरण महतो, भोलानाथ महतो, बिकास चौबे, रामनंदन किस्कु,मुरारी राजनाथ, मनोहर दास, रविशवर महतो, हरेन नाथ महतो, भाजपा व आजसु के मंडल अध्यक्ष बबलू चौबे, आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष मिथलेश महतो, लखिनदर महतो, दुर्गा चरण महतो, जगन्नाथ महतो, रोहित रजक, दिनेश कुमार, सुरेश चंद्र, रजनीकांत महतो, सुखदेव, सुशील, राजकिशोर मेहता आदि उपस्थित थे।

### मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने किया जल सत्याग्रह

**बोकारो** : मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने आज नियोजन की मांग को लेकर सेक्टर 3 के टू टेन गार्डन के तालाब मे जल सत्याग्रह किया। मिडिया से बातचीत करते हुए संघ के नेता शकील अहमद ने कहा की बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा आज तक नौकरी नहीं दिया। जबकि हमारे पिता, दादा इसी बीएसएल मे नौकरी कर रहे थे, जिनकी नौकरी के दौरान मौत हो गयी, उनके हम लोग आश्रित है। उन्होंने कहा की हम लोगों का नौकरी का उम्र सीमा भी समाप्त हो गई है। आज तक हमसबो को आश्वासन मिलता रहा। हद तो प्रबंधन ने तब कर दिया जब हमारे घर की लाइट, बिजली, पानी भी काट दी गई। उन्होंने समस्त बोकारो वासियो से इस आंदोलन का समर्थन करने का अनुरोध किया है।

### तिरंगा मोड़ पर बिनोद बाबू की पुण्यतिथि मनाई गयी

**बोकारो** : साबडा.पंचायत के तिरंगा मोड़ आसनबनी में झारखंड राज्य के जन्म दाता बिनोद बिहारी महतो का 33 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। लोगो ने बिनोद बाबु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। चंदनकियारी के समाजसेवी व पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ राजवार ने कहा स्व बिनोद बाबु शोषित पीड़ित के बुलंद आवाज थे। उनका नारा था पढो.ओर लड़ो। उनका सपन आज भी अधुरा है।मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजीव राजवार, नरेश राजवार, बी कुमार, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सभी प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन न करने की दिलाई गयी शपथ

- शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर शुरू हुआ अभियान
- शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा जुर्माना
- बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा 1 लाख का जुर्माना और 7 साल की जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के लिए आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी के तकनीकी सहयोग से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला+2 स्कूल के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रही है। इसलिए तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी झारखण्ड द्वारा तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निदेर्शो के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने ।। सीडस के कार्यक्रम समन्वयक श्री रिम्पल झा ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि तम्बाकू उत्पाद से बच्चे, अवस्क एवं युवा वर्ग को बचाये जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से संबंधित जो आंकड़ें संकलित किये गये हैं वह दशार्ता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्र किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं। वहीं झारखण्ड मे यह 5.1 प्रतिशत है। जो चिन्ता का विषय है। श्री झा ने कहा कि तम्बाकू सेवन से हर साल देश में लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। तम्बाकू सेवन से खास तौर पर बच्चों, अवयस्कों एवं युवा वर्ग को बचाये जाने की आवश्यकता है।

## बिनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि पर विधायक ने माल्यार्पण कर किया नमन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो हवाई अड्डा के समीप झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर पुण्यतिथि के अवसर पर माल्यार्पण कर नमन किया। सिंह ने कहा कि मैं सौभाग्य शाली हू कि मेरे श्वसुर समरेश सिंह और बिनोद बिहारी महतो ने हमेशा झारखंडी अस्मिता की लड़ाई लड़ी। अपने जीवनकाल में बिनोद बिहारी महतो ने कई महत्वपूर्ण काम किए। जिससे आज उन्हें एक सफल कलमकार, रणनीतिकार,अधिवक्ता के तौर पर याद किया जाता है। उन्होंने एक समाज सुधारक के रुप में भी अपनी महती भूमिका निभाई। उनके बारे में कहा जाता है कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिये वह दोषियों को सजा देने से भी पीछे नहीं हटते थे। पूरे झारखंड की दशा को बदलने में उनका योगदान रहा है। झारखंड आंदोलन को जो पहले आदिवासियों का आंदोलन कहा जाता था,बिनोद बिहारी महतो के हस्तक्षेप के बाद इसमें गैर आदिवासी जुड़ पाये।1971 से लेकर 72 तक उन्होंने कुछ स्कूलों और कॉलेजों को 4 -5 लाख तक का सहयोग दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा स्कूल खुल सकें और समाज के सभी वर्गों के बच्चे वहां पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकें । हम गौरवशाली है कि आज ऐसे विभूति की पुण्यतिथि मनाने का मौका मिल रहा है वर्तमान समय में एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए इनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है ।इस अवसर पर चास के निवर्तमान मेयर भोलू पासवान,प्रताप सिंह,राज किशोर पोद्दार उपस्थित रहे ।

## 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : झारखंड राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। प्रभात फेरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सिविल कोर्ट धनबाद से निकलकर रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर चौक तक गई , न्यायाधीश ने वहां महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।नुक्कड़ नाटक की टीम के द्वारा नाटक का मंचन कर लोगों में कानूनी जागरूकता फैलाने का काम किया गया। जिसके बाद प्रभात फेरी वहां से वापस सिविल कोर्ट आई। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि 90 दिनों तक न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम हर एक क्षेत्र में जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएगी उन्होंने बताया कि नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के विषय में लोगों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन हेल्पलाइन नंबर पर एक बार जरूर कॉल करें और जानने का प्रयास करें कि यह काम करता है या नहीं। वही कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि इस 90 दिनो के कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें एनजओ, पैनल अधिवक्ता,पीएलवी शामिल हैं डोर टू डोर जाकर लोगों को कानून व विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी देंगे। साथ ही विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। बाल विवाह, साइबर ठगी, ड्रग, डायन बिसाही,बाल मजदूरी आदि के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। महिला, दिव्यांगजन, एसटी-एससी, वृद्धजन आदि की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पीएलवी एक दूसरे के सहयोग से कार्य को पूरा करेंगे।

## अनुमंडल में जन शिकायत समाधान शिविर में सैकड़ों मामले हुए निष्पादित




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : राज्य के पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के निदेर्शानुसार बाघमारा अनुमंडल के सभी 17 थाना ओ पी के ग्रामीणों की जन समस्याओं का समाधान कतरास के राजस्थानी समाज धर्मशाला में ऑन द स्पॉट समाधान किया गया।जिसका उद्घाटन बाघमारा एसडीपीओ, चिकित्सक डॉक्टर उमा शंकर सिंह, डॉक्टर मधुबाला, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जन शिकायत समाधान को संबोधित करते हुये धनबाद सिटी एस पी अजित कुमार ने कहा कि जो समस्या आयी है उसका तत्काल ऑन द स्पॉट समाधान किया गया, कुछ मामले को तत्काल निष्पादित किया जायेगा। शिविर में जमीन के सबसे ज्यादा मामले आये जिसे सम्बंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान किया जायेगा। शिविर में बाघमारा एस डी पी ओ पुरषोत्तम सिंह, डॉक्टर उमा शंकर सिंह, डॉक्टर मधुबाला, नगर निगम के अधिकारी, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बाघमारा अनुमंडल के कतरास प्रभारी असीत कुमार सिंह, तेतुलमारी प्रभारी सत्येन्द्र यादव, रामकनाली ओ पी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर, मधुबन प्रभारी पीकू प्रसाद, राजगंज प्रभारी अलीशा कुमारी अग्रवाल, भाटडीह प्रभारी अनिल कुमार, महुदा प्रभारी धीरज कुमार, हरिहरपुर प्रभारी गिरधर गोपाल,अंगारपथरा विशाल दास विधाता,बाघमारा प्रभारी चरणजीत प्रसाद, धमाबांध प्रभारी कमलेश कुमार, सोनारडीह प्रभारी, ईस्ट बसूरिया रूपेश कुमार दुबे, कपूरिया ओ पी प्रमोद लकड़ा, खरखरी ओ पी हरिहरपुर थाना कतरास बाघमारा महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी मिंज ने महिला अत्यचार से सम्बंधित मामले के निष्पादन के लिये व सोसल मीडिया में ठगी को लेकर विस्तार से बताया। सहित सभी थाना ओ पी के प्रभारी पुलिस टीम के साथ जन शिकायत समाधान शिविर में उपस्थित थे। जिसमे बाघमारा प्रखंड के सभी क्षेत्र के फरियादी व समाजसेवी गणमान्य लोग भी मौजूद थे। शिविर में सबसे ज्यादा जमीन विवाद का आवेदन प्राप्त हुआ। राम कनाली ओ पी के कुम्हार टोला में परियोजना विस्तार के लिये कुम्हारों पर होने वाले खतरे को लेकर अपनी आवेदन दिया। कतरास थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने संचालन किया।

## जिले में 47 पंचायतों में ज्ञान केंद्रों का एक साथ होगा शुभारंभ : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय के जरिये किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीसी चंदन कुमार पूरे देवर में दिखे उन्होंने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के संतोष जनक कार्य नहीं पाए जाने पर फटकार लगाई उन्होंने सभी को शोकॉज नोटिस जारी करने को कहा। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी डीसी, डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों को दी। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही संतोष जनक कार्य नहीं किए जाने वाले पंचायतों के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करते हुए एक सप्ताह के अंदर कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी के जरिये जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित कुल 47 पंचायत में नवनिर्मित पंचायत ज्ञान केंद्र की जानकारी दी गई। उपायुक्त के जरिये सभी 47 पंचायत ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन एक साथ 10 जनवरी 2025 को करने का निर्देश दिया गया। वहीं उनके द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र का व्यापक प्रचार प्रसार कर स्थानीय विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# मुखियाओं को मिला प्रशिक्षण ताकि वे अपने गांव के विकास का प्रभावी नेतृत्व कर सकें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिला परिषद कार्यालय के सभागार में मेरा पंचायत, मेरा पहचान से संबंधित एक दिवसीय मुखिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी एवं उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद शामिल हुए। कार्यशाला में मुखियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मेरा पंचायत, मेरा पहचान कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास में पंचायतों की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देना है। कार्यशाला के माध्यम से विशेष रूप से मुखियाओं को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे अपने गांव के विकास में प्रभावी नेतृत्व कर सकें। साथ ही कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को अपनी समस्याओं का समाधान खोजने और अपने गांव का विकास करने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही कार्यशाला में पंचायत अंतर्गत जी.पी.डी.पी. का चयन, जिसमें सक्षम पंचायत एवं विकसित पंचायत के अंतर्गत फाइलेरिया मुक्त पंचायत के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो. शफीक अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, डीपीएम श्री अभिषेक कुमार, चास और गोमिया प्रखंड के मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। कार्यशाला में मुखियाओं एवं पंचायत सचिवो को प्रशिक्षण पीरामल फाउंडेशन बोकारो के द्वारा दिया गया।

**अपने गांव के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें**

जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी ने बताया कि इस कार्यशाला से मुखियाओं को सशक्त बनाना ताकि वे अपने गांव के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था और विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने ग्रामीण समस्याओं का समाधान खोजने को कहा ताकि ग्रामीण विकास की गति तेज हो सके।

**पंचायत में पारदर्शिता लाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा**

उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने मुखियाओं को पंचायती राज व्यवस्था के सिद्धांतों, अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत से बताया। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में जानकारी दी जाती है और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीतियां कैसे बनाई जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रिया ऑटो में पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस कंपनी का हुआ उद्घाटन



**धनबाद** : भागा स्थित प्रिया ऑटो में बुधवार को पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस कंपनी का उद्घाटन पॉलिसी बाजार के ईस्ट जॉन के जोनल मैनेजर सैफुल्ला नवाज और वैकेल केयर के मुकुंद कुमार और प्रिय ऑटो के प्रबंधन प्रमोद कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर नवाज ने बताया कि पॉलिसी बाजार बहुत अच्छी इंश्योरेंस कंपनी है आज लोगों को अच्छे झुकाव पॉलिसी बाजार की ओर हो रही है और आज धनबाद जिले में प्रिय ऑटो में ये सुविधा उपलब्ध की जा रही है जहां पर लोग सीधा सुविधा लोगों को मिल सके। इस मौके पर प्रबंधन श्री प्रमोद ने बताया कि हमारा प्रिया ऑटो लगभग 20 वर्षों से वाहन मालिकों को अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है इसी कड़ी में आज पॉलिसी बाजार की सुविधा लोगों को मिल सके इसकी शुरूआत आज से की जा रही है। इस मौके पर विक्की झा,दशरथ कुमार भी मौजूद थे।

### अभाविप के 25वें प्रदेश अधिवेशन का हुआ पोस्टर विमोचन




**धनबाद** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 25 वां प्रदेश अधिवेशन आगामी 03 जनवरी 2025 को कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होगा । अभाविप के अधिवेशन का पोस्टर विमोचन प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपनारायण जायसवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ.पंकज कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा दित्या, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार, प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले एवं शैक्षणिक संस्थानों से 1000 छात्र, छात्राएं, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता सहभागी होने धनबाद पहुंचेंगे। इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित के० के० पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा जी के नाम पर बसाया जाएगा।

### चिन्मय विद्यालय के प्रोजेक्ट को मिला प्रथम स्थान



**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय बोकारो, में आज विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय राष्ट्रीय मेला 2024 में अव्यान नारायण कश्यप, केशव अग्रवाल एवं नेहाल शर्मा के प्रोजेक्ट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय ने इन सभी छात्रों को प्रार्थना सभागार में विशेष रूप से सम्मानित किया। तीनों मेघावी छात्रों ने भारतीय किसानों के सहयोग के लिए ए.आइ की मदद से एक ऐसा प्रोजेक्ट यंत्र तैयार किया जो खेतों में आने वाले सभी जानवरों ,पक्षियों की जानकारी देता है एवं विशेष लेयर द्वारा उसे भगाने में मदद भी करता है। जिससे जानवरों और पक्षियों का नुकसान भी नहीं हो और खेतों में उपजे हुई फसल भी सुरक्षित रहे। साथ ही यंत्र में लगे विशेष सेंसर से खेत की मिट्टी की गुणवत्ता का पता चलता है। प्रार्थना सभा में सभी विजेता छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के बच्चों ने ज्ञान के साथ-साथ इस प्रोजेक्ट के प्रेजेंटेशन एवं यह प्रोजेक्ट समाज के लिए कितना उपयोगी है इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया है। यह खुशी की बात है कि हमारे विद्यालय में केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं अपितु बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षको द्वारा सहयोग किया जाता है । प्रोजेक्ट में शामिल छात्रों अव्यान नारायण कश्यप , केशव अग्रवाल एवं नेहाल शर्मा एवं उनके गाइड टीचर शुभम कुमार गुप्ता तथा श्रेया गुप्ता को ढेरों बधाई दी। यह प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा चुका है।

### जिले के 4 स्थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो** : सहित पूरे झारखंड राज्य में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है बोकारो जिले में 4 स्थानों पर आईटीआई कैंपस पिंडराजोरा, डीवीसी हाइ स्कूल चंद्रपुरा,सेक्टर 2 डी कला केंद्र व मध्य विद्यालय सिवनडीह माराफारी में केंद्र बनाया गया है जिसमें लगभग सभी तरह के शिकायत का त्वरित निष्पादन कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी व जिला स्तर के अधिकारी,पुलिस अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जहां कई तरह के शिकायतों का निबटारा किया जा रहा है,कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम मे थाना प्रभारी समेत पुलिस के वरीय अधिकारी तक मौजूद रहे। कला केंद्र स्थित सामधान केंद्र पर पहुंचे बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज सावगीर्यारी ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुंच जाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा की 112,1930,डायल कर शिकायत कर सकते है। इस कार्यक्रम मे ऑन लाइन एफआईआर, गुमशुदगी, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, भूमि विवाद का समाधान, ठगी मामलों, मानव तस्करी, डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी एवं समाधान हुई। इसके लिए जागरूकता जरुरी है।

# डीसी ने केरसई के कर्मियों के साथ की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने प्रखंड कार्यालय केरसई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी प्रखंड कमीर्यों संग बैठक बैठक कर उन्होंने प्रखंड में पंचायत अंतर्गत संचालित अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने पंचायत सचिव को टायड़ एवं अनटाइड मद में योजनाओं का चयन कर शत प्रतिशत राशि का खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुखिया एवं ग्रामीण आम जनता से बैठक कर योजनाओं का चयन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में संचालित 411 योजना में जियो टैग नहीं हुआ है जिसके कारण द्वितीय किश्त राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लंबित सभी योजनाओं का ससमय जियो टैग करने हेतु रोजगार सेवक निर्देशित किया। उपायुक्त महोदय ने पंचायतवार बागवानी घेराबंदी योजना की समीक्षा किया इस दौरान उन्होंने लंबित बागवानी घेराबंदी कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो योग्य लाभुक उसका चयन कर प्रथम कि स्त की राशि का भुगतान किया गया। जिसका प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए लाभुकों से निर्माण कार्य को शुरू करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा कर पुराने लंबित निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया.एवं जिस लाभुक द्वारा आवास की राशि को खर्च कर घर नहीं बनाया गया वैसे लाभुक पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से करीलकुचा में निवास करने वाले बिरहोर समुदाय के लोगों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेरे भ्रमण के दौरान समुदाय के लोगों द्वारा साव दफन करने के लिए भूमि का मांग किया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी ने बताया कि समुदाय के लोगों को भूमि का चयन कर उपलब्ध कराया गया। अभी वे लोग वहीं शव दफन करते ह। साथ ही उन्होंने बताया कि बिरहोर समुदाय के लोगों को रहने हेतु भी सरकारी भूमि का भी चयन करके दिया गया है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जो परिवार आवास से वंचित हैं या टूटा फूटा मकान है तो इसकी मैपिंग कर यह जांच कर पीएम जनमन योजना से आच्छादित करें। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने केरसई मार्केट में जर्जर शेड को हटाते हुए मनरेगा से नया शेड निर्माण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने किनकेल पंचायत में बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुखिया से 2.5 एकड़ भूमि पर लगे बागवानी योजना में एक बागवानी सखी रखने का निर्देश दिया। बागवानी सखी के द्वारा बागवानी रख रखाव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमणी एक्का, किनकेल मुखिया बसन्ती लकड़ा, पंचायत सचिव रीना दास मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा ने इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड में जगह बनाई




**अनगड़ा :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जानवी सिन्हा ने रीजनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड 2024 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित परीक्षा छात्रों की तार्किक क्षमता और गणनात्मक कौशल का आकलन करती है। जानवी ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड 2024 के लिए अपनी योग्यता साबित की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने जानवी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया और अगले चरण में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने प्रतिबंधित मांस की बिक्री के आरोप में अजबुला खान को किया गिरफ्तार



**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर पंचायत अंतर्गत रहमत नगर निवासी अजबुला खान (45) पिता बिगन मिया को चैनपुर पुलिस ने बुधवार को 20 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ा कर जेल भेज दिया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरवे नगर के रहमत नगर में अजबुल्ला खान के द्वारा प्रतिबंधित मांस की बिक्री की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर तत्परित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और अजबुला खान के घर से 20 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। मौके से अजबुला खान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, प्रतिबंधित मांस को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया है। बता दें कि चैनपुर के बरवे नगर क्षेत्र में आए दिन प्रतिबंधित मांस की बिक्री की जाती है और पूर्व में भी रहमतनगर से प्रतिबद्ध मांस की बिक्री मामले में गिरफ्तारी हुई है।

### रेलवे स्टेशन में आईसीएच की पुनर्स्थापना को लेकर केंद्रीय संचार मंत्री को पत्र

**सरिया (गिरिडीह):** रेल डाक सेवा धनबाद मंडल के अंतर्गत हजारीबाग रोड रेलवे प्लेटफार्म में स्थित आईसीएच को कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित एल-2 में मर्ज कर कोडरमा को आईसीएच का दर्जा दिया गया। जिस कारण गिरिडीह जिला के बगोदर-सरिया अनुमंडल,खोरी महुआ अनुमंडल, डुमरी अनुमंडल समेत हजारीबाग जिला के बरकट्ठा, विष्णुगढ़,चलकुशा आदि के प्रखंड के लगभग 8 लाख लोगों को पोस्टल संबंधित समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। यहां के लोगों को पूर्व में पोस्ट संबंधित कार्य 24 घंटे संभव हो जाता था। परंतु हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन स्थित आईसीएच को कोडरमा में मर्ज कर देने पर इस क्षेत्र की जनता पर इसका कुप्रभाव पड़ा है। पोस्टल संबंधित परेशानियां बढ़ी है। इसे लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य के परमेश्वर मोदी ने संचार मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को एक आवेदन दिया है.आवेदन के आलोक में कहा गया है कि मुख्य डाक महा अध्यक्ष के पत्रांक 2022 दिनांक 4.12.2024 के आलोक में आई सी एच हजारीबाग रोड को कोडरमा में मर्ज करने की अनुशंसा है। उसमें कोडरमा स्थित आरएमएस कार्यालय की वर्तमान स्थिति का कोई उल्लेख नहीं है।

## नए वर्ष से सरिया नगर में वाहनों पर लगेगा प्रवेश शुल्क

**सरिया (गिरिडीह):** आंतरिक आय राजस्व वृद्धि के उद्देश्य तथा सफाई कर्मियों व अन्य कर्मियों के मानदेय/वेतन भुगतान ससमय करने हेतु बड़की सरैया नगर पंचायत कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2024- 25 (01-01-2025 से 31-3-2025) तथा वर्ष 2025-26 (01-04-2025 से 31-03-2026) एवं वर्ष 2026-27 तक के लिए बड़की सरैया नगर पंचायत क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों की बंदोबस्ती हेतु आम सूचना डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा आमंत्रण हेतु कुल आठ संवेदकों द्वारा आवेदन पत्र क्रय किया गया। जिसमें से कुल सात संवेदक नीरज कुमार सहा, विकास वाटिका फाउंडेशन ,सुमन कुमार राय , सुनील कुमार यादव, मां तारा ट्रांसपोर्ट ,विप्ररा लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड एवं जय महाकाल कंस्ट्रक्शन सरिया गिरिडीह के द्वारा निविदा डाली गई। बुधवार को निर्धारित समय अनुसार निविदा खोली गई। उक्त निविदा में कुल तीन संवेदक का कागज जैक उपरांत नियम एवं शर्त के अनुसार सही पाया गया। जिसमें से विकास वाटिका फाउंडेशन ,विपरा लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड एवं जय महाकाल कंस्ट्रक्शन गिरिडीह है। उक्त तीनों संवेदकों के बीच डाक की बोली 79 लाख 38000 से प्रारंभ हुई और 26वें राउंड तक बोली लगाई गई। जिसमें से जय महाकाल कंस्ट्रक्शन गिरिडीह के द्वारा उच्च बोली 84 लाख 50 हजार रुपए मात्र लगाई गयी। इस प्रकार जय महाकाल कंस्ट्रक्शन गिरिडीह को उच्च बोली लगाने के कारण प्रवेश शुल्क हेतु सैरात में सफल घोषित किया गया। प्रवेश शुल्क की वसूली दिनांक 01-01-2025 से की जाएगी। जिसमें मालवाहक व्यावसायिक वाहन का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया। जिसमें छोटे माल वाहक यथा बोलोरो पिकअप,ट्रैक्टर ट्रॉली,मिनी वैन आदि 30 रुपए, 407 एवं 6 चक्का ट्रक 40, यात्री बस 50, 8 चक्का से लेकर बारह चक्का ट्रक 60, बारह चके से ऊपर 70 की राशि निर्धारित की गई।

## श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव का किया गया स्वागत



**साहिबगंज:** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, उद्योग व कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव का साहिबगंज आने पर बुधवार देर शाम को सकरीगली के सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सिंह उर्फ लड्डू सिंह के आवास पर वहां के गण्यमान लोगों ने जोरदार स्वागत किया।सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सिंह उर्फ लड्डू सिंह की अगुवाई में भव्य स्वागत किया। पिंटू सिंह, बच्चू यादव, संजय यादव काला, संजय यादव गोरा, यादव यादव, रामनिवास यादव, संजय पासवान, अंगद सिंह, जयप्रकाश मालदार, पंकज महलदार, बबलू महलदार, शिवजी गुप्ता, बजरंगी चौधरी, केदार चौधरी एवं रामसूरत में फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, उद्योग व कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव का जोरदार स्वागत किया।

## अद्भुत है चतरा जिले का खैवा-बंदारू जलप्रपात


**चतरा:** नव वर्ष के स्वागत और पिकनिक मनाने के लिए जिले के पर्यटन स्थल गुलजार होने लगे हैं। इन्हीं पर्यटन स्थलों में लावालौंग वनप्राणी अभ्यारण में स्थित खैवा-बंदारू जलप्रपात की हसीन वादियां लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। पिकनिक मनाने और नववर्ष के स्वागत के लिए यहां भारी भीड़ उमड़ती है। जिला मुख्यालय से उत्तर पश्चिम की ओर आठ किलोमीटर और लावालौंग प्रखंड मुख्यालय से पूर्व दस किलोमीटर दूरी पर स्थित खैवा-बंदारू जलप्रपात अद्भुत है। यहां प्रकृति ने खुबसूरती जमकर लुटाई है। कई स्थानों पर प्रकृति ने पत्थरों को तराश कर छज्जानुमा आकार गढ़ा है। यहां दूर से ही लोगों की मन को मोहती है। यहां कई स्थानों पर पुरातात्विक कलाकृतियां दर्शनीय हैं। पत्थरों को देखकर तो ऐसा लगता है, मानो जल के बहाव के आगे वे मोम बनकर रह गए हों।

## शहीद चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



**साहिबगंज/तालझारी :** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में तालझारी थाना क्षेत्र के शहीद चौक के समीप संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में बिना हेलमेट मोटरसाईकिल चला रहे लोगों व चारपहिया वाहनों का चालान काटा गया। जिसमें कुल 25650 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं डीटीओ ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का भी पालन करने की अपील की। कहा कि ओवर स्पीड बाइक चलाना या सड़क पर किसी प्रकार का स्टंट करने वालों को पकड़ कर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर जिला सडक सुरक्षा प्रबंधक निरंज कुमार साह, रोड इंजिनियर एनालिशट, अनुज प्रसार, आइटी सहायक राज हंस आदि मौजूद थे।

# पुलिस की ओर से आयोजित जन शिकायत कार्यक्रम में पहुंचे लोग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के आदेश के आलोक में गुरुवार को बरहरवा अनुमंडल के पतना प्रखंड मुख्यालय परिसर में डीएसपी बरहरवा के उपस्थिति में नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बरहरवा, रांगा तथा कोटालपोखर थाना क्षेत्र में प्रचार कर आम जनता को अपनी शिकायत लेकर इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की जानकारी दी गई थी। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर पतना प्रखंड मुख्यालय परिसर को झंडा बैनर से सुसज्जित किया गया था। इस शिविर में जमीन विवाद मारपीट के आलावे अन्य मामलों से संबंधित कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से शिविर में ही 10 आवेदकों के आवेदन का सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया। जबकि चार ऐसे आवेदन प्राप्त हुए जिनका इन्वेस्टिगेशन जारी रहने की बात पुलिस ने कही है। इसके आलावे जमीन विवाद से संबंधित 10 मामले प्राप्त हुए इसके बारे में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात शिविर में उपस्थित पदाधिकारी ने कही। पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित इस तरह के शिविर से वहां पर उपस्थित फरियादी में काफी उत्साह देखा गया। समाचार लिखे जाने तक लोगों का शिविर में आने का सिलसिला जारी था। आम जनता की समस्याओं का समाधान मे किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो इसके लिए सुबह से ही बरहरवा, रांगा, कोटालपोखर, तथा बरहेट थाना प्रभारी को दलबल के साथ जन शिकायत कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित देखा गया। इस अवसर पर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश यादव, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार, डीएसपी बरहरवा नितिन खंडेलवाल, एएसआई विपिन कुमार, बरहरवा के राजनाथ शाह के आलावे चारों थाना के पुलिस कर्मीगण उपस्थित थे।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलाश साहेबगंज के द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जिले के सभी प्रखंड के क्लस्टर में कार्यरत जॉब रिसोर्स पर्सन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार और आसिफ इकबाल के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्य, संरचना और पलाश जेएसएलपीएस के अंर्तगत चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी को दी गयी। साथ ही साथ जॉब रिसोर्स पर्सन के कार्य, दायित्व व मार्गदर्शिका के बारे में बताया गया। ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार जो पढ़ाई छोड़ चुके वैसे युवक एवं युवतियां जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है, सरकार के द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 3 माह से 12 माह तक का प्रशिक्षण आवासीय, निःशुल्क एवं रोजगार आधारित है। बताया गया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।

## डीडीसी के कार्यालय प्रकोष्ठ में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु हुई बैठक

**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विभिन्न पदों पर प्राप्त हुए 744 आवेदन का स्कूटनी का कार्य किया गया।मौके पर सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, डीपीएम हिना सिंह अरोड़ा, सती बाबू डाबडा एवं अन्य उपस्थित थे।

कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

संशोधित सूचना

सदर अस्पताल कोडरमा के ए0आर0टी0 सेन्टर में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टाफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 02/2024(Estb.) प्रकाशन की गई है। जिसका PR. No. 336855 है। उक्त प्रकाशन की सेवा/शर्तें इत्यादि में आंशिक संशोधन किया गया है। इसकी विस्तृत विवरणी koderma.nic.in अथवा कार्यालय अवधि में सिविल सर्जन कार्यालय कोडरमा से प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 342282 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालय - जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा, (संयुक्त कृषि भवन, कोडरमा)

अतिअल्पकालीन उद्धरण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, कोडरमा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना " प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् जिला कोडरमा शहर एवं उससे आस-पास के सटे हुए शहरों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पडे छोटे भू-खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों, फलों तथा साज-सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 20.09.2024 के अपराह्न 2:00 बजे तक न्यूनतम दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक 28.09.2024 के अपराह्न 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, कोडरमा में खोला जायेगा। लेकिन पंजीकृत इच्छुक उद्धरणकर्त्ता स्थानीय Service provider/Nursery का एक ही नर्सरी का निविदा बंद लिफाफे में प्राप्त हुआ है जिसे कारण निविदा नहीं खोला गया।

पुनः उक्त निविदा हेतु जिला उद्यान कार्यालय कोडरमा में कार्यालय अवधि विस्तार किया गया है जिसे दिनांक 18.12.2024 से 26.12.2024 उद्धरण हेतु समाग्री की सूची के साथ प्राप्त किया जायेगा। तथा दिनांक 28.12.2024 के अपराह्न 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, कोडरमा में खोला जायेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी
कोडरमा

PR 342288 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

रोजगार मेला-19 दिसम्बर 2024

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य हेतु श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांक-19 दिसम्बर 2024 दिन गुरूवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक **प्रखण्ड परिसर, मुरूहू खूँटी** में एक दिवसीय रोजगार मेला 2024 आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में निम्नलिखित नियोजक भाग लेंगे।

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Utkarsh Small Finance Bank, Khunti | Loan Collection & Distributer-200 | M/F | 18-30 | 12th & Above | 12K-15K | Entire JH |
| 2 | LIC, Khunti | Advisor-30 | M/F | 18-30 | 12th & Above | 5K & 7k Incentives | Khunti |
| 3 | Raj Honda, Khunti | Technician-6 | M/F | 18-35 | 10th & Above | 9K-12K | Khunti |
| 4 | Dev Auto Mobile (Hero), Khunti | Technician-04/Helper-05/9 | M/F | 18-30 | Non matric to Graduation | 8K-10K + incentives | Khunti |
| 5 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Ranchi | Guard-75/Supervisor-10/Office staff-05/Area Manager-5/Housekeeping-5/Security officer-05/cook-10/115 | M | 18-30 | 10th, 12th & above | 12K-20K | Entire JH |
| 6 | Rane Health Care, Khunti | Reception-02/Nursing-10/Guard-04/Manager-02/Medical-05/23 | M/F | 18-30 | 10th,12th,Diploma | 10K-20K | Khunti, Ranchi |
| 7 | Abbey west, Odisa | SMO trainer-02/Eng trainer-01/Mobilizer-01/Wardon-1/5 | M/F | 18-35 | 10th,12th,Diploma TOT & Above | 10K-15K+Incentives | JSR |
| 8 | Hilltop Motor, Hinu,Ranchi | Salesman-03/office boy-02/05 | M | 18-35 | 10th, 12th & above | 10K-15K+Incentives | Torpa, Ranchi |
| 9 | Gayatri Automotive (Bajaj showroom), Khunti | Machanic-02/Helper-02/Salesman-02/06 | M | 18-35 | 10th, 12th & above | 8K + Incentives | Khunti |
| 10 | Agrawal Skill center, khunti | Mobilizer-08/ GDA trainer-01/ data entry operator-01/ girls warden-01/ boys warden-01/set-02/14 | M/F | 18-30 | 10th, 12th, Graduation | 8K-15K | Khunti |
| 11 | Spandana sphoorty financial Ltd, Ranchi | Credit Assistant-10 | M | 19-27 | 12th,ITI, Diploma | 12K+ fuel + Incentives | Entire JH |
| 12 | Life Circle health services Pvt. Ltd. | Care giver-50 | F | 18-30 | 10th, 12th | 14K-20K + Accommodation free | Delhi, Hyderabad,Pune |
| 13 | Inodaya Preceptor,Bangalore | Machine Operator-80/Helper-70/Quality Inspector-50/200 | M | 20-30 | 8th,ITI,12th, Diploma | 16K-26K | Bangalore |
| 14 | Namra Finance | Field officer-6 | M | 18-32 | 12th & Above | 12K | Khunti,bundu,torpa |
| 15 | Barbeque Nation Hospitality LTD, Bangalore | Gust Service Associate (GSA)-250/Kitchen Associate-200/450 | M/F | 18-28 | 10th & Above | 12K-15K+ Fooding & Lodging free+ Incentives | Mumbai,Bangalore, Gujart etc. |
| 16 | Bharat Micro Finance. Ranchi | Field officer-10/BCM-05/-15 | M/F | 18-28 | 10th & Above | 11.5K-18K | Entire JH |

➤ योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया मे नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 342312 Labour Employment and Traning(24-25).D

# ओलिभा कांता कुजूर ने साबित किया कि खेती से भी अच्छी आमदनी की जा सकती है



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड की प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर और उनके पति वाल्टर कुजूर ने खेती के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत की है। उन्होंने 120 एकड़ में मक्का की खेती कर लाखों रुपए का मुनाफा कमाया है जो कि एक नए आयाम की शुरूआत है। प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने बताया कि उन्होंने अपने पति वाल्टर कुजूर के साथ मिलकर खेती का काम शुरू किया था। उन्होंने 120 एकड़ में मक्का की खेती की और अच्छी पैदावार हुई। उन्होंने बताया कि उन्होंने कुछ मक्का स्थानीय बाजारों में बेचा और बाकी के मक्के का दानों को बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में बेच रहे हैं। वाल्टर कुजूर ने बताया कि उन्होंने मक्का की खेती से अच्छा मुनाफा कमाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 100 से 150 मजदूरों के लिए रोजगार भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि आगे भी हर सीजन में सीजन की खेती चालू रहेगी, जिससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलता रहेगा। प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने बताया कि उन्होंने एम.ए एमएड तक पढ़ाई पूरी की है लेकिन नौकरी में सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर दूध उत्पादन का काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पुरस्कृत भी किया है। प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि आज के समय में नौकरी के लिए भटकने से अच्छा है कि आप खेती कर भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेती से भी अच्छी आमदनी की जा सकती है और लोगों को रोजगार से भी जोड़ा जा सकता है। चैनपुर प्रखंड की प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर और उनके पति वाल्टर कुजूर ने खेती के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत की है। उन्होंने साबित किया है कि खेती से भी अच्छी आमदनी की जा सकती है और लोगों को रोजगार से भी जोड़ा जा सकता है। चैनपुर प्रखंड की प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर की कहानी एक प्रेरणा है उन युवाओं के लिए जो नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने साबित किया है कि खेती से भी अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है और लोगों को रोजगार से भी जोड़ा जा सकता है।

# किसान आंदोलन : शरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद



निर्मल रानी

**पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे है। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी?**

पंजाब- हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एनपी) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ्य की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब-हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं।

काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि-' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया।' यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।



परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ्य समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी इस हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं।


इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। '' राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है।

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे है। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगेंडे नहीं किये गये? इन्हें आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी, देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित 'आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही' किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

## संपादकीय

### सदन में निरर्थक चर्चा

देश में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसद के दोनों सदनों में सत्तारूढ़- गठबंधन और विपक्ष के बीच एक बार फिर टकराव, तीखी बहस और एक बार फिर टकराव देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर यदि दोनों पक्ष चाहते तो संविधान और उसके महत्त्व पर एक सार्थक बात हो सकती थी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। विडंबना देखिए कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास प्रकट करते हैं, लेकिन दोनों ही उसे कमजोर करने का एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्ता पक्ष के दूसरे नेताओं ने संविधान के प्रति पूरी निष्ठा प्रदर्शित की और कांग्रेस पार्टी पर संविधान को कुचलने और कमजोर करने का आरोप लगाया जबकि दूसरी ओर राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में संविधान अनुच्छेद 370 सहित समान नागरिक कानून संहिता आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए गांधी परिवार को निशाना बनाया और पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर समिति इंदिरा गांधी तक को संविधान पर कुठाराघात करने के लिए कठघरे में खड़ा किया। राज्य सभा में भी संविधान पर बहस के दौरान इसी तरह का दृश्य नजर आया। राज्य सभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बीच तीखी बहस हुई। लोक सभा और राज्य सभा दोनों सदनों में वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए इतिहास और अतीत के पात्रों का सहारा लिया। जाहिर है ऐसे संवादों से प्रचारगत रणनीति का पलड़ा भले भारी हो सकता है, लेकिन इससे संविधान और लोकतंत्र का भला नहीं हो सकता। लोकतंत्र में संविधान एक ऐसा महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है जो नागरिकों के अधिकारों का रक्षक माना जाता है। संविधान के इन 75 साल के इतिहास में कई अवसर ऐसे भी आए हैं जब अपनी कुर्सी और सत्ता के लिए इसका बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश की। इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में आपातकाल थोपना और उसके बाद संविधान का 42 वां संशोधन ऐसा ही अधिनायकवादी कृत्य था। बहस तो इस बात पर होनी चाहिए थी कि देश के गरीब नागरिकों को न्याय कैसे मिले, प्रशासनिक तंत्र को इतना पारदर्शी और न्यायपूर्ण कैसे बनाया जाए कि गरीब और अमीर के बीच भेद-भाव समाप्त हो। कहा जा सकता है कि संसद में संविधान पर चर्चा निरर्थक साबित हुई?



## भारत में दान करने की प्रथा से गरीब वर्ग का होता है कल्याण



प्रह्लाद सबनानी

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है।

साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चतम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है।

आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे। आपने वर्ष 2008 के महामंदी के दौरान अमेरिका स्थित कार्नेल विश्वविद्यालय को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान प्रदान किया था। श्री रतन टाटा ने आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. एन. टाटा एंडाउमेंट, सर रतन टाटा स्कॉलर्शिप एवं टाटा स्कॉलर्शिप की स्थापना कर दी थी। श्री रतन टाटा चूंकि अपनी कमाई का बहुत बड़ा भाग दान में दे देते थे, अतः उनका नाम कभी भी अमीरों की सूची में बहुत ऊपर उठकर नहीं आ पाया। इस सूची में आप सदैव नीचे ही बने रहे। श्री रतन टाटा जी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवन काल में इतनी बड़ी राशि का दान किया था कि आज विश्व के 2766 अरबपतियों के पास इतनी सम्पत्ति भी नहीं है।

यूं तो टाटा समूह ने भारत राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु कोरोना महामारी के खंडकाल में श्री रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था, उस समय श्री रतन टाटा ने न केवल भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों को भी आर्थिक सहायता के साथ साथ वेंटिलेटर, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, मास्क और दस्ताने आदि सामग्री उपलब्ध कराई। श्री रतन टाटा के निर्देशन में टाटा समूह ने इस खंडकाल में 1000 से अधिक वेंटिलेटर और रेस्पिरेटर, 4 लाख पीपीई किट, 35 लाख मास्क और दास्ताने और 3.50 लाख परीक्षण किट चीन, दक्षिणी कोरिया आदि देशों से भी आयात के भारत में उपलब्ध कराए थे।

श्री रतन टाटा के पूर्वज पारसी समुदाय से थे और ईरान से आकर भारत में रच बस गए थे। श्री रतन टाटा ने न केवल भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा, बल्कि इन संस्कारों का अपने पूरे जीवनकाल में अक्षरशः अनुपालन भी किया। इन्हीं संस्कारों के चलते श्री रतन टाटा को आज पूरे विश्व में सबसे बड़े दानदाता के रूप में जाना जा रहा है। टाटा समूह का वर्णन तो यहां केवल उदाहरण के रूप में किया जा रहा है। अन्यथा, भारत में ऐसे कई औद्योगिक घराने हैं जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति को ही ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान एवं समाज की भलाई के लिए दान में दे दिया है। प्राचीन भारत में यह कार्य राजा महाराजाओं द्वारा किया जाता रहा है। हिंदू सनातन संस्कृति के विभिन्न शास्त्रों में यह वर्णन मिलता है कि ईश्वर ने जिसको सम्पन्न बनाया है, उसे समाज में गरीब वर्ग की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह सहायता गरीब वर्ग को सीधे ही उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा ट्रस्ट की स्थापना कर भी गरीब वर्ग की मदद की जा सकती है। वर्तमान में तो निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर - कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के सम्बंध में कानून भी बना दिया गया है। जिन कम्पनियों की सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक व्यापार 1000 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक शुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक है, उन्हें इस कानून के अंतर्गत अपने वार्षिक शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत की राशि का उपयोग समाज की भलाई के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं पर खर्च करना आवश्यक होता है। इन विभिन्न मदों पर खर्च की जाने वाली राशि का प्रतिवर्ष अंकेक्षण भी कराना होता है, ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके कि राशि का सदुपयोग समाज की भलाई के लिए किया गया है एवं इस राशि का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हुआ है।



भारत में गरीब वर्ग/परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में समाज में सम्पन्न वर्ग द्वारा किए जाने वाले दान आदि की राशि से भी बहुत मदद मिलती है। निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) योजना के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी समाज के गरीब वर्ग को ही मिलता है। अतः विश्व में शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां सरकार एवं समाज मिलकर गरीब वर्ग की भलाई हेतु कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। इसीलिए ही अब यह कहा जा रहा है कि हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार यदि वैश्विक स्तर पर होता है तो, इससे पूरे विश्व का ही कल्याण हो सकता है एवं बहुत सम्भव है कि वैश्विक स्तर पर गरीबी का नाश होकर चहुं ओर खुशहाली फैलती दिखाई दे।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

## चिंतन-मनन

### नदी और सागर


सुखदेव ऋषि के आश्रम में कई शिष्य रहते थे। उनमें अनुज नामक शिष्य काफी तेज था। धीरे-धीरे वह स्वयं को अन्य शिष्यों से श्रेष्ठ मानकर दूसरों को हीन समझने लगा। ऋषि उसके अहंर छिपे अहं को समझ गए और उसे एक दिन अपने साथ एक सागर के पास ले गए। विशालकाय सागर अत्यंत आकर्षक दिख रहा था। उसकी लहरें जब अठखेलियां करतीं तो मन प्रसन्न हो जाता। ऋषि ने अनुज से सागर का पानी पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही पानी मुंह में डाला, वैसे ही उसने बुरा सा मुंह बनाकर पानी बाहर निकाल दिया और बोला, गुरुजी, यह पानी तो खारा है। मेरा मुंह का स्वाद कसैला हो गया।

ऋषि उसकी बात सुनकर मुस्कराए। वह उसे अपने साथ लेकर आगे बढ़ते रहे। आगे एक छोटी सी नदी आई। नदी का जल शांत था। ऋषि ने अनुज से नदी का जल पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही जल मुंह में डाला, वैसे ही उसके मन को अत्यंत तृप्ति मिली। वह बोला, गुरुजी, नदी के जल ने मुंह का स्वाद बढ़ा दिया है। इतना ठंडा और मीठा जल बहुत कम देखने को मिलता है, जबकि इतने बड़े सागर का पानी एकदम खारा था।

उसके ऐसा ही कहते ही ऋषि बोले, पुत्र, देखा तुमने, छोटे-बड़े से कुछ नहीं होता। हर व्यक्ति को अपने व्यवहार और सद्कार्यों से अपने लिए जगह बनानी पड़ती है। तुमने सागर के अहं को देखा। वह सब कुछ अपने में ही भरे रहता है। लेकिन इसका जल खारा होता है। जबकि छोटी सी नदी जो पाती है उसका अधिकांश बांटती है, इसलिए उसके जल में मिठास है।

व्यक्ति को बड़े होने पर भी अहं को अपने पास नहीं फटकने देना चाहिए अन्यथा उसका हाल भी सागर की तरह ही होता है। मेरे विचार में तुम मेरी बातों का अर्थ अच्छी तरह समझ गए हो। अनुज को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने अपने भीतर से अपना अहं निकाल फेंका।

## एक देश एक चुनाव : दलगत राजनीति से उठें सियासी दल



अखिलेश आर्यन्दु

केंद्र सरकार की तरफ से कानून मंत्री अर्जुनदेव मेघवाल ने बहुप्रतीक्षित बिल एक देश एक चुनाव को लोक सभा में 17 दिसम्बर को पेश किया, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध के चलते हो हंगामा हुआ। इसी के बीच इसकी चर्चा और पारित किए जाने को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में बिल के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया है।

यह पहली बार है जब किसी बिल पर विपक्ष के विरोध की वजह से मत विभाजन कराया गया। विपक्ष इससे संविधान पर असर पड़ने की बात कर रहा है तो सरकार इस आशंका को निराधार बता रही है, लेकिन इतना तो इस बार हुआ कि विपक्ष की एक जुटता की वजह से सरकार ने इसे जेपीसी को भेजा, लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई में इससे संविधान पर असर पड़ेगा या यह विपक्ष का महज प्रोपेगेंडा भर है। दो माह पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (ओएनओपी) को मंजूरी दिए जाने पर तमाम राजनीतिक दलों और राजनीति के जानकारों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई थीं, लेकिन ज्यादातर लोगों ने निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर इसका खैरमकदम किया। इस साल आम चुनाव में भाजपा ने ओएनओपी की प्रणाली चुनाव जीतने के बाद लागू करने का वादा किया था। यह उसी वादे को इस दिशा में अगला कदम है।

जानकारों का मानना है कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें, सिफारिशें और नियम सभी राष्ट्र को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के अनुरूप हैं। हालांकि कुछ पार्टियां या बुद्धिजीवी कहे जाने वाले लोग इसे महज भाजपा का एक ध्यान हटाने का एजेंडा कह रहे हैं। यह उनकी सतही सोच का परिणाम ज्यादा लगता है। हकीकत से बहुत दूर। दरअसल, जब देशहित में कोई निर्णय केंद्र सरकार लेती है तो उस निर्णय का भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्रों पर असर और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक असर पर भी गौर करती है। विपक्ष को यह नहीं भूलना चाहिए कि सबसे पहले देश है फिर कोई दल या मजहब। जो लोग ओएनओपी को विकास का मिशन बता रहे हैं उनके तर्क को भी बगैर दुराग्रह-आग्रह के समझा जाना चाहिए। तभी तो सोच और चिंतन निष्पक्ष माने जाएंगे।

एक सकारात्मक तर्क इसके पक्ष में यह भी दिया जा रहा है कि इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मिसाल के तौर पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के चुनावों के दौरान तकरीबन 60 हजार करोड़ रुपए की हैरान करने वाली राशि का उपयोग किया गया था। इसमें चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाली राजनीतिक पार्टियों के जरिए वहन की गई लागत और चुनावों के आयोजन में भारत के चुनाव आयोग का खर्च शामिल है। इसके अलावा सुरक्षाकर्मियों की बार-बार तैनाती और स्थानांतरण से जुड़ी पर्याप्त और जाहिर लागतें हैं। ओएनओपी ऐसा दूरगामी देश नवनिर्माण का मिशन होगा जिससे साल भर चलने वाले चुनावों से तकरीबन छुटकारा मिल जाएगा। जाहिर तौर पर बार-बार के चुनाव से जहां विकास और प्रगति में जबरदस्त रुकावट आती है वहीं पर धन-जन-संसाधनों की बेतहाशा बर्बादी को रोकने में मदद मिलेगी। चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त ओपी रावत कुछ सुझाव देते हैं। वे सरकार को इसके लिए चार काम करने की बात कहते हैं, जिसमें संविधान के उन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा, विधान सभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की जगह रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो ताकि पुरानी सरकार गिरने के बाद नई सरकार के साथ विधान सभा या लोक सभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके। ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि इसके लागू होने के बाद केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराहट बढ़ जाएगी। लोक सभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी का मानना है कि एक देश एक चुनाव का मुद्दा व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इसके लिए जरूरी है कि देश की सभी विधान सभाएं एक साथ भंग हों, जो संभव ही नहीं है।



वहीं पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने का मतलब है आपको स्थानीय निकायों के चुनाव भी साथ कराने होंगे। ऐसे में जनता एक बार बटन दबाए या तीन बार दबाए, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि राज्य में चुनाव के बाद किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत न मिले तो ऐसे हालात में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी हो सकती है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सवाल किए जा रहे हैं। देखना यह है कि केंद्र सरकार ऐसा कौन सा रास्ता व कदम उठाती है जिससे सबकी सहमति हासिल हो जाए।

# विधानसभा में सपा का हंगामा, अध्यक्ष को आया गुस्सा

## महाना ने कहा: अतुल प्रधान को बाहर फेंको, मार्शल उठाकर बाहर ले गए

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सड़क से लेकर सदन तक हंगामा होता रहा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा विधायक अतुल प्रधान को उठाकर बाहर फेंकने के लिए कह दिया। उन्होंने कहा कि आपकी विधायकी खत्म करवा दूंगा। मार्शल विधायक को उठाकर बाहर ले गए। विपक्ष के हंगामे के बाद सदन को स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो विपक्ष ब्रजेश पाठक के माफी मांगने पर अड़ा रहा। इसके बाद कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सीएम योगी का संबोधन अब कल होगा। हुआ यूं कि विपक्ष ने गोरखपुर एम्स से जुड़ा सवाल पूछा। जवाब में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- ये सब लोग सिर्फ गले की खराश दूर करने यहां आते हैं। हम विक्स की टिकिया रखवा देते हैं। सब लोग खा लें और गले की खराश दूर करें। यह सुनते ही सपा विधायकों ने हंगामा कर दिया। वेल तक पहुंच गए और स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्ट हैं, तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाने लगे। यह देखकर विधानसभा अध्यक्ष खड़े हो गए। इसी बीच वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा- ये बर्दाश्त नहीं होगा। पीठ इसमें हस्तक्षेप करे। महाना ने सपा विधायकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। इस पर महाना गुस्सा हो गए। विपक्ष की मांग है कि ब्रजेश पाठक माफी मांगे। विपक्ष इस पर अड़ा हुआ है। सदन में जमकर नारेबाजी जारी है। विधानसभा की कार्यवाही कल सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि एक सदस्य के व्यवहार के बाद उत्तेजित होकर डिप्टी सीएम ने यह व्यवहार किया। अब माता प्रसाद जी निर्णय लें। सदन में जो कुछ भी हुआ, वह अच्छा नहीं हुआ। मैं सदन की ओर से खेद प्रकट करता हूं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष की ओर से जिस तरफ की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है, वह ठीक नहीं है। जिस भी मंत्री को पकड़ेंगे उसे कद्दू कस की तरह घिसना चाहते हैं। यह विपक्ष का मीडिया जनित रोग है, अगर मीडिया लिखना बंद कर दे दो कोई धरना नहीं होगा। जब तक मैं और मेरा परिवार है, तब तक माता प्रसाद जी का सम्मान करेंगे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि कल ऊर्जा मंत्री के साथ किस तरह की भाषा का उपयोग किया गया। मंत्री अरुण सक्सेना के साथ भी गलत व्यवहार किया गया। कभी प्रधानमंत्री, कभी मुख्यमंत्री के नाम लेकर गलत शब्द का उपयोग किया जाता है। विधान परिषद में अनुपूरक बजट पर चर्चा शुरू हो गई है। संग्राम सिंह ने भी डिप्टी सीएम के व्यवहार को अनुचित बताया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि अतुल प्रधान को उठाकर ले जाना ठीक नहीं। महबूब अली ने कहा कि जब जब डिप्टी सीएम बोलते हैं, तो पूरा सदन गवाह कि अमर्यादित होता है। क्या यह किसी चिकित्सा मंत्री की भाषा है। सतीश



महाना ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि आपको आघात पहुंचा, तो डिप्टी सीएम बात रखेंगे। यदि किसी का नाम लेकर अमर्यादित बोला जाता है, तो ये ठीक नहीं है। सदन की कार्यवाही 3.20 बजे दोबारा शुरू होने के बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि आज सदन में कुछ घटना ऐसी हुई जिस्से माहौल गरमा गया। हम विपक्ष के लोग सत्ता पक्ष की आरती उतारने नहीं आए हैं। सदन के माध्यम से ही सरकार के सामने कमिया लाते हैं। हमारे सदस्य के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री उत्तेजित हो गए। माननीय मंत्री जब भी बोलें संजीदगी से बोलें। क्या खुराक मिल गई है...यह सदन की भाषा नहीं है। हमारी पार्टी का निर्णय है कि उप मुख्यमंत्री माफी मागे । सपा विधायकों के हंगामे के बीच महाना अपनी सीट छोड़कर खड़े हो गए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ये बर्दाश्त नहीं होगा। पीठ इसमें हस्तक्षेप करे। इस पर महाना सपा विधायकों को शांति बनाए रखने के लिए कहा। मगर सपा विधायक अपनी जिद पर अड़े रहे। इसके बाद महाना ने कहा- मेरी बात सुनिए। अगर इस प्रकार की भाषा मत बोलिए। इसके बाद महाना ने कहा कि अतुल प्रधान को उठाकर बाहर फेंक दो। आपकी सदस्यता समाप्त करवा दूंगा। इसके बाद अतुल प्रधान को मार्शल ने उठाकर बाहर निकाला। ब्रजेश पाठक ने कहा- गोरखपुर एम्स राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। सपा के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा- सपा के लोग चिट्ठियों पर आंख बंद करके साइन कर देते हैं। ये सब लोग सिर्फ गले की खराश दूर करने यहां आते हैं। हम विक्स की टिकिया रखवा देते हैं। सब लोग खा लें और गले की खराश दूर करें। ब्रजेश पाठक के बयान के बाद सपा विधायकों ने हंगामा कर दिया। वेल तक पहुंच गए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्ट हैं, तानाशाही नहीं चलेगी, गुंडागर्दी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। इसी बीच माता प्रसाद पांडेय ने कहा- गुस्सा क्यों कर रहे है डिप्टी सीएम। जवाब में पाठक ने कहा- जो बोएंगे वही पाएंगे। इसके बाद सपा विधायकों ने वाक आउट कर दिया। रागिनी सोनकर ने झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, ₹अगर अलार्म सही तरीके से काम कर रहा होता, तो बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। यह बेहद शर्मनाक है। झांसी के अलावा लखनऊ में भी 609 अस्पताल पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें से 300 अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं है। यह प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला है। रागिनी ने कहा, ₹मंत्री जी (ब्रजेश पाठक) आपके छापे काम नहीं कर रहे। अगर आपके छापे काम कर रहे होते, तो झांसी में बच्चे आग के कारण दम नहीं तोड़ते। इल्व और डक्र्व के बाहर मरीज इलाज के अभाव में दम नहीं तोड़ रहे होते।₹ उन्होंने कहा, ₹यूपी की 25 करोड़ की आबादी में से 5 करोड़ लोग बीपी और 1 करोड़ लोग शुगर से पीड़ित हैं। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी नागरिकों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। महाना ने कहा- मेरे पास जाति का आधार नहीं है। मैं उस विधानसभा क्षेत्र से आता हूं, जहां मेरी जाति के केवल एक हजार वोट हैं। सभी जाति और समाज ने मेरा साथ दिया है। मैंने सदन की गरिमा बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयास किया है। जवानी से लेकर आज तक मैंने अपना पूरा जीवन राजनीति को समर्पित किया है। इस दौरान कई आघात और आरोप भी सहे हैं। मुझसे कमजोर कोई नहीं होगा। मेरा कोई जातीय आधार नहीं है। मेरा काम और विधायकों का विश्वास ही मेरा वास्तविक आधार है। लेकिन, यदि कोई पीठ के खिलाफ बयान देता है, तो मैं नियमानुसार कार्रवाई करूंगा। सुरेश खन्ना ने कहा- कोई ऐसा कारण नहीं है, जिसके आधार पर धरना-प्रदर्शन किया जाए। प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी तरह से चल रही है, लेकिन कुछ लोग बाहर जाकर गड़बड़ी करना चाहते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों का कोई हनन नहीं हो रहा है। सरकार 'रूल ऑफ लॉ' के सिद्धांत पर काम कर रही है। अगर किसी प्रतिनिधि मंडल के जाने से शांति व्यवस्था बाधित होती है, तो उसे रोका जाएगा। यह निर्णय व्यक्तिगत कारणों से नहीं, बल्कि समाज की शांति बनाए रखने के लिए लिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें प्रदर्शन करने का अधिकार है। हम अपनी बात कहीं कह सकते हैं। मुझे बहराइच जाना था। सुबह से मेरे घर पर पुलिस तैनात हो गई। फिर मुझे संभल जाना था। सुबह 11 बजे से ही घर पर 15 इंस्पेक्टर, सीओ और एक ट्रक फोर्स तैनात कर दी गई। हम अकेले थे? इतने लोगों की जरूरत नहीं थी। मेरे लिए दो आदमी काफी थे। सरकार लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही थी। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा और विधानसभा अध्यक्ष महाना की तीखी बहस हो गई। दरअसल, आराधना मिश्रा ने कांग्रेस प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। कहा- आज शांतिपूर्व कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर रही है। जवाब में महाना ने कहा- मैंने हाउस के अंदर प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी।

# सरकार कर रही लोकतंत्र को दबाने का काम: रविन्द्र विश्वकर्मा

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा घेरने के आह्वान पर लखनऊ जा रहे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बाराबंकी में रोक लिया और करीब पांच घण्टे बैठाए रखा। बुधवार को कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाग लेने जा रहे कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव रविन्द्र विश्वकर्मा उर्फ राधे विश्वकर्मा अपने निजी साधन से लखनऊ निकले थे। जैसे ही



बाराबंकी जिले में पहुंचे। वहां राम स्नेही घाट थाना पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। पार्टी के प्रदेश महासचिव ओबीसी विभाग श्री विश्वकर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पार्टी के लखनऊ घेराव के आह्वान से भाजपा सरकार सहमी हुई है और पुलिस के बलपर चारो तरफ घेरा बंदी कर रही है। इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा को मंगलवार को ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। भाजपा सरकार में लोकतंत्र को दबाने का काम किया जा रहा है। आने वाले समय में इसका उचित जबाब जनता देगी। इस दौरान बारिश अली, जाकिर हुसैन, धनन्जय सिंह, संतोष शर्मा, राजकुमार अग्रहरी, संतोष मौर्य, यासीन अंसारी, अभिषेक मिश्रा, छोटे सिंह, रमजान अली शामिल रहे।

# वकील की गोली मारकर हत्या

**संभल।** में दिनदहाड़े वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार बदमाशों ने दूध लेकर स्कूटी से घर लौट रहे सत्यपाल सिंह राणा को हाथ दिया। जैसे ही उन्होंने स्कूटी रोकी, उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल वकील को CHC ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मरने से पहले आसपास खड़े लोगों ने वकील का वीडियो बना लिया।



घटना संभल की कोतवाली बहजोई क्षेत्र की है। वीडियो में वकील कह रहा है- मुझे हरदोगंज के आदमियों ने गोली मारी है। साले के लड़के के भतीजे का ब्याह था। दो लंबे-लंबे आदमियों ने गोली मारी है। दो फायर मारे हैं, दो तमंचे से। फिर सीधे यहां से भाग गए।

# थाई श्रद्धालुओं ने बुद्ध को चिवर चढ़ा किया पूजन, चढाया चिवर

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण मन्दिर में थाईलैंड के श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन कर चिवर चढ़ाया और सुख, समृद्धि की कामना की। बुधवार की सुबह थाईलैंड के फराखसरुसमु मोट ट्री व नंवोंगस सौंसे के साथ थाई दल मुख्य मंदिर पहुंचा जहां बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चिवर चढ़ाया और भिक्षुओं के धम्म पाठ के बीच पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु माथा कुंवर मन्दिर व मुकुट बन्धन चैत्य पहुंचे और पूजन कर स्तुप की परिक्रमा की। गाइड मनोज प्रजापति ने बुद्ध के अंतिम उपदेश, निर्वाण व अंतिम संस्कार के



ऐतिहासिक व पुरात्विक महत्व को बताया। दल 15 दिसम्बर को बोध गया पहुंचा। और राजगिरि, वैशाली होते हुए कुशीनगर पहुंचे जहां से लुम्बिनी, सारनाथ, बनारस बोधगया पहुंचेंगे। जहां से 21 दिसम्बर को ये श्रद्धालु बोधगया से स्वदेश थाईलैंड/बैंकाक के लिये रवाना हो जाएगा। इस दौरान खम्मान्य ऊवान्नस्य, वलिंडा रोडग्रेस, एसरिंदगों जिराचारन, चुपेन, टिटिमा आदि शामिल रहे।

# बांग्लादेश मुद्दे पर जल्द ही सकारात्मक कदम उठाए सरकार: आनन्द मोहन

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** देश में सालभर चुनाव हो रहे हैं जो काफी खचीर्ला साबित हो रहा है और धन की भी बबार्दी होती है। वर्ष 1952 में देश में चुनाव एक साथ होते थे। मध्यावधि चुनावों की वजह से यह व्यवस्था पटरी से उतर गई।

उक्त बातें बिहार के पूर्व सांसद व कद्दावर नेता आनन्द मोहन ने कुशीनगर स्थित होटल पथिक निवास में पत्रकारों से एक भेंट में कही। वह मंगलवार को जनपद के साखोपार में नवल स्मृति समरोह में भाग लेने आये थे। पूर्व सांसद श्री मोहन ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन का कदम सराहनीय है। इसी तरह सरकार वन नेशन, वन



एजुकेशन लागू करे। श्री मोहन ने कहा कि वह ही पत्रकार रहे हैं और इमरजेंसी में जेल जा चुके हैं।पत्रकार सच का आईना दिखाता है। दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि हार जीत का अंतर काफी कम होगी। यूपी व बिहार के लोगों की इस चुनाव में बड़ी भूमिका होगी। बंग्लादेश मुद्दे पर कहा कि अनुसांगिक संगठन देश में इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं। जबकि सरकार को चाहिए कि विपक्ष को साथ लेकर सकारात्मक कदम उठाए। बिहार में नशा बंदी के बाद भी शराब बिक्री पर कहा कि इसके लिये पड़ोसी राज्यों को मिलकर कदम उठाना चाहिये। संविधान को लेकर कहा कि कांग्रेस सरकार में संशोधन अधिक हुआ है। भाजपा सरकार में नहीं के बराबर। उन्होंने किसान आंदोलन पर कहा कि ये संगठन फसलों के मूल्य के बजाय नस्ल की लड़ाई लड़ रहे हैं। दुनिया दो ध्रुओं में बंटी हुई है। कहा कि बुद्ध जगत गुरु थे जिन्होंने दुनिया के दो तिहाई देशों में भारतीयता का परचम लहराया। उन्होंने यूपी व बिहार सरकार से खेलों के प्रोत्साहन के लिए विशेष कदम उठाने की मांग की। इस दौरान बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह, एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, ग्रामप्रधान शैलेश प्रताप नरायण सिंह मौजूद रहे।

# पालि को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देना बुद्ध को सच्ची श्रद्धांजलि: डॉ अनिर्बान गांगुली

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारत सरकार द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार और पालि को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देना भगवान बुद्ध को सच्ची श्रद्धांजलि है। भारतीय भाषाओं का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता आज की जरूरत है। पालि का सम्मान और इसका नए सिरे से अध्ययन इसी की ओर आगे बढ़ने का प्रयास है। भगवान बुद्ध की भाषा पालि थी इसका उद्धार बुद्ध से और भी ज्यादा जोड़ेगा। उक्त बातें बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में आयोजित ₹पाली: भारत की शास्त्रीय भाषा और बुद्ध की विरासत₹ विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अनिर्बान गांगुली ने



कही। उन्होंने कहा कि सारनाथ , बोध गया , शांतिनिकेतन और लेह के बाद आज इस विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई है। उन्होंने 24 नवंबर 1956 में सारनाथ में बाबासाहब भीम राव अंबेडकर द्वारा दिए गए व्याख्यान का उल्लेख करते हुए कहा कि पालि भाषा और नालंदा के विश्वविद्यालय को समाप्त करने का काम मुस्लिम शासकों ने किया। आनंद कौशलायन के कथन को बताते हुए उन्होंने कहा कि पालि भाषा और साहित्य आधुनिक भारतीय भाषाओं को ही नहीं, वर्मा और म्यांमार की भाषा को प्रभावित करती है। पालि भाषा और साहित्य के लिए जीवन अर्पण करने वाले राहुल सांकृत्यायन महापंडित और त्रिपिटकाचार्य दोनों एक साथ कहे जाते है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष भंते महेंद्र ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देकर बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया गया है। यह पालि और बौद्ध धर्म को समझने में मदद करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भदंत ज्ञानेश्वर ने कहा कि पालि भाषा के व्यापक अध्ययन से भारतीय संस्कृति को व्यापक रूप से समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने महाविद्यालय में अगले सत्र से पालि के अध्ययन की बात की। पूर्व विधायक रजनीकान्त मणि त्रिपाठी ने कहा कि बुद्ध के विचारों को आने वाली पीढ़ियां बढ़ेंगी और उन्हें आत्मसात करेंगी। पूर्व आईपीएस श्री संजय कुमार ने भाषा को शास्त्रीय भाषा की मान्यता मिलने के पीछे निहित छः तत्त्वों पर प्रकाश डालते हुए सम्राट अशोक के अभिलेखों की चर्चा की। श्री वीरेंद्र तिवारी ने बौद्ध धर्म की ऐतिहासिकता की चर्चा करते हुए उसकी प्राचीनता, मर्म और महत्व से सभा का परिचय कराया।

विशिष्ट वक्ता शिवानंद द्विवेदी ने संगोष्ठिकी की वैचारिकी पर प्रकाश डाला। प्रो० वीरेंद्र कुमार ने बौद्ध धर्म और दर्शन को नए चश्मे से देखने की बात की। प्रो० गौरव तिवारी ने भाषा के रूप में पालि के विविधता की चर्चा की। आर्या धम्म नैना ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संयोजन और संचालन पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भावेश पांडे ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज सेवी राकेश जायसवाल, सतीश मणि, अनिल राव, प्रोफेसर रामभूषण मिश्र, प्रो राघवेंद्र मिश्र, प्रो रवि पाण्डेय, प्रो इंद्रासन प्रसाद, प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो सीमा त्रिपाठी, डॉ रीना मालवीय, डॉ वीरेंद्र साहू, प्रो राजेश सिंह, डॉ निगम मौर्य, डॉ कृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ सौरभ द्विवेदी, डॉ चंद्रशेखर सिंह, डॉ बीना कुमारी, प्रो ज्ञान प्रकाश मंगलम, डॉ राकेश चतुर्वेदी, डॉ सी पी सिंह, डॉ सुरेंद्र चौहान, डॉ धीरज सिंह, डॉ शिव कुमार, डॉ पंकज दुबे, डॉ यज्ञेश नाथ त्रिपाठी, डॉ सुबोध गौतम, डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉ राकेश सोनकर सहित विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले गुनाहगार को तीन साल की सजा के साथ ही हुआ आठ हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता



एडीजीसी- विशम्भर पाल सिंह

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जलालपुर में अभियुक्त ने पीड़िता के घर में रात में घुसकर छेडखानी की घटना को दिया था अंजाम। घटना के बाद पीड़िता की तहरीर पर जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली निवासी अभियुक्त राहुल पुत्र सिद्धगोपाल के खिलाफ 15 सितम्बर 2017 को अ०सं० 171/2017 धाराझ354ए,457,376 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कनविक्शन के तहत 16 दिसम्बर 2024 को हमीरपुर की एफटीसी फर्स्ट, गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने अभियुक्त राहुल को धारा 354ए,457 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सजा के साथ ही आठ हजार रुपये का किया जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई रावेन्द्र कुमार ने पूरी की, वहीं अभियोजन की तरफ से दमदार पैरवी एडीजीसी विशम्भर सिंह ने की।

### गैंगस्टर के गुनाहगार को दो साल की सजा के साथ ही हुआ पांच हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता



एडीजीसी- सुशील त्रिपाठी

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के राठ में 26 जून 2009 में अ०सं०- 958/2009 धारा2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत संगठित गिरोह बनाकर अपने सदस्यों को फायदा पहुंचाते हुये अवैध वसूली कर आम लोगों में डर के साथ ही आतंक पैदा करने के चलते अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ सन्जू चौरसिया पुत्र राजाराम चौरसिया निवासी पुलिस लाइन के पीछे पहाडिया थाना सिविल लाइन जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश के खिलाफ दर्ज हुआ था मामला, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 17 दिसम्बर 2024 को हमीरपुर की एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ सन्जू चौरसिया को गुनाहगार मानते हुये दो साल की सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का किया जुमार्ना,जबकि मामले की जांच तत्कालीन मझगवां थानाध्यक्ष डी०वी० साहिनी ने पूरी की थी,वहीं अभियोजन की तरफ से मामले की जोरदार पैरवी एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी ने की।

### 1146 दर्शकों ने राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर का किया अवलोकन



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर भ्रमण पर आए विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, बच्चों व सैलानियों सहित 1146 ने राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर में जाकर दर्शक दीर्घा में रखी कलाकृतियों का अवलोकन किया। बुधवार को कृष्णा हायर सेकेंडरी स्कूल गौरी बाजार देवरिया, वेस्टीज हिल्टन स्कूल अंबेडकर पटना पब्लिक स्कूल गोपालगंज, सेंट्रल पब्लिक स्कूल संतकबीरनगर, कंपोजिट विद्यालय गोरखपुर, रामानुजन साइंस अकैडमी सिवान बिहार, ग्रामस्थली बालिका इंटर कॉलेज ककराखोर गोरखपुर, आदर्श क्रिकेट कृषक इंटर कॉलेज सिहटिकर संत कबीर नगर, परमहंस विद्यापीठ कुइया देवरिया, आकाश पब्लिक स्कूल आवास विकास बस्ती, नंदकिशोर इंटर कॉलेज रामपुर गाजीपुर, उर्मिला पब्लिक एकेडमी संतकबीरनगर, एम एस सेंट्रल एकेडमी मेहदावल संत कबीर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों और देश विदेश से आये दर्शकों ने संग्रहालय परिसर में बने ड्राई रिवर को देखा और उसकी प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन करते हुए सेल्फी ली। इसी क्रम मे संग्रहालय के वरिष्ठ सहायक तेज प्रताप शुक्ला ने कला वीथिकाओं में प्रदर्शित कलाकृतियों के माध्यम से कला एवं संस्कृति की जानकारी दी। जानकारी के साथ जिज्ञासु छात्र - छात्राओं ने प्रश्न किये जिनका उत्तर श्री शुक्ला ने देकर उन्हें संतुष्ट किया।

### इंस्पेक्टर ने थाने में 50 सेकेंड में मारे 31 थप्पड़



**झांसी।** से एक इंस्पेक्टर की दबंगई सामने आई है। दोस्त के साथ पैरवी करने आए युवक को इंस्पेक्टर सुधाकर कश्यप ने थाने में बैठा लिया। उसे 50 सेकेंड में 31 थप्पड़ और लात मारे। गाली देते हुए पुलिसकर्मियों को पट्टा उठाने के लिए कहा। उसे जेल भेजने की भी धमकी दी। इस दौरान युवक गिड़गिड़ाता रहा। अपनी गलती पूछता रहा। युवक ने रोते हुए इंस्पेक्टर को बुलाने के लिए बोला, तो उसने कहा कि मैं ही यहां का इंस्पेक्टर हूं। इस दौरान युवक का दोस्त थाने में ही मौजूद रहा। घटना 1 महीने पहले की मऊरानीपुर थाने की है। वीडियो बुधवार को सामने आया। एसएसपी ने इंस्पेक्टर सुधाकर कश्यप को सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी है। मऊरानीपुर के रूपा धमना गांव निवासी एक युवक का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। करीब एक माह पहले युवक थाने में पत्नी के खिलाफ शिकायत करने पहुंचा था। वो अपने साथ पलरा गांव निवासी सतेंद्र कुमार को ले गया था। सतेंद्र ने बताया- दोस्त के नाते वह थाने चला गया था। वहां इंस्पेक्टर सुधाकर दोस्त को जेल भेजने की धमकी देने लगे। तब मैंने उनसे कह दिया कि ऐसे कैसे जेल भेज दोगे। इस पर वे भड़क गए और मुझे जेल भेजने की धमकी देते हुए नाम पूछने लगे। दादा का नाम नहीं बता पाया तो बुरी तरह मारपीट की। 20 मिनट तक थाने में बैठाकर रखा। तभी किसी ने इसका वीडियो बना लिया।

# टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ का अभी और करना होगा इंतजार

▸▸ कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में लेकर आ सकती है आईपीओ


**नई दिल्ली ।**

टाटा प्रोजेक्ट्स के आईपीओ के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले एक से डेढ़ साल के अंदर यह पब्लिक इश्यू आ सकता है। दरअसल ईटी की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के सीईओ ने यह जानकारी दी है। इससे पहले पिछले साल टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ आया था, जिसे निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था और लिस्टिंग पर इसने तगड़ा गेन दिया था। खास बात है कि अगर टाटा प्रोजेक्ट्स का आईपीओ तय समय सीमा पर आता है तो यह 2 साल के अंदर टाटा ग्रुप की किसी कंपनी का दूसरा पब्लिक इश्यू होगा। टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ 19 साल बाद टीसीएस के पब्लिक इश्यू के बाद आया था। टाटा प्रोजेक्टस के सीईओ ने कहा कि कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में आईपीओ लेकर आ सकती है। हालांकि, यह तब ही संभव है जब कंपनी लगातार कैश जनरेट कर पाएगी। टाटा प्रोजेक्ट्स, कंस्ट्रक्शन कारोबार में एक बड़ा नाम है। मौजूदा वक्त में कंपनी की ऑर्डर बुक 40000 करोड़ रुपये है। कंपनी के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स में दिल्ली में स्थित नया संसद भवन और मुंबई में अटल सेतु शामिल हैं। खास बात है कि यह कंपनी 20 फीसदी से अधिक परियोजनाएं टाटा समूह की कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा पावर, इंडियन होटल्स, टाटा स्टील और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से हासिल करती है।




# स्मार्टफोन निर्यात के मामले में एप्पल का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।**




एप्पल कंपनी ने नवंबर महीने में स्मार्टफोन निर्यात के मामले में शानदार प्रदर्शन किया। इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 20,300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

भारत में स्मार्टफोन निर्यात ने इस साल नवंबर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो पहली बार 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। पिछले साल नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात 10,600 करोड़ रुपये से अधिक था। इस माह निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा, इसके बाद सैमसंग का स्थान था। भारत का स्मार्टफोन निर्यात लगातार बढ़ रहा है, और यह एक संकेत है कि देश के उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत स्मार्टफोन विनिर्माण में बड़ी सफलता मिल रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि को स्मार्टफोन पीएलआई योजना के लिए एक मील का पत्थर बताया। मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, एप्पल द्वारा 10 बिलियन डॉलर के आईफोन का उत्पादन और 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ है। भारत से कुल स्मार्टफोन निर्यात 7 महीनों में 10.6 बिलियन डॉलर को पार कर गया। इसके अलावा, भारत में प्रीमियम, 5जी और एआई स्मार्टफोन की मजबूत मांग के कारण इस वर्ष 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के लोकल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात वृद्धि को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के आंकड़ों के अनुसार, 2014-15 में मोबाइल फोन का उत्पादन 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में अनुमानित 4.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पीएलआई योजना के कारण 2,000 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है। सरकार की पीएलआई योजना के कारण, एप्पल के आईफोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2025 के सात महीनों में 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें अकेले 7 बिलियन डॉलर का निर्यात हुआ। यह एक रिकॉर्ड है, जो भारत में स्मार्टफोन उत्पादन और निर्यात में मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मोदी सरकार ने छूट क्या दी............लोगों ने खूब खरीदा सोना, बन गया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।**



शादी और त्यौहारों के सीजन में लोगों ने इतना सोना खरीदा की रिकॉर्ड ही बन गया। इसके पीछे बड़ी वजह ये है कि मोदी सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में ढील दे दी थी। इससे सोना मंगाना और बेचना सस्ता हो गया। वहीं शादी और त्यौहारों का सीजन होने की वजह से जमकर खरीदारी हुई। इसकारण नवंबर माह में ही देश में सोने का आयात चार गुना बढ़कर 14.86 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से त्यौहारी सीजन और शादी-विवाह की मांग के कारण सोने का आयात बढ़ा है। इसके पहले नवंबर, 2023 में सोने का आयात 3.44 अरब डॉलर रहा था। कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान आयात 49 प्रतिशत बढ़कर 49 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 32.93 अरब डॉलर था। मंत्रालय के अनुसार, करीब 25 प्रतिशत औसत वार्षिक रिटर्न के साथ सोना 2024 (नवंबर तक) में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली संपत्तियों में से एक है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में इस साल 2024 में अब तक सोने की कीमतें 23 प्रतिशत बढ़कर 78,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं। बजट में मोदी सरकार ने सोने के आयात पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत किया था। इसके बाद विदेश से सोना मंगाना सस्ता हो गया और घरेलू बाजार में भी कीमतों में करीब 6 हजार रुपये की गिरावट आई। इस कारण भारत का सोना आयात 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया था। अगर देश में आयात की बात की जाए, तब स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी हमारे कुल आयात में लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का नंबर आता है।

# क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर देश में अब टैक्स लगेगा

- क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा

**जयपुर ।**

जोधपुर के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने भारत में क्रिप्टोकरेंसी पर टैक्स को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला किया है, जिससे देश में क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर टैक्स लगने वाला है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ क्रिप्टोकरेंसी को अब कैपिटल एसेट के रूप में माना जाएगा और इससे मुनाफे पर टैक्स किस प्रकार लगाया जाएगा, यह स्पष्ट हो गया है। इस निर्णय के मुताबिक क्रिप्टोकरेंसी से होने वाला मुनाफा हाई इनकम टैक्स स्लैब के बजाय कैपिटल गेन टैक्स माना जाएगा।

यह फैसला ऐसे निवेशकों के लिए बड़ा समाचार है जो क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन करते हैं। उन्हें अब लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की केटेगरी में ही टैक्स की दरें चुकानी होंगी, जिससे उन्हें कम टैक्स देने होंगे। इस निर्णय ने निवेशकों को स्पष्टता दी है कि क्रिप्टोकरेंसी में विशिष्ट नियम पेश करने से पहले हुए ट्रांसक्शन्स को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में समझा जा सकता है। इससे निवेशकों को अधिक जानकारी और सुरक्षा मिलेगी और वे अपने निवेश को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकेंगे।



# देश में 40 फीसदी लोग ही करते हैं यूपीआई का उपयोग: रिपोर्ट

- यूपीआई प्रणाली को अधिकांश लोग नहीं करते पसंद

**नई दिल्ली ।**

भारत के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में वित्तीय लेनदेन के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) का अधिकांश लोगों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है, जैसा कि ईवाई और सीआईआई की संयुक्त रिपोर्ट में प्रकट हुआ है। मान्यताओं के अनुसार इस प्रणाली को 40 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है, लेकिन केवल चार लोग ही इसे लेनदेन का पसंदीदा तरीका मानते हैं। रिपोर्ट में 11 फीसदी प्रतिभागी ने ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में यूपीआई को भुगतान के रूप में वरीयता नहीं दी है। इस सर्वेक्षण के अनुसार महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अधिकतर थे। सीआईआई इंडिया के पार्टनर वित्तीय सेवाओं के प्रमुख ने इस स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारी रिपोर्ट वित्तीय संस्थानों के लिए ग्रामीण और कस्बाई भारत में विशेष बचत और निवेश समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक नई दिशा प्रदान करती है। इस स्थिति में उचित जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से यूपीआई प्रणाली के फायदों को ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों तक पहुंचाना अवश्यक है ताकि इसका उपयोग विस्तार से हो सके।




# विशाल मेगा मार्ट का शेयर बाजार में सूचीबद्ध

शेयर का मूल्य बीएसई पर 41 प्रतिशत बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया

**नई दिल्ली ।** घरेलू सामानों के लिए बड़ी-बड़ी दुकानें चलाने वाली विशाल मेगा मार्ट ने बुधवार को अपने निर्गम मूल्य में बढ़ोतरी के साथ बाजार में सूचीबद्ध हो गया है। इसमें शेयर का मूल्य बीएसई पर 78 रुपये से 41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110 रुपये पर तय किया गया है। यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि बाजार में कंपनी को उम्मीदवारों की अच्छी प्रतिध्वनि मिली है। एनएसई पर भी शेयर का मूल्य 33.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104 रुपये पर शुरू हुआ था। विशाल मेगा मार्ट की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बेहद सफल रही थी और शेयर बिक्री के अंतिम दिन गत शुक्रवार को 27.28 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने 8,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 74-78 रुपये प्रति शेयर रखा था। इस बढ़ोतरी के बाद, कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,644.57 करोड़ रुपये हो गया है। जिस तेजी से विशाल मेगा मार्ट का शेयर मांग में उछल रहा है, वह बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। उम्मीद है कि कंपनी इस सफलता की श्रुतांत को बनाये रखने में सफल रहेगी और उसके शेयरहोल्डर्स को और अधिक लाभ प्रदान करेगी।



# वन मोबिक्विक सिस्टम्स का शेयर 58 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए

**नई दिल्ली ।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने बुधवार को बाजार में उछाल बनाई जब उसके शेयर अपने निर्गम मूल्य 279 रुपये से 58 प्रतिशत से अधिक चढ़कर सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर 58.51 प्रतिशत चढ़कर 442.25 रुपये पर संकलित हो गए। इसके बाद वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर 87.81 प्रतिशत उछाल के साथ 524 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी की बाजार मूल्यांकन 3,435.68 करोड़ रुपये के पार पहुंची। एनएसई पर उनके शेयर ने 57.70 प्रतिशत के उछाल के साथ 440 रुपये पर शुरुआत की। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की आखिरी दिन को 119.38 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने अपनी 572 करोड़ रुपये के आईपीओ को 265-279 रुपये प्रति शेयर के दायरे में बोली थी। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की आईपीओ की कामयाबी ने बाजार में चर्चा उत्पन्न की और निवेशकों की ध्यान आकर्षित किया।

# साई लाइफ साइंसेज का शेयर 20 फीसदी बढ़त पर सूचीबद्ध

कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ और 2,092 करोड़ के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी

**नई दिल्ली ।** साई लाइफ साइंसेज के शेयर ने बुधवार को बाजार में धूम मचाई। यह इसके निर्गम मूल्य 549 रुपये से 20 प्रतिशत अधिक उछाल के साथ उच्चतम स्तर पर सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने बीएसई पर 20.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 660 रुपये पर सूचीबद्ध किया गया, जो बाद में 27.86 प्रतिशत उछाल के साथ 702 रुपये पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त एनएसई पर शेयर ने 18.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 650 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,493.75 करोड़ रुपये था। साई लाइफ साइंसेज के आरम्भिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शेयर बिक्री के तीसरे और अंतिम दिन तक 10.26 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने आईपीओ में 950 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,092 करोड़ रुपये के 3.81 करोड़ शेयर की बिक्री पेश की थी। इसके लिए मूल्य दायरा 522-549 रुपये प्रति शेयर था।

# झारखंड सरकार ने कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की

कानूनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले अधिसूचना जारी की गई थी

**रांची ।** झारखंड सरकार ने केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया का पहला कदम राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को अधिकृत करने वाले अधिसूचना की जारी करना था। पिछले महीने झारखंड की नई सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की घोषणा की थी। उसके बाद एक अधिसूचना जारी की गई जिसमें कहा गया, राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार सचिव को केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। केन्द्रीय कोयला राज्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड का केंद से कोई बकाया नहीं है, लेकिन झामुमो के महासचिव ने इसका खंडन किया और कहा कि अगर कोयले की रॉयल्टी 15 दिनों के अंदर नहीं दी जाती है तो राज्य से कोयला नहीं जाएगा। इसके साथ ही, कोयला कंपनी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि कोयला ढुलाई बंद कर दी जाएगी।



# अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सहमे बाजार, बुधवार को पांचवें दिन लाल रहा बाजार

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार पांचवें ट्रेडिंग सेशन में गिरकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले विदेशी निवेशक जोखिम नहीं ले रहे हैं और अमेरिकी शेयरों में निवेश के चलते भारतीय इक्विटी बेच रहे हैं। साथ ही किसी भी प्रमुख घरेलू ट्रिगर नहीं होने की वजह से बाजार बुधवार को गिरकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को मामूली गिरावट के साथ 80,666.26 अंक पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सेशन में यह 80,684.45 के स्तर पर बंद हुआ था। अंत में सेंसेक्स 502.25 अंक की गिरावट लेकर 80,182.20 पर बंद हुआ। इसतरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 24,300 के नीचे खुला। इसके बाद में इसमें गिरावट बढ़ गई। अंत में यह 155.05 अंक फिसलकर 24,180.95 पर बंद हुआ। बुधवार को बाजार में सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर 2.75 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं दूसरी तरफ, टीसीएस (टीसीएस) का शेयर सबसे ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा इंडेक्स हैवी वेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और सनफार्मा, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं बाजार जानकारों का मानना है कि दिन के अंत में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय से पहले निवेशक सतर्क दिख रहे हैं। निवेशकों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है। हालांकि, निवेशकों का ज्यादा ध्यान इस बात पर रहेगा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल बैठक के बाद क्या कहते हैं।

**वैश्विक बाजारों का क्या हाल ?**

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की नुकसान में दिखाई दिया। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।



**विशाल मेगा मार्ट आईपीओ की जोरदार लिस्टिंग**

विशाल मेगा मार्ट आईपीओ के शेयरों की बुधवार को शेयर बाजार में शानदार एंट्री हुई। एनएसई पर आईपीओ 104 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 78 से 33.33 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, बीएसई पर यह 110 रुपये के भाव पर लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस से 41 प्रतिशत ऊपर है। इसतरह डिजिटल पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर वन मोबिक्विक सिस्टम के शेयरों की बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई। एनएसई पर वन मोबिक्विक सिस्टम का आईपीओ 440 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो इसके इश्यू प्राइस 279 से 57.70 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बीएसई पर यह रुपये पर 442.25 रुपये लिस्ट हुआ, जो आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड से 58 प्रतिशत ज्यादा है।

# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने क्यूआईपी के जरिये 1,000 करोड़ जुटाए

धन का उपयोग केपीआईएल की वित्तीय स्थिति सुधारने में किया जाएगा

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल (केपीआईएल) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पांच संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। कम्पनी ने कहा कि यह उनके विविधीकृत व्यवसायिक खंड में निवेशकों के भरोसे की पुष्टि करता है। इस धन का उपयोग केपीआईएल के बही-खाते को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय स्थिति में सुधार करने और वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। जनसाधारण के लिए यह एक अच्छी खबर है क्योंकि केपीआईएल वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाएं संचालित कर रही है और 75 देशों में उपस्थित है। इसका मतलब यह है कि कंपनी ने अपने क्षेत्र में व्यापक उपस्थिति बनाए रखा है और अपने विश्व स्तरीय परियोजनाओं के माध्यम से विकास में योगदान देने के लिए अग्रसर है। केपीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्यूआईपी के माध्यम से जुटाए गए वित्तीय संसाधन ने उनकी कंपनी को मजबूती प्रदान की है और उनके विकास की योजनाओं को गति देने में मदद करेगा। इस आधार पर यह निश्चित रूप से एक बड़ी सफलता की घोषणा है जो क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देगी।

# सेबी ने ओडीआई के लिए खुलासा अनिवार्य किया

- नए नियमों के अनुसार अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे

**नई दिल्ली ।** सेबी ने ऑफ शोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट (ओडीआई) के लिए नए नियमों की घोषणा की। इससे स्पष्ट हुआ कि ओडीआई को स्वामित्व और आर्थिक हित से जुड़े खुलासे अनिवार्य होंगे। राजधानी बाजार नियामक ने ओडीआई को पहले पार्टिसिपेटरी नोट्स के रूप में जाना जाता था, जिनका प्रयोग हेज फंडों द्वारा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश के लिए किया जाता था। नए नियमों के अनुसार वे एक अलग पंजीकरण के माध्यम से ही ओडीआई इश्यू कर सकेंगे, जिसमें कोई मालिकाना निवेश नहीं होगा। सेबी ने जिन एफपीआई के पास ओडीआई बकाया है, उन्हें एक साल के अंदर अलग से पंजीकरण करने का निर्देश दिया है। नए नियमों के तहत, डेरिवेटिव के साथ ओडीआई इश्यू करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जो उनके मौजूदा भुगतानों को भी शामिल करेगा। सेबी ने इसके साथ ही डेरिवेटिव आधारित मौजूदा ओडीआई को भुनाने के लिए एक वर्ष की संवैधानिक सुविधा भी प्रदान की है। यह नए नियम ऑफशोर डेरिवेटिव इंस्ट्रूमेंट के सुरक्षित और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे निवेशकों को अधिक सुरक्षित माहौल में निवेश करने का अवसर मिलेगा, जिससे वित्तीय बाजार में विश्वास और स्थायिता बढ़ सकेगी।

# नवंबर में इक्विटी फंडों की नकदी घटकर 4 महीने के निचले स्तर पर

## इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई

नई दिल्ली । इक्विटी म्युचुअल फंडों की नकदी स्तरों में नवंबर में मामूली गिरावट देखी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार इक्विटी योजनाओं में नकदी में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो चार महीने की सबसे कम है। यह गिरावट अक्टूबर से आ रहे कमी का परिणाम हो सकती है। पीपीएफएएस म्युचुअल फंड के पास सर्वाधिक 21.5 प्रतिशत की नकदी थी, जबकि अन्य फंड हाउसों के पास छह महीने की उच्चतम गिरावट में 14 प्रतिशत की मासिक गिरावट थी। यह गतिविधि बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते हो रही है, हालांकि फंड अधिकारियों का लक्ष्य पूर्ण निवेश बनाए रखना है। नकदी स्थिति अनिश्चितता या महंगे मूल्यांकन के दौरान इन योजनाओं में नकदी रखने की आवश्यकता को दर्शाती है। नवंबर में ऐक्टिव योजनाओं में पूंजी निवेश कम आया था, जिसकी वजह एकमुश्त निवेश और नई फंड पेशकशों के संग्रह में गिरावट की गई थी। इससे तो यह स्पष्ट है कि बाजार में नकदी स्तरों में बदलाव के साथ आए गिरावट की वजह से इक्विटी योजनाओं की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में गिरावट भी देखने को मिल रही है।

# बिहार के विकास में अभूतपूर्व वृद्धिःअमृत लाल मीणा

पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई

**पटना ।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में डेटा खपत में 15 गुना वृद्धि हुई है। उनके अनुसार राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास, संपर्क में निवेश और रेल तथा सड़क तंत्र के निर्माण में कई बड़े कदम उठाए हैं। बिहार में सड़क घनत्व देश में तीसरे स्थान पर है, जो व्यापार और परिवहन को सुविधाजनक बनाता है। बिजली उत्पादन 700 मेगावाट से बढ़कर 7,000 मेगावाट हो गया है। राज्य में आईटी पार्क और डेटा सेंटरों का निर्माण भी हो रहा है। मीणा ने कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में भारी निवेश किया गया है। राज्य सरकार ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणा की है, जैसे कि एक्सप्रेस राजमार्गों का निर्माण और वाराणसी-कोलकाता परियोजना। उन्होंने बताया कि बिहार में गैस के लंबे नेटवर्क और गैस वितरण की व्यापकता में वृद्धि हुई है। दूरदराज क्षेत्रों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल भी पहुंचा है। वित्तीय संरक्षण में भी बड़ी वृद्धि हुई है, जैसे कि 2015 में एमएसएमई को 8,000 करोड़ रुपये का ऋण मिलता था, जबकि अब यह तादाद 77,000 करोड़ रुपये है। बिहार के विकास में यह सभी कदम क्रांतिकारी साबित हो सकते हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

# प्रदर्शन करने निकले थे 500 मीटर भी नहीं चल पाए

## बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन फुस्स, बड़े नेता दफ्तर में ही बैठे रह गए

## कारोबारी गौतम अडाणी की गिरफ्तारी और मणिपुर हिंसा के खिलाफ सड़क पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## सचिव शमी कपूर ने कहा 'पूरे देश में अराजकता की स्थिति है। मोदी और अमित शाह की तानाशाही चल रही है।

**पटना।** कारोबारी गौतम अडाणी की गिरफ्तारी और मणिपुर हिंसा के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस का प्रदर्शन रस्मअदायगी की तरह रहा। पूरा प्रदर्शन महज आधे घंटे के अंदर खत्म हो गया। कांग्रेसी पांच सौ मीटर ही आगे बढ़ पाए थे की उन्हें पुलिस ने रोक दिया और लौटा दिया। इधर, पूरे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर पार्टी की टॉप लीडरशिप गायब रही। जबकि प्रदर्शन को लेकर मीडिया को बताया गया था कि इसमें प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल होंगे। अडाणी और मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया था। लेकिन बिहार में इसका कोई असर नजर नहीं आया। पटना में कांग्रेस ऑफिस से लेकर राजभवन



तक नेता पैदल मार्च निकालने निकले थे। लेकिन पुलिस ने बीच में ही खदेड़ दिया। इस दौरान नेता केंद्र के खिलाफ सिर्फ नारेबाजी करते ही नजर आए। बिहार प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमी कपूर ने कहा 'पूरे देश में अराजकता की स्थिति है। मोदी और अमित शाह की तानाशाही चल रही है। मणिपुर जल रहा है। देश में अडाणी की सरकार चल रही है। इनको रोजगार और भ्रष्टाचार से कोई मतलब नहीं है। न योगी के बाल बच्चे है और न मोदी के। ये लोग क्या लोगों का दर्द समझेंगे। जब हम अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे तो बीच में हमें रोक दिया गया।' कांग्रेस नेताओं ने कहा 'अमेरिका में गौतम अडाणी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। इसके बाद भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। कानून के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मणिपुर में अभी भी हिंसा जारी है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है।'

> सचिव शमी कपूर ने कहा मणिपुर जल रहा है। देश में अडाणी की सरकार चल रही है। इनको रोजगार भ्रष्टाचार से कोई मतलब नहीं है। न योगी के बाल बच्चे है और न मोदी के।

### प्रदर्शन में पूर्व मंत्री-विधायक ही हुए शामिल

प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह शामिल नहीं हुए। इसके अलावा सीनियर लीडर मदन मोहन झा, विधानसभा में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान शामिल नहीं हुए।

प्रदर्शन में विधायक प्रतिमा दास, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपाशंकर, कांग्रेस के सभी प्रवक्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा, पूर्व विधान पार्षद अजय कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### बेतिया में विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत



**बेतिया।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आशानगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान आशानगर पटेल चौक निवासी मोहित कुमार श्रीवास्तव की पत्नी सिमरन राज(29) के रूप में हुई है। नाका थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के सुनील कुमार ने संदेह जताया है कि उसकी बेटी की कुछ खिलाने से मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर कार्रवाई के लिए संबंधित थाना को भेजा जाएगा। मृतका के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार मनी वर्मा ने बताया कि सिमरन राज की विगत एक सप्ताह से सांस और बुखार संबंधित समस्या थी। जिसके कारण उसका तबीयत खराब थी, इसकी जानकारी देकर मायके वाले को बुलाया गया था। लेकिन, वे आने से इनकार कर दिए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह सिमरन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में करीब 8:30 बजे इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान शाम में उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद शव को लेकर आशानगर घर लाया गया और इसकी सूचना मायके वाले को दी गई। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**बेतिया।** में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हुई है। घटना बेतिया-सुगौली रेल खंड के गेट नंबर-188 के पास की है। हालांकि, घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मृतक महिला की पहचान मझौलिया के नौतन खुर्द पंचायत के सेमरा ब्रिज निवासी स्वर्गीय फरजान मियां की 55 वर्षीय पत्नी शकीना खातून के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के पीछे बेतिया-सुगौली रेल खंड पर मंगलवार को शाम बांद्रा ट्रेन के चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई है।बताया जाता है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। पहले से ही बीमार चल रही थी। हालांकि, घटना की सूचना मझौलिया के सहायक स्टेशन मास्टर अतुल कुमार ने सुगौली जीआरपी को दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन के रन ओवर से महिला की मौत नहीं हुई है। ट्रेन के ठोकर से महिला की मौत हुई है।

### पटना हाई कोर्ट के वकील के घर छापेमारी, 4 घंटे तक छापा




**हाजीपुर।** के एसडीओ रोड स्थित एक मकान में NIA की टीम ने बुधवार की सुबह रेड की। टीम ने संदीप कुमार सिन्हा के घर में सुबह 5 बजे से लेकर 09:15 बजे तक छापेमारी की। लेकिन चार घंटे की तलाशी में NIA के हाथ कुछ भी नहीं लगा। NIA की टीम ने संदीप कुमार सिन्हा के घर ट्रक, पेटी, बक्सा, अलमारी, गोदरेज , सारे चीजों का तलाशी लिया, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। बता दें कि संदीप कुमार सिंहा पटना उच्च न्यायालय में बतौर अधिवक्ता के पद पर कार्यरत है। फिलहाल छापेमारी को लेकर मीडिया के किए गए सवालों पर NIA और पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

### शातिर ठग गिरफ्तार, 2 साथी फरार

**पटना।** के नदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से एक एटीएम बरामद हुआ है। जो दूसरे के नाम पर है। गिरोह के 2 सदस्य फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।फर्जी पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट दिखाया था फतुहा डीएसपी-1 निखिल कुमार ने बताया कि एक महीने पहले गिरफ्तार व्यक्ति पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। उसने अपनी गाड़ी में 6 हजार का पेट्रोल भरवाया। साथ ही काउंटर से 4200 रुपए कैश भी लिया। मैनेजर को फर्जी पेमेंट का स्क्रीन शॉर्ट भी दिखाया था। शातिर ने पैसे नहीं भेजे, उल्टा मैनेजर का ही अकाउंट होल्ड हो गया। मंगलवार को फिर से उसी पेट्रोल पंप पर कार से 2 लोगों के साथ पहुंचा था। जिसे कर्मचारियों ने पहचान लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## चंदा विवाद में आपस में भिड़े पुजारी और सेवादार



**पटना।** जिले के बख्तियारपुर में चंदा और दक्षिणा विवाद में पुजारी और सेवादार आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना करौटा स्थित मां जगदंबा मंदिर की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद ने बताया कि छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। माता के आशीर्वाद से इस मंदिर को भव्य बनाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। चंदा और दक्षिणा उगाही की बात बेबुनियाद है। घर के झगड़े को लेकर आपस में भिड़े थे। मंदिर की छवि को धूमिल करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद कार्रवाई करेंगे वहीं, बाढ़ एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जल्द ही दोनों पक्षों से संपर्क किया जाएगा। निजी विवाद की बात सामने आ रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गैस रिसाव से लगी घर में आग

**वैशाली।** के पातेपुर थाना क्षेत्र की मंडइडीह पंचायत के वार्ड संख्या-6 पूर्वी टोला में रसोई गैस के रिसाव से भीषण आग लग गई। घटना देर शाम की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना में घर में रखे आभूषण, कपड़ा, नकद रुपए, बर्तन, राशन आदि लाखों रुपए का समान जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मंडई डीह गांव निवासी प्राइवेट ट्यूटर प्रताप वीरेंद्र शंकर उर्फ भोला सिंह घर में गैस पर अपने लिए चाय बनाने गए थे। इस दौरान जैसे ही गैस जलाया सिलेंडर में आग पकड़ लिया। बताया गया कि ट्यूशन पढा कर छुट्टी देने के बाद शिक्षक



गैस चूल्हा पर चाय बना रहे थे।पीड़ित ने बताया कि बीते रविवार को गैस एजेंसी की गाड़ी से सिलेंडर की डिलिवरी ली थी। उसी दिन सिलेंडर से लीक गैस की गंध का अनुभव हो रहा था। डिलेवरी के समय भी वेंडर से वॉल्व चेक कर लेने को कहा था। उन्होंने सब ठीकठाक बताया था। मंगलवार की शाम चाय बनाने के दौरान लीक हो रहे गैस में आग पकड़ लिया। सिलेंडर में आग लगते ही भयानक रूप धारण कर लिया। सिलेंडर में आग लगते ही वे बाहर भाग कर शोर मचाना शुरू कर दिया. इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। जिससे आग विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर जुटे लोगों ने दी फायर ब्रिगेड की सूचना दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया. बताया गया कि जब तक आग पर काबू पाया जाता घर समेत घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। गृह स्वामी ने बताया है कि अगलगी में अनाज, कपड़े, बर्तन, पत्नी के तीन चार लाख के जेवर व कपड़े, घर बनाने के लिए बक्से में रखा एक लाख 28 हजार रुपए कैश और अन्य सामान जलकर राख हो गया। बताया गया कि घटना में लगभग 5 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## बेतिया में आग लगने से 7 घर जलकर राख





**बेतिया।** में मंगलवार शाम अचानक आग लगने से 7 घर जलकर राख हो गया। घटना जिले के नरकटियागंज प्रखंड के मथुरा गांव की है। हालांकि, घटना की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने स्थानीय लोगों के मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब-तक घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं, इस अगलगी की घटना में मथुरा गांव के वार्ड 9 निवासी शेष नाथ मुखिया, अंसारी मुखिया, मुस्मात मंदोदर, राजकुमार दास, जोखु मुखिया, मेघ मुखिया और राजदेव मुखिया का घर जल कर राख हो गया है। इसकी जानकारी गोखुला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रोशन ब्याहत ने दी है। उन्होंने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में गैस रिसाव होने लगा। इसके चलते फुसनुमा घर में आग पकड़ लिया।जब तक घर वाले कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आग बुझाने के प्रयास में सभी ग्रामीण भी जुटे हुए थे। लेकिन देखते ही देखते आग 7 घरों को अपने आगोश में ले लिया था। हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के पहुंचने के बाद अन्य घरों को जलने से बचा लिया गया है। उन्होंने बताया इस घटना में गरीब परिवार का 7 घर जल गया है और घर में रखा कपड़ा, बर्तन चौकी, गहना रुपया समेत सभी जल कर नष्ट हो गया है। इधर, थाना ईंचार्ज अवनीश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया है।

## दो किलो गांजा के साथ दो तस्कर अरेस्ट



**बेतिया।** रेल पुलिस ने छापेमारी कर मुजफ्फरपुर-बेतिया रेखखंड के सुगौली रेलवे स्टेशन से दो किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके पास से जब्त गांजा का अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 40 हजार रुपया कीमत बताया गया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर मझौलिया थाना के बखरिया निवासी रौनक मिश्रा उर्फ जग्गू, गुदरा के जमादार यादव बताए गए हैं। इधर मंगलवार शाम रेल डीएसपी उमेश कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर रेल एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में नेपाली गांजा का खेप सुगौली रेलवे स्टेशन से सप्तक्रांत एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली मेट्रो स्टेशन के पास जाने वाला है। सूचना के आधार सुगौली रेल पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पीटू बैग में छुपाकर रखे गए दो किलो गांजा के साथ जमादार व रौनक को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि गांजा को दिल्ली इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के समीप संजू कुमार उर्फ अन्ना व उसके साढु कार्तिक को ITO थाना के अन्ना देना था।

## महापौर ने समारोह पूर्वक बांटा कबीर अंत्येष्टि योजना का चेक



**बेतिया।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के लाभुक परिवारों को अनुदान राशि का चेक समारोह पूर्वक सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे यानी इढछ परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इढछ श्रेणी के परिवारों के किसी भी उम्र के व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार या आश्रित को अंतिम संस्कार के खर्च के लिए एकमुश्त अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह योजना पूरी तरह से राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्त-पोषित है। लाभुकों में प्रतिभा देवी, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद अखलाक, रंभा देवी, दीपलाल बैठा, आनंद किशोर दास, हलीमा खातून आदि शामिल रहे।

इस मौके पर निगम के नाजिर साहब अली के साथ मो इम्तियाज, सोनेलाल गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## 3 दोस्तों के साथ मौसी से फिजिकल रिलेशन बनाता रहा

**बेगूसराय।** में यौन शोषण से पीड़ित नाबालिग (17) ने रविवार दोपहर बाद आत्महत्या कर ली थी। उसका 5 साल से अपने भतीजे के साथ अफेयर चल रहा था। प्रेमी (आरोपी) 20 साल का है, जिसपर आरोप है कि शादी का झांसा देकर कई बार फिजिकल रिलेशन बनाया था। इसके साथ ही आरोपी ने दो महीने पहले नाबालिग प्रेमिका को अपने तीन दोस्तों के पास ले गया था, जहां प्रेमी समेत चारों लड़कों ने मिलकर उसका शारीरिक शोषण किया था। गांव के लोगों के मुताबिक, आरोपी के दोस्तों ने नाबालिग का अश्लील फोटो और वीडियो बनाया था, जिसके जरिए ब्लैकमेल कर कई बार शारीरिक शोषण किया। वीडियो वायरल न हो जाए, इस वजह से पीड़िता चुप रही। इसका फायदा आरोपी और उसके दोस्तों ने उठाया। वीडियो बनाने वाले दिन से लगातार लड़की







का शोषण किया गया। इसके बावजूद आरोपियों ने फोटो और वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद से नाबालिग परेशान रहने लगी और फिर आत्महत्या कर ली। नाबालिग प्रेमी समेत 4 लड़कों के खिलाफ FIR दर्ज इस मामले में 17 दिसंबर (मंगलवार) को FIR दर्ज की गई है। मृतका की मौसेरी बहन ने तीन नामजद समेत चार लड़कों पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपियों में प्रेमी अवधेश के अलावा फोटो राम के बेटे पप्पू राम, लक्ष्मी मल्लिक के बेटे अनिल मल्लिक और एक अन्य युवक शामिल है। बहन ने बताया, 'मौसेरी बहन करीब 5 सालों से मेरे यहां रह रही थी। गांव के ही विनोद राम का बेटा अवधेश कुमार (20) 4 सालों से शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर रहा था। इस दौरान उसने फोटो-वीडियो बना लिया था। उसके दोस्तों के पास भी ऐसे फोटो वीडियो थे। इस फोटो-वीडियो के आधार पर उसके साथ गलत काम कर रहे थे।मृतका की बहन ने बताया, 'आत्महत्या से एक दिन पहले यानी 14 दिसंबर को अवधेश राम ने सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल कर दी थी। इससे वह टेंशन में आ गई थी। 15 दिसंबर की शाम उसने मुझे कपड़ा डालने के लिए छत पर भेज दिया। उसके बाद घर में बंद होकर फंदे से लटक गई। मेरे वापस लौटने पर उसने दरवाजा नहीं खोला, कोई आवाज नहीं दी तो हमने गांव के लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़कर उसकी बॉडी नीचे उतारी। स्थानीय लोगों की मदद से दलसिंहसराय के एक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी हम लोगों को धमकी दे रहे हैं कि शिकायत किया, तो पूरे परिवार को बर्बाद कर देंगे।'इस मामले में विभूतिपुर थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया, 'आवेदन के आधार पर ऋक्रक दर्ज की गई है। सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।'जीजा ने कहा था- शादी का बना रहा था दबावमृतक नाबालिग समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। इस साल वह मैट्रिक की परीक्षा देने वाली थी।

मौसेरी बहन के पति सऊदी अरब में रहते थे, वो घर में अपने दो बच्चो संग अकेली रह रही थी

# भारत के इस राज्य में है प्राचीन समय का अमूल्य खजाना



## सनातन धर्म को प्रदर्शित करती मंदिर और मूर्तियां आकर्षण का केंद्र

छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक महत्व के कई ऐतिहासिक और प्रसिद्ध स्थल हैं. उनमें से एक है सरगुजा का महेशपुर गांव, दुनिया की सबसे पुरानी थियेटर और शिलालेखों के लिए फेमस रामगढ़ के पास रेण नदी का तटीय क्षेत्र 8वीं शताब्दी से 13वीं शताब्दी के बीच कला और संस्कृति के अभूतपूर्व विकास का गवाह बना.


प्राचीन काल के टूटे-फूटे अवशेष सरगुजा जिले के महेशपुर और कलचा-देवगढ़ में फैले हुए हैं. शैव, वैष्णव और जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियों और प्राचीन टीलों की संख्या के लिहाज से महेशपुर आर्कियोलॉजिकल व्यू से बहुत महत्वपूर्ण है. छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ कई पुरातात्विक स्थल हैं. राज्य का प्राकृतिक स्वरूप और यहां छिपे हुए पुरातात्विक रहस्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं. इस जगह पत्थरों को तराश कर बनाई गई मंदिर और हजारों ऐसी मूर्तियां है जो सनातन धर्म को प्रदर्शित करती है.

अब तक आर्कियोलॉजिस्ट और आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट के द्वारा महेशपुर में चार टीलों की खुदाई की जा चुकी है. उन टीलों में कई मंदिरों और शिव-पार्वती की मूर्तियों के अवशेष मिले हैं. सरगुजा के उदयपुर क्षेत्र का रामगढ़, महेशपुर का इलाका भगवान राम के वन गमन और उनके वनवास के दिनों की यादों से जीवंत है. स्थानीय लोककथाओं के अनुसार जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका यहां रेण नदी के रूप में बहती हैं.

सरगुजा आने वाले सैलानियों के लिए ये स्थान आकर्षण का केंद्र हो सकता है, अंबिकापुर से रायपुर मार्ग से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर उदयपुर नाम का कस्बा है, इस कस्बे से ही महेशपुर जाने का मार्ग है. उदयपुर से करीब 12 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद आप महेशपुर पहुंच जायेंगे. पुरातत्व विभाग ने 2008-09 भी यहां खुदाई की थी, जिसमें अवशेषों का खजाना मिला था. इस स्थान पर पुरातत्व संग्रहालय भी बना है, लेकिन अवशेषों के संरक्षण की खास व्यवस्था नहीं है. साहित्यकार संतोष दास बताते है की उदयपुर से 12 किलोमीटर की दूरी पर महेशपुर नाम की जगह है, यहां 8 वीं से 13 वीं शताब्दी के पुरातात्विक अवशेष देखने को मिलते हैं, बहुत बड़ी संख्या में यहां पुरातात्विक अवशेष हैं, पर्यटकों के लिए ये काफी आकर्षक जगह है.

ग्रामीण बताते है की यहां अभी भी जमीन के नीचे हजारों की संख्या में अवशेष दबे हुए है, पुरातत्व विभाग को यहां फिर से खुदाई करानी चाहिये. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए की ये धरोहर संरक्षित हो सके और सरगुजा में पर्यटन की संभावना बढ़ सके.





कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। राजस्थान का कुम्भलगढ़ किला भारतीय इतिहास और स्थापत्य कला का एक अद्वितीय उदाहरण है। यह किला राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है और यह भारतीय किलों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कुम्भलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों, भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रसिद्ध है। यह किला केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि राजस्थान की शाही धरोहर का प्रतीक भी है। कुम्भलगढ़ को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। आइए, जानते हैं कुम्भलगढ़ के प्रमुख आकर्षण और इसके महत्व के बारे में।

# कुम्भलगढ़ पर्यटन स्थल: राजस्थान का ऐतिहासिक किला और धरोहर

### 1. कुम्भलगढ़ किला

कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। किले की दीवारें लगभग 36 किलोमीटर लंबी हैं, जो इसे दुनिया की दूसरी सबसे लंबी किलावाली दीवार बनाती हैं, केवल चीन की दीवार के बाद। कुम्भलगढ़ किले का किला परिसर बहुत विशाल है और इसमें कई महल, मंदिर और जलाशय हैं। किले की दीवारों पर चढ़कर आप कुम्भलगढ़ और आसपास के क्षेत्र का शानदार दृश्य देख सकते हैं।

### 2. बड़ी सीढ़ियाँ

कुम्भलगढ़ किले की विशाल दीवारों के आसपास बड़ी सीढ़ियाँ हैं, जिन पर चढ़ते हुए पर्यटक किले के विभिन्न हिस्सों को देख सकते हैं। इन सीढ़ियों से किले के भीतर के अन्य महलों और संरचनाओं का दृश्य अद्भुत होता है। किले की दीवारों पर बनी मजबूत संरचना यह दर्शाती है कि किले का निर्माण युद्ध की दृष्टि से बहुत ही मजबूत और प्रभावशाली था।

### 3. कुम्भलगढ़ किला के महल

कुम्भलगढ़ किले में कई महल स्थित हैं, जिनमें सबसे प्रमुख महल राणा कुम्भा महल है। इस महल का वास्तुशिल्प राजपूत शैली का अद्भुत उदाहरण है। इस महल में राजपूत शाही परिवार के लिए शानदार कक्ष, जलाशय और स्विमिंग पूल भी बनाए गए थे। महल के अंदर एक संग्रहालय भी है, जहाँ कुम्भलगढ़ किले के इतिहास और यहां रहने वाले शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

### 4. कुम्भलगढ़ के मंदिर

कुम्भलगढ़ किले के भीतर कई मंदिर स्थित हैं, जो किले की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। इनमें से कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में लक्ष्मी नारायण मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर हैं। इन मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों और शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है। ये मंदिर दर्शाते हैं कि कुम्भलगढ़ सिर्फ एक किला ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थल था।

### 5. कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

कुम्भलगढ़ किले के आसपास स्थित कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, एक शांतिपूर्ण और प्राकृतिक स्थल है। यहाँ की घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और पक्षी पाए जाते हैं। पर्यटक यहाँ जैव विविधता का आनंद ले सकते हैं और जंगली जीवन के करीब जा सकते हैं। अभयारण्य में ट्रैकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियाँ भी उपलब्ध हैं।

### 6. कुम्भलगढ़ किले का सूर्यास्त

कुम्भलगढ़ किला सूर्यास्त के समय बेहद सुंदर नजर आता है। किले की दीवारों पर चढ़कर सूर्यास्त का दृश्य देखना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह दृश्य न केवल मनोहक है, बल्कि यह पर्यटकों को शांति और सुकून का अनुभव भी कराता है।

### 7. कुम्भलगढ़ में फेस्टिवल्स और इवेंट्स

कुम्भलगढ़ किले में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, महोत्सव और प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। यहाँ का कुम्भलगढ़ महोत्सव एक प्रमुख उत्सव है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक संगीत, नृत्य और शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाता है। यह महोत्सव किले के ऐतिहासिक महत्व को फिर से जीवित करता है और पर्यटकों को एक शानदार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

### कैसे पहुंचे कुम्भलगढ़?

हवाई मार्ग : कुम्भलगढ़ का निकटतम एयरपोर्ट उदयपुर में स्थित है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 85 किलोमीटर दूर है। उदयपुर से टैक्सी या बस द्वारा कुम्भलगढ़ पहुंचा जा सकता है।

रेल मार्ग : कुम्भलगढ़ का निकटतम रेलवे स्टेशन नाथद्वारा रेलवे स्टेशन है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है। आप नाथद्वारा स्टेशन से कुम्भलगढ़ के लिए टैक्सी ले सकते हैं।

सड़क मार्ग : कुम्भलगढ़ सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उदयपुर, राजसमंद और अन्य प्रमुख शहरों से कुम्भलगढ़ के लिए बसें और टैक्सियाँ उपलब्ध हैं।

### सर्वोत्तम समय

कुम्भलगढ़ घूमने का सर्वोत्तम समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बहुत बढ़ सकता है, इसलिए इस मौसम में यात्रा करने से बचना चाहिए ।सबसे अच्छे वेकेशन पैकेज कुम्भलगढ़ किला राजस्थान का एक अद्भुत पर्यटन स्थल है, जो ऐतिहासिकता, वास्तुकला, और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ का किला, मंदिर, वन्यजीव अभयारण्य और सूर्यास्त के दृश्य पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। कुम्भलगढ़ ना सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह शांति, सुंदरता और रोमांच का भी एक बेहतरीन मिश्रण है। अगर आप राजस्थान की समृद्ध धरोहर को जानने के इच्छुक हैं, तो कुम्भलगढ़ एक बेहतरीन यात्रा स्थल है।



# कश्मीर को भी टक्कर देती हैं भारत की ये शानदार जगहें

कश्मीर अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। लेकिन कश्मीर के अलावा हमारे देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनको मिनी कश्मीर कहा जाता है। ऐसे में आप भी इन जगहों पर पहुंचकर जन्नत का दीदार कर सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर को जन्नत कहा जाता है। ऐसे में अधिकतर लोग जन्नत यानी की जम्मू-कश्मीर के दीदार के लिए जाते हैं। खूबसूरती के मामले में यह जगह किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। इसलिए इस जगह पर सिर्फ भारत से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं। कश्मीर अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। लेकिन कश्मीर के अलावा हमारे देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनको मिनी कश्मीर कहा जाता है।

ऐसे में आप भी इन जगहों पर पहुंचकर जन्नत का दीदार कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की ऐसी की कुछ अद्भुत और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में मौजूद तोष को भी कश्मीर नाम से जाना जाता है। हिमाचल के कुल्लु जिले में स्थित तोष में हर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।

समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर मौजूद तोष गांव खूबसूरती के मामले में जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है। बर्फबारी के दौरान यह जगह कश्मीर की तरह लगती है। बर्फबारी के दौरान यह गांव बर्फ की चादर से ढक जाता है।

### औली

उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थिति औली एक ऐसी जगह है, जहां पर घूमने का सपना सभी का होता है। यहां पर बड़े-बड़े देवदार के पेड़, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झील-झरने और घास के मैदान औली की सुंदरता को बढ़ाने का काम करते हैं।

इस हिल स्टेशन की खूबसूरती और बर्फबारी इस कदर फेमस है कि इसको उत्तराखंड का कश्मीर भी कहा जाता है। इसको मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता है। औली में बर्फबारी के दौरान यहां पर काफी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां के नजारे बिलकुल कश्मीर की तरह लगते हैं। यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी करने का अपना ही मजा होता है।

### मेचुका वैली

सिर्फ उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में ही खूबसूरत जगहें नहीं हैं, बल्कि आपको देश के नॉर्थ ईस्ट इंडिया में भी मनमोहक जगहें देखने को मिलती हैं। देश के इस हिस्से में कई अद्भुत और शानदार जगहें हैं, जो जम्मू-कश्मीर को भी टक्कर देने का काम करती हैं।

बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में स्थित मेचुका वैली एक ऐसी शानदार जगह है, जिसको नॉर्थ ईस्ट का कश्मीर माना जाता है। यहां पर घास के मैदान, मनमोहक पहाड़ और झील-झरने इस जगह की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। मेचुका वैली में जब बर्फ पड़ती है, तो पूरी वैली सफेद रंग में रंगी दिखती है। यहां के नजारे कश्मीर से कम नहीं होते हैं।

### मुनस्यारी

समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी बेहद खूबसूरत और मनमोहक जगह है। यह जगह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पड़ती है। यह उत्तराखंड के टॉप हिल स्टेशन्स में से एक है। यहां पर काफी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

मुनस्यारी अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। इसको मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। बर्फबारी के दौरान यह हिल स्टेशन बर्फ की चादर से ढक जाता है और यह इस दौरान यहां पर बर्फबारी का आनंद लेने के लिए काफी पर्यटक पहुंचते हैं। वहीं एडवेंचर प्रेमियों के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। मुनस्यारी में स्नो ट्रैकिंग पूरे भारत में फेमस है।

# पश्चिम बंगाल की खूबसूरती को बढ़ाती हैं ये समुद्र तटीय जगहें



पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो हिमालय पर्वत से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला है। इसलिए यहां पर हर साल लाखों की संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पश्चिम बंगाल देश का एक प्रमुख और बेहद खूबसूरत राज्य है। यह भारत का चौथा और सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह देश का 13वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। यह देश का एक ऐसा राज्य है, जो हिमालय पर्वत से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला है। इसलिए यहां पर हर साल लाखों की संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। पश्चिम बंगाल में सैमसिंग, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, संदक्फू और कलिम्पोंग जैसे हिल स्टेशन्स के बारे में तो हर कोई जानता है।

लेकिन पश्चिम बंगाल में मौजूद खूबसूरत समुद्र तटीय जगहों के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पश्चिम बंगाल में स्थित समुद्र तटीय जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जो राज्य की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। ऐसे में आप भी इन जगहों पर घूमने के लिए पहुंच सकते हैं।

दीघा

अगर पश्चिम बंगाल में किसी शानदार और फेमस समुद्र तटीय जगहों पर घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले दीघा पहुंचते हैं। यह जगह कोलकाता से करीब 164 किमी दूर बंगाल के टॉप डेस्टिनेशन में शामिल है।

दीघा बीच को समुद्र की हसीन लहरों के लिए जाना जाता है। यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बीच की खूबसूरती मुंबई या गोवा बीच से कम नहीं है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी पहुंचते हैं। इस बीच पर आप सूर्योदय और सुर्यास्त के भी मनमोहक नजारे देख सकते हैं।

शंकरपुर

बंगाल की खाड़ी के पास स्थित शंकरपुर राज्य का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। दीघा से करीब 15 किमी की दूरी पर यह खूबसूरत जगह स्थित है।

बता दें कि यह बेहद शांत जगह है, जहां पर आप सुकून के दो पल बिता सकते हैं। यह बंगाल के सबसे साफ-सुथरे बीचेज में से एक माना जाता है। शंकरपुर में एक तरफ समुद्र की लहरें और दूसरी तरफ सफेद रेत देखने को मिलेगी। इसके साथ ही आप यहां पर शानदार और मजेदार वॉटर स्पोर्ट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

ताजपुर

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 172 किमी दूर ताजपुर एक बेहद खूबसूरत और फेमस समुद्र तटीय जगह है। यह बेहद खूबसूरत जगह राज्य के मंदारमणि और शंकरपुर के बीच स्थित है।

सैलानियों को ताजपुर बीच सबस ज्यादा आकर्षिक करता है। आप इस बीच से राज्य की खूबसूरती को करीब से निहार सकते हैं। ताजपुर में भारत की सबसे डीप सी बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है। आपको यहां का सनसेट और सनराइज का बेहद शानदार नजारा मिस नहीं करना चाहिए।

मंदारमणि

बता दें कि कोलकाता से करीब 171 किमी और दीघा से 30 किमी दूर मंदारमणि गांव स्थित है। यहां पर भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

इस गांव में मंदारमणि बीच राज्य के सबसे ट्रेंडी बीच रिट्रीट में से एक माना जाता है। यहां का शांत माहौल और मनमोहक नजारा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर आप वॉटर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सर्दियों में घूमने के लिहाज से यह एक बेस्ट जगह है।

# बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच हुआ ड्रा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये तीसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन बुधवार को भारत की दूसरी पारी में शुरु हुई बारिश के कारण ड्रा घोषित कर दिया गया। ट्रैविस हेड को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवजा गया। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक मैच जीत कर बराबरी पर है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर मिली 185 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन पर घोषित कर भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था।

ऑस्ट्रेलिया के 275 रनों के लक्ष्य के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 2.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बनाये थे कि तेज बारिश शुरु हो गई। चायकाल के समाप्त होने बावजूद हो रही हल्की बारिश के कारण अम्पायरों ने मैच को ड्रा घोषित कर दिया। यशस्वी जायसवाल (नाबाद चार) और के एल राहुल (नाबाद चार) रन क्रीज पर थे।

भारत ने सुबह के सत्र में आज नौ विकेट पर 252 रनों से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में आठ रन और जुड़े थे कि ट्रैविस हेड ने आकाश दीप को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराकर 260 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। आकाश दीप ने 44 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। वहीं जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के स्कोर के आधार पर 185 रनों की बढ़त मिली।

इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार अपने विकेट खोती रही। उस्मान ख्वाजा (आठ), मार्नस लाबुशेन (एक) को बुमराह ने अपना शिकार बनाया। नेथन मैकस्वीनी (चार), मिचेल मार्श (दो) को आकाश दीप ने आउट किया। ट्रैविस हेड (17) और स्टीव स्मिथ (चार) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। 18वें ओवर में बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (22) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने तीन, आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे।



# ऑस्ट्रेलिया टीम ने अश्विन को दी स्पैशल टीशर्ट, कमिंस बोले- वह बेहतरीन खिलाड़ी है



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नहीं मानते कि यहां तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद 5 मैच की श्रृंखला में लय भारत के पक्ष में बन गई है और उन्हें इस बात की खुशी है कि उनकी टीम ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में पहली पारी में भारतीय टीम को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। तीसरे टेस्ट मैच में अधिकतर समय अपना पलड़ा भारी रखने वाले ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन पर समाप्त घोषित करके भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन बारिश के कारण आखिर में यह मैच ड्रॉ रहा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों ने अश्विन को एक विशेष जर्सी भेंट की जिसपर सभी क्रिकेटरों के हस्ताक्षर थे।



कमिंस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि मैं कभी लय को लेकर परेशान रहा। वास्तव में मैं इसकी कभी परवाह नहीं करता। मुझे लगता है कि इस सप्ताह के अपने प्रदर्शन से हम काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। हमारे बल्लेबाजों ने दो शानदार साझेदारियां निभाई। हमने नए विकेट पर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर 450 (445) रन बनाए और जब विकेट से बल्लेबाजों को थोड़ा मदद मिल रही थी तब भारत को 250 (260) रन पर आउट करने में सफल रहे। अपने इस प्रदर्शन से हम काफी प्रेरणा दे सकते हैं।

अब जबकि श्रृंखला 1-1 से बराबर है तब भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा करके सबको चौंका दिया, जिनमें कमिंस भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा कि निश्चित तौर पर यह थोड़ा चौंकाने वाला रहा। वह निश्चित तौर पर बेहतरीन खिलाड़ी है। ऐसे बहुत कम ऑफ स्पिनर हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ी। इसकी गणना सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हमेशा शानदार प्रतिस्पर्धी रहा। ऑस्ट्रेलिया और भारत में हमारे और उसके बीच काफी रोचक प्रतिस्पर्धा हुई। हमारी टीम उसका बहुत सम्मान करती है।

कमिंस ने बारिश के कारण ड्रॉ रहे तीसरे टेस्ट मैच को निराशाजनक बताया क्योंकि खिलाड़ियों को कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें कई बार अंदर बाहर होना पड़ा। मुझे याद नहीं कि अतीत में कभी ऐसा हुआ होगा। यह निराशाजनक था। कमिंस ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण श्रृंखला में आगे नहीं खेल पाएंगे लेकिन उन्हें उम्मीद है कि ट्रैविस हेड अगले मैच तक फिट हो जाएंगे जिनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। उन्होंने कहा कि जोश आगे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे जो कि निराशाजनक है। जहां तक ट्रैविस का सवाल है तो वह जल्द ही फिट हो जाएगा। उसकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है लेकिन वह मेलबर्न टेस्ट (26 दिसंबर से) तक फिट हो जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका ने आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा की

**केप टाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अपनी आगामी पाकिस्तान सीरीज के लिए टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। अनकैप्ड कॉर्बिन बॉश को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। बॉश के पास 40 से अधिक की प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी औसत और 36.75 की गेंदबाजी औसत के साथ एक ऑल-राउंड संभावना है, और पुरुष अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले उभरते हुए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को शामिल किया है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर को सेंचुरियन में शुरू होगी। सीरीज का दूसरा और अंतिम मैच 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।



वियान मुल्डर, जो इस सीजन की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से चूक गए थे, को भी टीम में शामिल किया गया है क्योंकि वह अपनी उंगली में फ्रैक्चर से उबरने के अंतिम चरण को पूरा कर रहे हैं। अगर ऑलराउंडर को पहले टेस्ट के लिए चुना जाता है, तो बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को टीम से बाहर कर दिया जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व कमर में गंभीर खिंचाव वाले स्पिनर केशव महाराज भी टीम में हैं, लेकिन उन्हें आगे के परीक्षणों से गुजरना होगा। दक्षिण अफ्रीका के रेड-बॉल कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल करने पर केंद्रित है। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका स्टैंडिंग में सबसे आगे है। आईसीसी ने शुकरी कॉनराड के हवाले से कहा, %हम इस सीरीज में स्पष्ट लक्ष्य के साथ उतरेंगे, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना होगा। हमने ऐसी टीम चुनी है जो हमें इसे हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देती है। यह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक रोमांचक समय है और हम विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। वे हमेशा अपने प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों के साथ एक मजबूत चुनौती पेश करते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।''

### दक्षिण अफ्रीका टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

# आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। आज यहां अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे।

अश्विन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है, लेकिन वो अब मैं क्लब स्तर क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। मैंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ काफी यादे है। मैं बीसीसीआई और साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद करना चाहूंगा। कुछ लोगों के नाम भी लेना चाहूंगा। सभी कोच जो इस यात्रा का हिस्सा रहे। रोहित, विराट, रहाणे, जिन्होंने कई सारे कैच पकड़े और मुझे मेरे विकेटों को लेने में मदद की। ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद, मैंने उनके खिलाफ खेलना हमेशा एंजॉय किया।÷




अश्विन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट लिए है। उन्होंने 37 बार पांच विकेट और आठ बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट लिये। वहीं 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल छह टेस्ट शतक लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम कुल आठ शतक रहे। एकदिवसीय क्रिकेट में 707 रन और टी-20 में उनके नाम 184 रन हैं।

## वेस्टइंडीज ने भारत को 9 विकेट से हराया, महिला टी20 सीरीज 1–1 से बराबर

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज महिला टीम ने कप्तान हेले मैथ्यूज की शानदार पारी की बदौलत भारत को 9 विकेट से हराकर टी20 सीरीज 1–1 से बराबर कर ली है। यह मुकाबला नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला गया। मैथ्यूज ने 47 गेंदों में 85 रनों की विस्फोटक पारी खेली और अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में मामूली स्कोर बनाया, जिसे वेस्टइंडीज ने आसानी से एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। हार के बाद भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अपनी योजनाओं को सही ढंग से लागू नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है। परिस्थितियां हमारे पक्ष में नहीं थीं और पिच पर नमी थी, लेकिन यह कोई बहाना नहीं हो सकता। हमें गेंदबाजी में अपनी रणनीति बेहतर करनी होगी। ओस की वजह से चुनौतियां थीं, लेकिन हमें अगले मुकाबले में मजबूत वापसी करनी होगी। वहीं, वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पिछले मैच में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक था, इसलिए आज हमें बेहतर करना जरूरी था। हमने खेल पर नियंत्रण रखा और यह तय किया कि हम इसे मजबूती से खत्म करना है। भारत को सीमित स्कोर पर रोककर हमें लगा कि लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। विंडीज की ऑलराउंडर डिआंड्रा डॉटिन ने भी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे दृढ़ संकल्प और बुनियादी क्रिकेट पर टिके रहने का नतीजा है।

# रोहित अगर रन नहीं बनाते है तो कप्तानी छोड़ सकते है : सुनील गावस्कर



ब्रिसबेन। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि आगामी मैचों में अगर कप्तान रोहित शर्मा की खराब फॉर्म जारी रही तो वह कप्तान छोड़ देंगे। बुधवार को यहां एक खेल चैनल से गावस्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित को निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में खेलने का मौका मिलेगा, यह पक्का है। लेकिन सीरीज के अंत में अगर वह रन नहीं बना पाए तो मुझे ऐसा लग रहा है कि रोहित कुछ फैसला करेंगे। वह बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ क्रिकेटर है, वह टीम पर बोझ नहीं बनना चाहेगा। उन्हें शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों द्वारा सामना किए जाने वाले दबावों की गहरी समझ है।' उन्होंने कहा, 'वह एक ऐसा क्रिकेटर है जो भारतीय क्रिकेट की बहुत परवाह करता है। इसलिए अगर वह अगले कुछ मैचों में रन नहीं बनाता है, तो मुझे लगता है कि वह खुद ही पद छोड़ देंगे।' उल्लेखनीय है कि रोहित एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़े। इस टेस्ट में उन्होंने 23 गेंदों पर तीन रन और 26 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने तीसरे टेस्ट में भी मध्यक्रम में ही उतरने का फैसला किया। तीसरे दिन बारिश के कारण रोहित को ज्यादा देर क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं मिला। चौथे दिन मंगलवार को रोहित 10 रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित इस साल प्रदर्शन खराब रहा है और उन्होंने इस साल अब तक 24 पारियों में 26.39 के औसत से 607 रन बनाए हैं।

# शमीम हुसैन, मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन के दम पर जीता बांग्लादेश

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2–0 से अजेय बढ़त

**सेंट विंसेंट (एजेंसी)।** शमीम हुसैन (नाबाद 35), मेहदी हसन मिराज (26) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 27 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही बंगलादेश ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के 129 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 102 रनों पर ढ़ेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रॉस्टन चेज ने सर्वाधिक (32) रनों की पारी खेली। अकील हुसैन ने (31) और जॉनसन चार्ल्स ने (14) रन बनाए।




वेस्टइंडीज के बाकी आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के लिए तसकीन अहमद ने तीन विकेट झटके। महेदी हसन, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट हासिल किए। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। शमीम हुसैन को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 11 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। कप्तान लिटन कुमार दास (तीन) और तौंजिद हसन (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सौम्य सरकार भी (11) रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने पारी संभालने का प्रयास किया। मेहदी हसन मिराज (26) और जाकेर अली (21) रन बनाकर आउट हुए। शमीम हुसैन ने बंगलादेश के लिए 17 गेंदों में (35) रनों की पारी खेली। बांग्लादेश की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने दो विकेट लिए। अकील हुसैन, रॉस्टन चेज, अल्जारी जोसेफ और ओबेद मकॉए ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# गूगल बुमराह का दीवाना, पोस्ट में लिखा– मैं जस्सी भाई पर यकीन करता हूं

### –दक्षिण अफ्रीका में जसप्रीत को सिराज ने दिया था जस्सी भाई नाम

नई दिल्ली,। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए संघर्ष भरा था। भारतीय गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो–ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ–साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। इन पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद फैंस बुमराह के रनों का शुक्रिया अदा नही कर सके। आभार में शामिल होते हुए गूगल इंडिया ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है। गूगल इंडिया की एक पोस्ट में लिखा है- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं। एक्स पर पोस्ट में एक ट्विटर उपयोगकर्ता के पोस्ट को उद्धृत करता है, जिसने बुमराह के पहले पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस वीडियो को कैप्शन के साथ साझा किया था। गूगल इट से बेहतर वापसी का नाम बताएं। बता दें कम लोगों को ही पता है कि बुमराह को जस्सी भाई नाम सबसे पहले मोहम्मद सिराज ने दिया था। दक्षिण अफ्रीका में भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद, सिराज ने आंखों में आंसू लेकर कहा था- मुझे पता था कि केवल जस्सी भाई ही भारत के लिए ऐसा कर सकते हैं और उन्होंने हमारे लिए यह किया।



## खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी शॉ विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली। टीम इंडिया से लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को विजय हजारे ट्रॉफी की मुंबई टीम से भी हटा दिया है। खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी को टीम से बाहर कर दिया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरू होने वाली है। पृथ्वी शॉ, जिन्हें कभी भारतीय क्रिकेट का भविष्य कहा जाता था और जिन्होंने टेस्ट डेब्यू में शतक जड़ा था, फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। इस सत्र में उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है। रणजी ट्रॉफी के दौरान उन्हें अनुशासन और फिटनेस संबंधी कारणों से बीच टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए उनकी वापसी हुई और मुंबई ने यह खिताब जीता, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर शॉ के प्रदर्शन में सुधार नहीं दिखा। नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी में भी शॉ को बड़ा झटका लगा था, जब किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। घरेलू क्रिकेट में भी वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सत्र में उन्होंने औसत प्रदर्शन किया था और इस बार टीम में उनको जगह नहीं मिली। मुंबई टीम से बाहर किए जाने के बाद पृथ्वी शॉ ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि भगवान, मुझे बताओ कि मुझे और क्या देखना है? लेकिन मैं आप पर भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग मुझ पर विश्वास करेंगे, क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। मुंबई टीम की कमान इस बार श्रेयस अय्यर संभालेंगे, जो 17 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी शामिल किया है। वहीं, अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी को टीम में जगह नहीं मिली है।



# ओलंपिक की बात करते थे तो मजाक बनाते थे : योगेश्वर दत्त

नई दिल्ली। पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने बताया कि जब वह ओलंपिक की बात करते थे तो लोग उनका मजाक बनाते थे। योगेश्वर दत्त ने साल 2012 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हाल ही में एक चैनल की समिट में पूर्व रेसलर भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कुश्ती की इमेज खराब की। ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा,' कुश्ती में मेडल जीतने के लिए मैं बता नहीं सकता कि मैंने कितना संघर्ष किया है। हमें इतनी ज्यादा इंजरी हुई है। हम ये गिन गिनते भी भूल जाते हैं। हम दिन भर के 7–8 घंटे मेहनत करते थे। राजनीति भी मुश्किल है। हर खिलाड़ी चाहते हैं कि वे मेडल जीते लेकिन जिसकी किस्मत अच्छी होती है वो वही ओलंपिक में मेडल जीतता है।' दत्त ने आगे कहा,'जब आप किसी दूसरे के हाथ में खेलने लग जाते हो तो ऐसा ही होता है। पहलवानों ने आंदोलन किया। उन्होंने बृजभूषण पर केस किया। आरोप लगाए। मैं मानता हूं कि जो दोषी हो उसे सजी मिलनी चाहिए। लेकिन पहलवानों ने कुश्ती को बदनाम किया। कांग्रेस ने ये सब किया। बाद में सच भी सामने आ गया कि यहां कौन गलता था।' ' योगेश्वर दत्त ने आगे कहा,' मैं और सुशील कुमार एक साथ आए हैं जब हम ओलंपिक की बात करते थे तो लोग हमारा मजाक बनाते थे। जब हमारे कोच कहते थे कि हम मेडल लेकर आएंगे तो लोगों को लगता था कि ये झूठ बोल रहे वे मजाक बनाते थे। हमने मेहनत की और मेडल जीता। लड़कियां भी कुश्ती में अच्छा कर रही हैं वो जहां भी जा रही मेडल जीतकर आ रही है।' बता दें कि योगेश्वर दत्त को 2013 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। योगेश्वर दत्त ने सितंबर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की थी। 2012 के ओलंपिक में उन्होंने 60 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उन्होंने 2010 और 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी मेडल जीते थे।



# आईसीसी रैंकिंग : जो रूट ने एक हफ्ते में हैरी ब्रूक से छीनी टेस्ट की बादशाहत, ये खिलाड़ी बना नंबर वन टी20 गेंदबाज

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड वर्सेस न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में 54 और 32 रन की पारी खेली थी। वहीं ब्रूक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। उन्होंने मैच में महज एक रन बनाया। उनका पहली पारी में खाता नहीं खुला था। ब्रूक 876 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्हें 22 अंकों का नुकसान हुआ।

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में शानदार शतक जमाया था और न्यूजीलैंड ने 434 रनों से विशाल जीत दर्ज की। विलियमनस 33वीं टेस्ट सेंचुरी ठोकने के बाद रूट से 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। उनके 867 अंक हैं। टॉप-10 में भारत के दो बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल चौथे और ऋषभ पंत नौवें नंबर पर हैं। भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में सेंचुरी मारने वाले ट्रैविस हेड पांचवें नंबर पर हैं। भात के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 20वें और कप्तान रोहित शर्मा 30वें स्थान पर मौजूद हैं।

### अकील हुसैन बने टी20 के नंबर 1 गेंदबाज

वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नए नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 अंक हो गए हैं। वह इंग्लैंड के आदिल रशीद को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे हैं। रशीद के खाते में 701 अंक हैं और अब दूसरे नंबर पर हैं। अकील ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में 13 रन देकर 2 विकेट चटाकए थे। हालांकि, वेस्टइंडीज को बांग्लादेश के हाथों 7 रन से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। टी20 गेंदबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में अर्शदीप सिंह एकमात्र भारतीय हैं। वह 657 अंकों के साथ आठवें पायदान पर हैं।



## राष्ट्रद्रोह मामले में कंगना रनौत आगरा कोर्ट में फिर नहीं हुई हाजिर, अब जनवरी की दी गई तारीख

आगरा । राष्ट्रद्रोह के वाद में सांसद कंगना रनौत अदालत में न तो खुद आईं और न ही उनकी ओर से कोई हाजिर हुआ। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख नियत कर दी है। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए ने अधिवक्ताओं के बयान दर्ज होने के बाद विपक्षी को हाजिर होने का नोटिस भेजा था। बताई गई ट्रैक रिपोर्ट के अनुसार नोटिस उनके दोनों पतों पर डिलीवर हुए थे। कंगना रनौत पर 26 अगस्त को टीवी चैनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी करने और इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाने का आरोप है।

## आरजेडी के वरिष्ठ नेता का विवादित बयान, अमित शाह को पागल मंत्री बता

पटना । आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवचंद्र राम ने केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर विवादित बयान दिया है। पटना में आरजेडी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने अमित शाह को पागल मंत्री बताया है। दरअसल राज्यसभा में गृह मंत्री ने कहा था कि अंबेडकर-अंबेडकर करना फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते, तब सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। इस बयान पर बिहार में सियासत गर्म हो चुकी है। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से देश की 90 प्रतिशत आबादी दुखी है। उनके बयान का राष्ट्रीय जनता दल घोर निंदा करती है। यह देश के गृह मंत्री नहीं, देश के पागल मंत्री हैं। जब बाबा साहेब का अपमान हो रहा था, तब सदन में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी हंस रहे थे। यह दो नेता सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं। इन्हें दलित और महादलित से कोई मतलब नहीं है। राजद नेता शिवचंद्र राम ने कहा कि शाह के बयान से पिछड़ा और अति पिछड़ा के मन में बड़ी चोट पहुंची है। बीजेपी वाले संविधान के खिलाफ हैं। संविधान पर चोट पहुंचाते हैं।

## मुंबई से एलीफेंटा जा रही नाव पलटी, 30 लोग डूबे, एक की मौत

मुंबई। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही एक नाव समुद्र में पलट गई जिससे एक यात्री की डूबने से मौत होने की खबर है। ये नाव एलीफेंटा जा रही थी और नाव पर 30-35 यात्री सवार थे। इस बीच यात्रियों का बचाव अभियान जारी है। दुर्घटनाग्रस्त नाव का नाम नीलकमल है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि हादसा दो नावों के आपस में टकराने के कारण हुआ। नौसेना की 11 नावें, 3 समुद्री पुलिस नावें और एक तटरक्षक नौका मौके पर पहुंच गई है। नावों के साथ चार हेलीकॉप्टरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने समुद्र किनारे के नागरिकों की मदद ली है। कोस्ट गार्ड से मिली जानकारी के मुताबिक 21 यात्रियों को बचा लिया गया है। इनमें से 1 यात्री को मृत घोषित कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, नौका नीलकमल उरण के करंजा के पास पलट गई। प्रारंभिक जानकारी है कि इसमें 30 से 35 यात्री सवार हैं। नौसेना, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से बचाव अभियान चल रहा है।

## बिहार के 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट, टोल फ्री नंबर जारी

पटना। बिहार में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य में 17 जिलों में शीतलहर और कोहरा का अलर्ट जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में भीषण शीतलहर का असर बिहार में देखने को मिलेगा। भीषण ठंड को देखते हुए आपदा विभाग ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुरुवार को पटना, शेखपुरा, नालंदा, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सारण, सिवान, बक्सर, वैशाली, दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, मधेपुरा, जमुई, भागलपुर और कटिहार के ज्यादातर हिस्सों में देर रात और सुबह में घना कोहरा छाया रहेगा। शीतलहर को देखते हुए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पर संपर्क करें। हेल्पलाइन नंबर -0612-2294204/205 टोल फ्री नंबर-1070 पर किसी भी तरह की आपात स्थिति की जानकारी दे सकते हैं। बता दें कि पिछले 24 घंटे में रोहतास का डेहरी सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा वाल्मीकि नगर 11.9, गोपालगंज 10, सीतामढ़ी के पुपरी 9.3, मधुबनी 10.2, सुपौल 12.8, मुजफ्फरपुर 9.6, मधेपुरा 9.3, इन सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में 0.1 से 0.6 डिग्री की गिरावट आई।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, कटरा किया बंद

कटरा। वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद किया। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। परियोजना को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और इसका विरोध किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों समेत सभी दुकानदार एकत्रित हुए। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन दिया है। श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें इसे अपनी आजीविका पर कुठाराघात बताया है। परियोजना का विरोध कर रहे लोगों का दावा है कि रोपवे कटरा के बाजार को बायपास कर देगा, जिससे तीर्थयात्रियों के आवागमन पर निर्भर हजारों दुकानदारों पर असर पड़ेगा।

# वन नेशन-वन इलेक्शन- जेपीसी में कांग्रेस और अन्य दलों के नामों की सिफारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया है। अब जेपीसी का गठन लोकसभा स्पीकर को करना है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने समिति के लिए अपने-अपने सदस्यों के नाम फाइनल कर दिए हैं।

कांग्रेस ने जेपीसी में शामिल करने के लिए जिन नेताओं के नामों को फाइनल किया है, उनमें प्रियंका गांधी का नाम भी शामिल है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने जेपीसी के लिए चार नाम सुनिश्चित किए हैं, जिनमें मनीष तिवारी जो कि अनुभवी वकील और वरिष्ठ नेता हैं। दूसरा नाम प्रियंका गांधी का है जो पार्टी की महिला नेतृत्व का चेहरा हैं। तीसरे हैं सुखदेव भगत जो आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता हैं और चौथे रणदीप सुरजेवाला का नाम है जो पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार और वकील हैं।



ये चारों नेता वन नेशन-वन इलेक्शन पर कांग्रेस का पक्ष जेपीसी के मंच पर रखेंगे।

यदि अन्य दलों के संभावित सदस्यों की बात करें तो सूत्र बता रहे हैं कि डीएमके से पी. विल्सन (मशहूर वकील), टी. सेल्वागेथी हो सकते हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव का नाम हो सकता है, जिन्होंने इससे पहले भी सपा का पक्ष रखा है। तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले हो सकते हैं।

### जेपीसी का गठन और कार्यप्रणाली

जेपीसी में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य शामिल होंगे। आमतौर पर लोकसभा के सदस्य राज्यसभा के मुकाबले दोगुने होते हैं। यह समिति प्रस्तावित बिल या मुद्दे की गहन समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करती है। जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार संशोधित बिल को संसद में पेश करती है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन की संवैधानिक चुनौती

यह प्रस्ताव एक संवैधानिक संशोधन की मांग करता है, जिसके लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी। जेपीसी का गठन इस दिशा में आम सहमति बनाने और विपक्ष के विचारों को शामिल करने की कोशिश के तहत किया गया है।

### आगे का रास्ता

जेपीसी की रिपोर्ट और चर्चा के बाद ही वन नेशन-वन इलेक्शन बिल को संसद में पेश किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि विभिन्न राजनीतिक दल इस मुद्दे पर अपनी क्या राय रखते हैं और क्या सरकार विपक्ष के साथ सहमति बना पाती है।

## पंजाब के इस्लामाबाद में जोरदार धमाका! बाल-बाल बची लोगों की जान

**- खालिस्तानी आतंकी हैप्पी के करीबी गैंगस्टर ने ली हमले की जिम्मेदारी!**

अमृतसर । अमृतसर के थाना इस्लामाबाद में रात 3-15 पर एक जबरदस्त ब्लास्ट होने के बाद पुलिस ने तत्काल थाने के गेट बंद कर लिए। ब्लास्ट में कोई घायल नहीं हुआ है, लेकिन मौके पर तनाव महसूस किया जा रहा है। खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पसिया के करीबी गैंगस्टर जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर अपनी जिम्मेदारी ली है और इस घटना के पीछे अपना नाम जोड़ रखा है। जीवन फौजी ने दावा किया है कि वह पंजाब पुलिस के अनुवाद के खिलाफ बदला चाहते हैं। पुलिस कमिश्नर ने एक वीडियो में बताया कि उन्होंने आवाज सुनी थी और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने भी चेतावनी जारी की है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमलों की संभावना है। इस घटना के पीछे का सच सामने आने के लिए आगे की जांच जारी है। लोगों में घबराहट और खौफ बन रहा है जबकि सुरक्षा बारें में ज्यादा जानकारी की मांग की जा रही है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी एनआईए ए पहले ही पंजाब पुलिस को अलर्ट कर चुकी है जिसमें एनआईए द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में साफ किया गया है कि पंजाब में पुलिस थानों पर आतंकी हमले की साजिश हो रही है और पुलिस को तर्क रहने की जरूरत है रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकी 1984 में इस्तेमाल किए गए डेड ड्रॉप मॉडल की तर्ज पर हमला करेंगे जिसे लेकर केंद्र की सुरक्षा जनसंख्या पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है और पंजाब पुलिस को भी अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई थी।

## अमित शाह के बयान पर विवाद के बाद बोलीं मायावती-दलितों के लिए बस एक ही भगवान आंबेडकर



नई दिल्ली (एजेंसी)। लखनऊ (ईएमएस)। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में भीम राव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर अब राजनीति गर्मा गयी है। अब इस विवाद पर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व सीएम मायावती ने इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस पर हमला बोला है। पूर्व सीएम मायावती ने एक्स पर लिखा-'कांग्रेस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर हैं, जिनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था।'

बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा- 'अतः कांग्रेस, बीजेपी आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा. इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव. इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम. बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बीएसपी सरकार में ही मिल पाया।' गौरतलब है कि राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर..अंबेडकर..अंबेडकर कहना। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलता। अमित शाह के इस बयान पर विपक्ष बीजेपी पर निशाना साध रहा है और अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग कर रहा है।

# पांच गांवों में बाघों की दहशत, लोगों की नींद हुई हराम... वन विभाग दिन-रात जांच में जुटा

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के करीब घूम रहा बाघ बुधवार सुबह कटौली, जमालनगर, बनिया खेड़ा, लीला खेड़ा और लक्ष्मण खेड़ा गांवों में दिखाई दिया। इससे इन गांवों में दहशत का माहौल है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने पगमार्क का निरीक्षण कर थर्मल ड्रोन कैमरे से काफी देर निगरानी की, लेकिन बाघ दिखाई नहीं दिया। इसके पहले एक बाग में नीलगाय के बच्चे का शिकार भी किया था। फिलहाल अफसरों का अनुमान है कि बाघ सीतापुर से जंगल के रास्ते लखनऊ में दाखिल हुआ है।

वन विभाग की टीम दोपहर में जमालनगर भी पहुंची और लोगों को जागरूक किया। जमालनगर गांव निवासी ने बताया कि सुबह करीब 7-30 बजे खेतों की तरफ बाघ आया नजर आया। वहीं डीएफओ सितांशु पांडे ने बताया कि काकोरी के गुरदीनखेड़ा, गोहरामऊ और करझन में बाघ के पगमार्क मिले थे। इस तरह केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के 10 किमी के दायरे वाले गांवों में ही बाघ के पगमार्क मिले हैं। उस रेस्क्यू करने के लिए 12 ट्रैप कैमरे और दो पिंजरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पगमार्क 13×14 सेमी के हैं। इससे माना जा रहा है कि बाघ वयस्क है। उसकी उम्र तीन साल से अधिक है।

डीएफओ पांडेय ने बताया कि अभी बाघ को ट्रैप करने की कोशिशें जारी हैं। विभाग की टीमें दिन-रात निगरानी कर रही हैं। फिलहाल बाघ को पिंजरे में ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है। ट्रैंकुलाइजर को आखिरी विकल्प के तौर पर रखा गया है। लखनऊ जू के पूर्व निदेशक आरके सिंह ने बताया कि आमतौर वयस्क होने के बाद बाघ को कुनबे से अलग किया जाता है। इसके बाद वे अपना नया इलाका बनाने के लिए निकलते हैं, लेकिन रास्ते की समझ न होने के कारण कई बार भटक जाते हैं। अमूमन सीतापुर, पीलीभीत और लखीमपुर से बाघ लखनऊ आते हैं। बाघ के लिए गोमती किनारे-किनारे लखनऊ आना भी आसान होता है। बाकी जिलों में रेस्क्यू किए गए बाघ आमतौर पर पीलीभीत के जंगल से भटके थे। बाघ का मूवमेंट रात में होता है। ये दिन में छिपकर रहते हैं और आसपास के इलाके में एडजस्ट कर लेते हैं। थोड़ा सा भी खतरा महसूस होने पर घंटों बिना आवाज किए छिपे रहते हैं। इनके पंजे गद्दीदार होते हैं। ऐसे में चलने पर आवाज भी नहीं होती। वहीं रहमानखेड़ा में दिखे बाघ ने अभी तक किसी मवेशी का शिकार नहीं किया है। वह जंगली जानवर का ही शिकार कर रहा है। नीलगाय मारकर खाने के बाद वह कई दिन आराम से छिपकर रह सकता है। इस कारण भी वह ट्रेस नहीं हो पा रहा। इंसानी बस्ती में बाघ के आदमखोर होने की आशंका ज्यादा रहती है, लेकिन हर बाघ के आदमखोर होने की बात सही नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जिस बाघ में ज्यादा उम्र के कारण शिकार करने की ताकत नहीं होती या जो शारीरिक रूप से कमजोर या बीमार हो, वे आदमखोर बनते हैं।

## बच्चों का रंग रूप बदलकर निःसंतान दंपत्ति को बेचने वाला गिरोह धराया

*** देश भर में मानव तस्करी से जुड़ा है ये गिरोह**

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो छोटे बच्चों को चुराकर और कृत्रिम रूप से उनका रंग-रूप बदलकर उन्हें जरूरतमन्दों को बेच देता था. मुंबई की माटुंगा पुलिस के जाँच में ये खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने तीन लड़कियों और दो लड़कों को 3.8 लाख रुपये में बेचा था. यह गिरोह बच्चों के रंग और चेहरे-मोहरे के आधार पर पैसे तय करता था। बाद में इन बच्चों को जरूरतमंदों को बेच दिया जाता था। बच्चों को अधिक सुंदर, गोरा और बड़ा दिखाने के लिए विभिन्न प्रकार के बेबी हार्मोन का उपयोग किया जाता था। पुलिस के मुताबिक गिरोह में नौ महिलाओं के साथ दस अन्य आरोपी शामिल हैं. नौ महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. यह बात सामने आई है कि ये नौ महिलाएं और दस अन्य देश भर में मानव तस्करी से जुड़े हुए हैं. ये लोग मानव तस्करी गिरोह के लिए काम करते हैं. इसके अलावा यह गिरोह ऐसे लोगों को भी ढूंढता है जो निःसंतान हों। ऐसे लोग तलाश कर इन चुराए गए बच्चों को ऊंची कीमत पर बेच देते हैं. इसके अलावा, गिरोह पीड़ितों को वेश्यावृत्ति, भीख मांगने और अन्य शोषणकारी गतिविधियों के लिए मजबूर करता है। लड़कियों को समय से पहले बड़ा किया जाता है, हार्मोन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं और फिर बेच दिया जाता है। अब इस पूरे मामले में पुलिस को इन आरोपियों से मानव तस्करी के शिकार लड़के, लड़कियों, किशोरों और कुछ वयस्कों की सूची मिली है और सूची के अनुसार जांच चल रही है. वहीं पुलिस ने कर्नाटक से अपहृत बच्चे को छुड़ा लिया है और 10 लोगों को हिरासत में लिया है. बताया गया है कि माटुंगा पुलिस को दादर के तिलक ब्रिज के नीचे फुटपाथ पर रहने वाली एक महिला की एक महीने की बेटी को 1 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। जांच करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि महिला के पति को पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार किया था. उसकी जमानत के लिए एक लाख रुपये की जरूरत थी. पैसे नहीं होने पर महिला ने अपनी बेटी को बेच दिया। इस जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि पूरे गिरोह का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है.

# एमवीए की हार के बाद सपा का ऐलान, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेंगे

*** महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी का दावा- अखिलेश से हो चुकी बात**



नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने दावा किया कि बीएमसी चुनाव सपा अकेले ही लड़ेगी। महाविकास अघाड़ी से पूरी तरह से किनारा करने पर अबू आजमी ने कहा कि हम सेक्युलर लोग हैं। बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया, ऐसा करने वाले लोगों को कोर्ट अपराधी मानता है, वहीं कुछ लोग कहेंगे कि हम उनको बधाई देना चाहते हैं। यह संविधान के खिलाफ है और ऐसे लोगों के साथ समाजवादी पार्टी नहीं रह सकती है। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से इस पर बात हो गई। बीएमसी का चुनाव सपा अकेली लड़ेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठ रहे मुद्दे को लेकर अबू आजमी ने कहा कि हमने बस ड्राइवरों का मुद्दा उठाया। कुर्ला में एक बस एक्सीडेंट में 8 की मौत हो गई और 43 लोग घायल हुए थे। पता चला कि ड्राइवर एक्सपर्ट नहीं था और उसकी ट्रेनिंग सही तरीके से नहीं हुई थी। वहीं मानखुर्द शिवाजी नगर में हुए एक एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दिखाया कि बस रोकर शराब खरीदी जा रही है। कई लोगों ने दिखाया कि बस की सीट के नीचे शराब की बोतल रखी है। ऐसे में यह लापरवाही है और लोगों की जान जा रही है। हमारी मांग है कि जो कंपनी ड्राइवर को ट्रेनिंग दे रही है, उसको ब्लैकलिस्ट किहया जाए और हत्या का मुकदमा चलाया जाए।

महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एनसीपी के वरिष्ठ नेता शरद पवार की नाराजगी के सवाल पर अबू आजमी ने कहा कि अजित पवार महायुति का हिस्सा हैं। वह उपमुख्यमंत्री हैं, लेकिन कहीं दिख नहीं रहे हैं। मंत्रियों की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री का होता है। उन्हें अच्छे से पता होगा कि उनके लिया क्या बेहतर है। मेरा कहना है कि जो भी आएं, वह समाज के सभी लोगों के साथ इंसाफ करें, जैसी शपथ उन्होंने ली है।

# निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का आरोप, विभाजनकारी राजनीति करती है भाजपा

पटना (एजेंसी)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भाजपा पर मुद्दों के राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाकर कहा कि यह लोग कब्रिस्तान, शमशान, ईद, जिन्ना और पाकिस्तान जैसे मुद्दों को लेकर राजनीतिक लाभ अर्जित करने जुटे हैं।



उन्होंने कहा, देश में हर चुनाव के वक्त यह मुद्दे फिर से उठाए जाते हैं, ताकि लोगों के बीच नफरत फैला सके और एक विभाजन हो, ताकि वोट बैंक की राजनीति हो सके। उन्होंने कहा, आप देखिए, बीजेपी के नेता हरियाणा जाते हैं, तब जाट को, पंजाब जाते हैं, तब सिख को, महाराष्ट्र जाते हैं, तब मराठी को, यूपी और बिहार जाते हैं, तब यादव को, इन सभी को यह अपने हिसाब से ढालने की कोशिश करते हैं। हर राज्य में अलग-अलग मुद्दे खड़े किए जाते हैं, ताकि हर जगह धर्म और जाति के नाम पर चुनावी फायदे की राजनीति हो। यह जो काम है, यह किसी भी देश या समाज में स्थिरता नहीं ला सकता है, बल्कि यह समाज को और अधिक विभाजित करता है।'

उन्होंने कहा, अगर आप अमेरिका, जर्मनी, जापान जैसे देशों में जाते हैं, तब वहां पर किसी भी धर्म पर विवाद नहीं होता। वहां विकास, शिक्षा, रोजगार पर चर्चा होती है। लेकिन, यहां पर हमारे नेताओं का ध्यान केवल धर्म, जाति और नफरत फैलाने पर है। उन्होंने कहा, जब बात आती है आरक्षण की, तब मैं यह कहना चाहता हूं कि जो 67 फीसदी आरक्षण की बात हो रही है, वह पूरी तरह से सही है। हम यह नहीं कह रहे कि मुसलमानों को आरक्षण चाहिए, बल्कि हम यह कह रहे हैं कि दलितों, आदिवासियों, और अन्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों को सम्मान देना चाहिए।'

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि किसानों का मुद्दा, बेरोजगारी का मुद्दा, यह सब छुपा दिया जाता है। चुनावी समय में सिर्फ इसतरह के मुद्दे उठाए जाते हैं जो समाज में घृणा फैलाते हैं। असल मुद्दों पर कभी बात नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷चुनाव आयोग की भूमिका भी हमेशा संदिग्ध रही है। जब चुनाव आयोग को शक्ति देने की बात होती है, तब उसका दुरुपयोग हो सकता है।

# 9वीं क्लास के छात्रों का पसंदीदा विषय बना एआई, सीबीएसई स्कूलों में हो रहा बहुत लोकप्रिय

नई दिल्ली (एजेंसी)। आधुनिक एजुकेशन में एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। अब 9वीं क्लास के छात्र आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को एक लोकप्रिय और पसंदीदा विषय के रूप में अपना रहे हैं। मोदी सरकार ने एआई वर्चुअल रियालिटी (वीआर) और मिक्स्ड रियलिटी (एमआर) जैसी उभरती तकनीकों को स्किल इंडिया इकोसिस्टम में शामिल किया है, ताकि छात्रों को बेहतर करियर के मौके मिल सकें। ये नई तकनीकें अब छात्रों के कौशल को निखारने और भविष्य की चुनौतीपूर्ण दुनिया के लिए उन्हें तैयार करने में मदद कर रही हैं।

2019 में सीबीएसई ने अपने स्कूलों में एआई विषय की शुरुआत की थी और अब ये विषय स्कूलों में बेहद लोकप्रिय होता जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 सत्र में 4538 स्कूलों के 7,90,999 छात्रों ने 9वीं-10वीं में एआई को विकल्प के रूप में चुना है। इसके अलावा 944 स्कूलों के 50,343 छात्रों ने सीनियर सेकंडरी लेवल पर एआई को विषय के रूप में चुना है।स्कूलों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) कोर्स की डिमांड बढ़ रही है। कई छात्र एआई और एमएल में स्पेशलाइजेशन के बाद बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) जैसे कोर्स कर रहे हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी ने 11वीं क्लास की कंप्यूटर साइंस की किताबों में एआई और एमएल को शामिल किया है जिससे छात्रों को इन तकनीकों के बारे में गहरी समझ मिल रही है।

### यूनिवर्सिटी स्तर पर उभरती तकनीकों का विकल्प

यूनिवर्सिटी स्तर पर भी एआई, एमएल, 3डी मशीनिंग, बिग डेटा एनालिसिस और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते हुए कोर्सेज की बहुत डिमांड है। ये कोर्स छात्र को नई तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें आने वाले समय में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करते हैं। सीबीएसई से जुड़े करीब 30,373 स्कूलों में से 29,719 स्कूलों में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार है जो 98 प्रतिशत स्कूलों के बराबर है। इसका मतलब है कि सीबीएसई के अधिकांश स्कूलों में छात्रों को एआई और एमएल जैसे तकनीकी विषयों को सीखने के लिए जरूरी उपकरण और संसाधन उपलब्ध हैं।

एआई और एमएल जैसे तकनीकी कोर्सेज की बढ़ती मांग के कारण इनकोर्सेज में छात्रों की रुचि लगातार बढ़ रही है। साथ ही एमआर (मिक्स्ड रियलिटी) एक उभरती हुई तकनीक है जो वीआर (वर्चुअल रियलिटी) और एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) का संयोजन करके एक नया अनुभव प्रदान करती है। इसमें वास्तविक दुनिया की जानकारी को डिजिटल जानकारी के साथ मिलाकर छात्रों को नई तकनीकी दुनिया का अनुभव कराया जाता है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**